वर्ष 73 अंक 123 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 31 जनवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कदम छोटे हों या बड़े, कभी रुकना नहीं चाहिए। क्योंकि मंजिल पाने के लिए चलते रहना बहुत जरूरी है।
-अज्ञात

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ, जेएनएन।** लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट व 6 क्रू मेंबर सवार हैं।

### इंदौरः नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने दी जान

**जागरण, इंदौर।** नीट की तैयारी कर रहे 20 साल के एक छात्र ने इंदौर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र अपने किराये के कमरे से पूरे दिन बाहर नहीं निकला, जिसके बाद मकान मालिक ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान योगेश डाबर के रूप में हुई है, जो खंडवा नाका क्षेत्र में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। योगेश की खुदकुशी की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मोबाइल फोन जब्त किया है। मोबाइल लॉक होने से फिलहाल कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों को लेकर हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतक के पिता मूलचंद डाबर ने बताया कि वे मूल रूप से बड़वानी जिले के रहने वाले हैं और बिजली कंपनी में कार्यरत हैं।

**बेंगलुरुः** कथित तौर पर बार-बार आयकर छापे से तनाव में थे डॉ. रॉय

# आईटी रेड के बीच कारोबारी ने गोली मारकर की खुदकुशी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** रियल एस्टेट और कंज्यूमर/कॉनग्लोमेरेट सेक्टर से जुड़े कॉन्फिडेंट ग्रुप के चेयरमैन डॉ. रॉय चिरियानकंदथ जोसेफ (सीजे रॉय) ने बेंगलुरु में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बेंगलुरु के अनेपल्या इलाके में उनके घर पर स्थिति ऑफिस में हुई। बताया जा रहा है कि लगातार आयकर विभाग की कार्रवाई से रॉय काफी परेशान थे, जब आयकर अधिकारी रिचमंड रोड स्थित कॉन्फिडेंट ग्रुप के ऑफिस में रेड कर रहे थे, तभी रॉय ने अनेपल्या स्थित अपने घर में कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। पुलिस सूत्रों ने पहले बताया था कि उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में आई खबरों के अनुसार, चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

आयकर विभाग को डॉ. रॉय से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के दौरान कमाई के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के सबूत मिले थे। डॉ. राय एक प्रमुख भारतीय उद्यमी थे, जिनके व्यावसायिक हित कई देशों में रियल एस्टेट, आतिथ्य, विमानन और मनोरंजन क्षेत्रों में फैले हुए थे।

डा. रॉय ने कर्नाटक व केरल के लिए स्लोवाक गणराज्य के मानद वाणिज्य प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य किया और विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक पहलों में शामिल रहे।

## 2005 में हुई थी कॉन्फिडेंट ग्रुप की स्थापना, विदेशों में भी कारोबार



कॉन्फिडेंट ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. सीजे रॉय एक अरबपति उद्यमी थे, जिनका कारोबार भारत, यूएई और अमेरिका में फैला हुआ था। रॉय ने रियल एस्टेट और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में एक विशाल साम्राजय खड़ा किया था। उनकी कुल संपत्ति का अनुमान व्यापक रूप से 1 अरब डॉलर से अधिक लगाया जाता था। उन्होंने कॉन्फिडेंट ग्रुप की स्थापना वर्ष 2005 में की थी। यह समूह रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में एक जाना-माना नाम है, जिसके तहत रिहायशी अपार्टमेंट, विला, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और मिक्स्ड-यूज प्रोजेक्ट्स विकसित किए गए हैं। बीते दो दशकों में कंपनी ने कर्नाटक समेत देश के अन्य हिस्सों में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। डॉ. रॉय को एक सक्रिय और काबिल कारोबारी के रूप में जाना जाता था, जिन्होंने कंपनी की ग्रोथ रणनीति और संचालन में अहम भूमिका निभाई। डॉ. रॉय के निधन की खबर फैलते ही कर्मचारियों, कारोबारी सहयोगियों और रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। कई उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें मेहनती, अवसरों को पहचानने वाले और अनुशासित व्यवसायी के रूप में याद किया। कंपनी के दफ्तरों में कर्मचारी गमगीन नजर आए।

## रॉय के बेड़े में दर्जनभर से ज्यादा रोल्स-रॉयस कारें

सीजे रॉय अपनी खर्चीली जीवनशैली के लिए भी जाने जाते थे। उन्हें लग्जरी कारों का बहुत शौक था और खबरों के मुताबिक उनके पास एक दर्जन से अधिक रोल्स-रॉयस कारों के साथ-साथ बेंटले, मर्सिडीज-बेंज, लेम्बोर्गिनी और बुगाटी वेरॉन भी थीं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि उनके पास एक गल्फस्ट्रीम जी650 प्राइवेट जेट, मुंबई, दुबई और लॉस एंजिल्स में आलीशान घर और अंतरराष्ट्रीय और भारतीय कलाकारों की कलाकृतियों का एक संग्रह था। उनके संग्रह में शामिल प्रत्येक लग्जरी वाहन की कीमत 10-11 करोड़ रुपये बताई जाती थी, हालांकि सटीक मूल्य कभी सार्वजनिक नहीं किए गए।



## खुदकुशी के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि क्या यह घटना चल रहे इनकम टैक्स छापे के दौरान हुई थी। घटना के बाद रॉय के स्टाफ ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, रॉय के परिवार के कई बिजनेस हैं, और उन पर कई मामले चल रहे थे। आत्महत्या का सही कारण अभी भी जांच के दायरे में है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और आगे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि आयकर विभाग के बार-बार छापे के बाद रॉय ने यह कदम उठाया होगा। आईटी अधिकारियों ने शुक्रवार को बेंगलुरु में उनकी प्रॉपर्टी पर भी छापे मारे थे। फिलहाल पुलिस मामले में सभी पहलुओं से जांच कर रही है। आत्महत्या के पीछे की परिस्थितियों, किसी सुसाइड नोट की मौजूदगी और आयकर विभाग की कार्रवाई से जुड़े तथ्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

## ऑफिस आए थे रॉय : पुलिस

कॉन्फिडेंट ग्रुप देश की जानी-मानी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। पुलिस ने बताया कि आईटी अधिकारी दो गाड़ियों में आए और रॉय के ऑफिस पर छापा मारा। रॉय, दोपहर में ऑफिस आए थे, उन्होंने अपनी छाती में गोली मार ली। पुलिस ने बताया कि उनसे आईटी अधिकारियों ने एक घंटे तक पूछताछ की थी। पुलिस ने बताया कि रॉय ने पिस्तौल से खुद पर गोली चलाई।

# संविदा नीति का प्रदेश के निगम-मंडलों में भी होगा पालनः सीएम

### 10 साल तक सेवाएं देने 50 प्रतिशत कर्मियों को किया जा रहा नियमित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार राज्य के संविदा कर्मियों का नियमित पदों पर संविलियन करने की दिशा में काम करेगी। इसी तरह संविदा नीति-2023 का केंद्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरशः क्रियान्वयन किया जाएगा। राज्य शासन के निगम मंडल भी इसे लागू करेंगे। यह बातें शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविदा कर्मी-अधिकारी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि संविदाकर्मी राज्य सरकार का कार्यबल ही नहीं, हमारा आत्मबल भी हैं।



राजधानी के टीटी नगर दशहरा मैदान में भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ.यादव ने कहा कि राज्य में ऐसे संविदा कर्मी जिन्होंने अपनी सेवाओं के 10 साल पूरे कर लिए है,उन्हें नियमित पदों पर संविलियन करने का काम शुरू कर दिया गया है,अभी ऐसे 50 प्रतिशत पद भरे जा रहे है। इस दिशा में आगे और काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की संविदा नीति -2023 की सभी कंडिकाओं का केन्द्र और राज्य पोषित परियोजनाओं में अक्षरशः पालन किया जाएगा। इतना ही नहीं राज्य शासन के निगम मंडलों में भी ये नियम लागू होंगे। सीएम ने कहा कि संविदाकर्मी अनुबंध से अवश्य आते हैं, किन्तु व्यवस्थाओं के प्रबंधन में विराट भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं हों या शिक्षा, पंचायत, नगरीय निकाय या तकनीकी सेवाएं मैदानी स्तर पर सर्वे, मॉनीटरिंग और क्रियान्वयन में संविदा भाई-बहन हर जगह व्यवस्था के भरोसेमंद स्तंभ बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार संविदा कर्मियों के अधिकारों के लिए सदैव सकारात्मक भाव के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के सेवा सुधार, पारिश्रमिक सुधार, कार्य परिस्थिति और भविष्य के सुधारों पर पहले भी सकारात्मक निर्णय लिए गए हैं, भविष्य में भी उनका पूरा ध्यान रखा जाएगा। हमारी सरकार संविदा कर्मियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी मुद्दों का समाधान निकालेगी। नियम, न्याय और वित्तीय संतुलन के दायरे में रहते हुए संविदाकर्मियों की कठिनाइयों का हल निकाला जाएगा।

### सभी संविदा कर्मियों को एनपीएस और ग्रेच्युटी का भी मिलेगा लाभ


डॉ. यादव ने कहा कि संविदा नीति-2023 के अंतर्गत सभी विभागों में संविदा कर्मियों के लिए एनपीएस, ग्रेज्युटी, स्वास्थ्य बीमा लाभ, अनुकंपा नियुक्ति के लिए केंद्र पोषित-राज्य पोषित समस्त योजनाओं-परियोजनाओं में एक साथ क्रियान्वयन तथा संविदा कर्मियों के लिए प्रावधान सीसीए रूल 1965, 1966 को पूर्णतः लागू करने के संबंध में नीतिगत निर्णय कराया जाएगा। इसी तरह अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति विभिन्न विभागों, योजना, परियोजना में पदस्थ संविदा कर्मचारियों की विसंगतिपूर्ण समकक्षता के निर्धारण के लिए अभ्यावेदनों का निराकरण, संविदा के प्रतिनिधियों को शामिल कर करेगी।

## मंत्री देव से भिड़े भाजपा विधायक ब्रजभूषण

**महोबा, जेएनएन।** उप्र के महोबा जिले में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कार्यक्रम के दौरान उस समय भारी बवाल हो गया, जब भाजपा विधायक ब्रजभूषण राजपूत और समर्थक जलापूर्ति की समस्या को लेकर उग्र हो गए। चरखारी विधायक कई गांवों में पानी न पहुंचने और पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से लंबे समय से नाराज थे। जब मंत्री स्वतंत्र देव सिंह महोबा पहुंचे, तो विधायक, उनके समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान मंत्री और विधायक के समर्थकों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की हुई, जिससे मौके पर जमकर नारेबाजी हुई। विवाद बढ़ता देख मंत्री स्वतंत्र देव विधायक को लेकर खुद डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां सभी ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की गई। विधायक का आरोप है कि गांवों में पानी की भीषण किल्लत है और सड़कों की बदहाली से जनता त्रस्त है। हाई-प्रोफाइल विवाद ने प्रशासनिक, राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है।





# मुख्यमंत्री आज करेंगे भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण



## 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत के चार निर्माण कार्यों का भी करेंगे लोकार्पण

जागरण, रीवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समारोह में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे। गुढ़ के समीप ग्राम खामडीह में भैरव बाबा की विशाल प्राचीन प्रतिमा है। यह प्रतिमा दुर्लभ शयन मुद्रा में है। स्थापत्य की दृष्टि से इसका निर्माण लगभग 10वीं शताब्दी में किया गया। प्रतिमा वर्षों से खुले आसमान के नीचे थी। इसमें शासन की एलएडी योजना के तहत प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार तथा अन्य निर्माण कार्य कराए गए हैं। विशाल भैरव बाबा प्रतिमा के चारों ओर दो मंजिला मंदिर का निर्माण कार्य किया गया है। इसकी लागत 180 लाख रुपए है। यह मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र है। मेजबान विधायक नागेंद्र सिंह ने विंध्यवासियों से पहुंचने की अपील की है।

समारोह भैरवनाथ मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंदिर पहुंचकर भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे तथा मंदिर में ध्वज चढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। समारोह की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष जिला पंचायत नीता कोल तथा पूर्व महापौर एवं भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता शामिल होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत के चार निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे।

### मुख्यमंत्री 17.13 करोड़ के निर्माण कार्यों का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 जनवरी को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री मंदिर के समीप आयोजित जनसभा में 17 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत के चार निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश गृह निर्माण अधोसंरचना मद से भैरव मंदिर निर्माण लागत एक करोड़ 80 लाख रुपए तथा सामुदायिक भवन, प्रवेश द्वार, बाउन्ड्रीवॉल, पाथवे एवं अन्य निर्माण कार्य लागत 39 लाख रुपए का लोकार्पण करेंगे। समारोह में रायपुर कर्चुलियान में 2.99 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए विश्राम गृह और दो आवास गृहों का भी लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा 4.35 करोड़ रुपए की लागत से टीकर-सुपिया मार्ग तथा औद्योगिक विकास निगम द्वारा 7.60 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए औद्योगिक क्षेत्र गुढ़ के दूसरे चरण का लोकार्पण करेंगे। इन कार्यों से गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

### कल्चुरि शासन काल की अद्भुत धरोहर भैरवनाथ

रीवा शहर से लगभग 27 किलोमीटर दूर गुढ़ कस्बे के निकट कैमोर पर्वत पर तरासी गई भैरवनाथ की विशाल मूर्ति अपने कलाकृति एवं विशालता के कारण अद्वितीय है। कल्चुरि शासन काल ई.500 से ई.1700 तक रहा। इस कालखण्ड के कल्चुरि नरेशों का जो इतिहास में मिलता है उसमें कल्चुरि नरेशों कोकल्य देव प्रथम के पश्चात जिन त्रिपुरी कल्चुरि नरेशों के संबंध में अधिक जानकारी मिलती है, वह है युवराज देव प्रथम। इनका शासन काल 900 ईस्वी में रहा। देव प्रथम ने अपना विवाह चालुक्य नरेश अवनी वर्मा की पुत्री राजकुमारी नोहल्ला से किया जो शिव-विष्णु एवं देवी की बड़ी भक्त थीं। अपने महारानी के प्रभाव से महाराज ने मध्य भारत के मत्तेय मयूर मठ के प्रभा शिव नमक सेवाचार्य को अपने राज्य में आमंत्रित किया और उनके आने पर आचार्य के लिए वर्तमान रीवा शहर के पास गोरगी नामक स्थान पर जहां उनका गुर्गी दुर्ग था, वहां विशाल मठ एवं शिवालय का निर्माण कराया तथा वहां रहने वाले आचार्य के योग क्षेम के लिए आसपास के बहुत से गांव दान में दिए थे। मध्य भारत से आए हुए प्रभा शिव आचार्य भैरव के ही आनन्य उपासक थे। महारानी भी शिव विष्णु एवं देवी उपासक थीं अतः आचार्य एवं महारानी के प्रभाव से महाराज युवराज देव प्रथम ने गोरगी दुर्ग से थोड़ी दूर पर कैमोर पर्वत की एक शिला पर भैरवनाथ की विशाल मूर्ति का निर्माण कराया जो अपनी विशालता एवं कलाकृति में अद्वितीय थी। उस स्थान का कल्चुरि नरेशों के शासनकाल में बड़ा सम्मान था। 12वीं शताब्दी में रतनपुर के कल्चुरि नरेश महाराज सोमदत्त ने अपनी पुत्री राजकुमारी पद्मा का विवाह महाराज व्याघ्रदेव के पुत्र युवराज कर्ण देव के साथ किया एवं अपनी पुत्री के विवाह में दहेज स्वरूप मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से लेकर प्रयागराज की गंगा तट तक का एक विशाल भूभाग दे दिया जिसमें बांधवगढ़ का किला चंद्रेह का शिवालय गोरगी दुर्ग 'विशाल मठ' शिवालय एवं भैरवनाथ जैसी अद्भुत धरोहर महाराज व्याघ्र देव को दहेज में प्राप्त हुई तथा महाराज भी अपनी राजधानी बांधवगढ़ बना ली एवं वांधवेश की पदवी से विभूषित हुए उस कल में भी भैरवनाथ का बड़ा महत्व था महाराज व्याघ्र देव के वंशज महाराजाओं द्वारा समय-समय पर अपनी कामनाओं की पूर्ति हेतु भैरवनाथ में यज्ञ आदि आयोजन कर अपने कामनाओं की पूर्ति की कामना करते थे। कालान्तर में उक्त स्थल का देखरेख के अभाव में वीरान होता चला गया। आजादी के बाद भी यह स्थान वीरान ही पड़ा रहा। सन् 1985 में नागेंद्र सिंह की प्रथम बार विधायक चुने गए एवं उनकी पारखी दृष्टि भैरवनाथ पर पड़ी और वे इस स्थान के संरक्षण संवर्धन के लिए सतत प्रयास करते रहे। समय गतिमान है, भैरवनाथ की जानकारी विंध्य शिल्पी राजेंद्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री तक पहुंची, उन्होंने इस स्थल की महत्वा को जाना परखा। उनकी दूर दृष्टि और उदारता का परिणाम है कि भैरवनाथ एक ऐतिहासिक स्थल ही नहीं बल्कि भैरवनाथ लोक के रूप में स्थापित हो गया। आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भैरवनाथ लोक का लोकार्पण करेंगे। भैरवनाथ के वैभव को पुनः स्थापित करने का भागीरथ प्रयास राजेंद्र शुक्ला उप मुख्यमंत्री एवं विधायक नागेंद्र सिंह ने किया है, अतः पूरा विंध्य इनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करता है।

**लाल बहादुर सिंह**
**संयोजक संग्राम तीर्थ रीवा**


शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433


## दिव्य रथ यात्रा का हुआ स्वागत



रीवा। श्री सत्य साईं बाबा जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बीते 7 जुलाई 2024 को शांति वन भोपाल से प्रारंभ की गई यात्रा शुक्रवार को रीवा होते हुए ग्राम अमिलिकी पहुंची। जहां श्री सत्य साईं सेवा समिति अमिलिकी द्वारा स्वागत किया गया। इसमें मुख्य रूप से समिति के सदस्य नागेन्द्र मिश्रा, बबिता मिश्रा, बृजेश मिश्रा(विक्की)सहित आधा सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।

## नगर निगम कार्यालय में मनाई गई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



जागरण, रीवा। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं विश्व कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने एवं कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नहीं करने की शपथ दिलाई गई। उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर नमन किया। इस दौरान सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, शीतल भलावी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस का आह्वान, सम्प्रदायवादी ताकतों से रहें सतर्क

### शहीद दिवस महात्मा गांधी को किया याद



जागरण, रीवा। जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय मे जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री शर्मा व सभी कांग्रेस जनों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कांग्रेस नेत्री प्रभा सोहगौरा एवं उनके महिला साथियों के द्वारा बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम के गायन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. शर्मा ने कहा कि गांधी जी एक आदर्श विचारधारा थे, आज न केवल हमारा देश वरन् विश्व के 100 से अधिक देशों के चौराहों पर राष्ट्रपिता की मूर्तिया स्थापित की गयी हैं। यही नहीं, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष 02 अक्टूबर को विश्व अंहिसा दिवस मनाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है और 02 अक्टूबर को विश्व मे गांधी जी की जयंती को अंहिसा दिवस के रूप मे मनाया जाता है। उन्होंने सभी कांग्रेस जनों से देश मे फैल रही सम्प्रदायवादी ताकतों से सतर्क रहने और उनका डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि राष्ट्रपिता के आदर्शो एवं सिद्धांतो पर चलकर राष्ट्र को मजबूत बनाने का संकल्प लेकर, कार्य करें यही राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संगोष्ठी का संचालन सत्यनारायण तिवारी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन चिरहुला ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा ने किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### कांग्रेस चलाएगी प्रतिभा खोज अभियान

रीवा। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं महामंत्री संगठन डॉ संजय कामले के मार्गदर्शन मे संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से प्रतिभा खोज अभियान की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के अंतर्गत ऐसे कांग्रेस विचारधारा से जुड़े समर्पित साथियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जो चुनावी प्रक्रिया से इतर रहकर संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के इच्छुक हैं तथा जिला अथवा प्रदेश स्तर पर संगठन को समय दे सकते हैं। इसके साथ ही साहित्यिक एवं रचनात्मक विधाओं से जुड़े प्रतिभाशाली कलावंत जो गीत गाते हों, वाद्य यंत्र बजाते हों, विभिन्न विषयों पर लेखन करते हों, कविता, शायरी, नारे तैयार करते हों या कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करते हों, उन्हे कांग्रेस संगठन के साथ जुड़कर कार्य करने के लिए आमंत्रित किया गया है। सभी आयु वर्ग के योग एवं उत्साही साथी अपने व्यक्तिगत विवरण के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में महेन्द्र जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित सेन, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रभारी के समक्ष अपना आवेदन 5 फरवरी तक अनिवार्य रूप से भेज दें। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू द्वारा संयुक्त विज्ञप्ति मे जारी की गयी है।

## निजी प्रतिष्ठानों में ताला जड़ रहे, सरकारी सस्थानों को कर रहे नजरंदाज

# 74 शासकीय कार्यालयों पर 7.27 करोड़ रुपये से अधिक सेवा प्रभार बकाया

### नगर निगम को सरकारी कार्यालय ही नहीं दे रहे सेवा प्रभार

### अब तक केवल 10 कार्यालयों ने ही जमा कराये 76,45,551.00 रुपये

### नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा ने जमा कराये सर्वाधिक 2477603 रुपये



जागरण, रीवा। नगर निगम द्वारा बकाया संपत्तिकर की वसूली के लिए निजी भवनों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी एवं कुर्की का अभियान चलाया जा रहा है लेकिन सरकारी कार्यालयों पर 7.27 करोड़ रुपये से अधिक का सेवा प्रभार बकाया है। इनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। नगर निगम द्वारा सेवा प्रभार जमा कराने की नोटिस जारी होने के बाद कुछ सरकारी कार्यालयों द्वारा सेवा प्रभार की राशि तो जमा करा दी गई है लेकिन अधिकांश कार्यालयों द्वारा सेवा प्रभार की राशि पिछले कई सालों से नहीं जमा कराई गई है। यदि यह राशि नगर निगम को मिल जाय तो नगर निगम के कई बड़े रुके हुए प्रोजेक्ट प्रारंभ हो सकते हैं। नगर निगम के राजस्व अधिकारियों द्वारा इनसे सेवा प्रभार की वसूली के लिए लगातार पत्राचार किया जाता है लेकिन के वसूली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब तक कोशिशों के बाद सिर्फ सरकारी 10 विभागों से मात्र 76,45,551.00 रुपये ही जमा कराये गये हैं। वहीं 74 शासकीय कार्यालयों पर नगर निगम की 7,27,73,417.00 रुपये सेवा प्रभार की राशि बकाया है।

नगर निगम द्वारा सरकारी कार्यालयों से अभी तक सेवा प्रभार की राशि वसूली के लिए कोई विशेष प्रयास ही नहीं किये गये हैं। सूत्रों ने बताया कि नगर निगम की राजस्व शाखा की टीम द्वारा समय-समय पर सेवा प्रभार जमा करने के लिए नोटिस जारी की जाती है लेकिन अधिकांश विभाग के अधिकारी सेवा प्रभार जमा करने के प्रति कतई गंभीर नहीं हैं। जबकि नगर निगम द्वारा मुहैया कराई जा रही सुविधाओं का भरपूर उपायोग करते हैं और सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर इसकी शिकायत भी करते हैं लेकिन जब नगर निगम द्वारा सेवा प्रभार की नोटिस दी जाती है तो उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

**सरकारी कार्यालयों में भी हो तालाबंदी कार्यवाही :** सरकारी कार्यालयों से सेवा प्रभार की राशि वसूली के लिए भी तालाबंदी या कुर्की की कार्यवाही करनी होगी। कई कार्यालयों द्वारा पिछले कई सालों से सेवा प्रभार नहीं जमा कराया गया है। नगर निगम द्वारा शहर के विकास के लिए सरकारी कार्यालयों में भी संपत्तिकर के बकायादारों की तरह सेवा प्रभार की राशि जमा कराने का दवाब बनाने के लिए कुर्की या तालाबंदी का नोटिस जारी किया जाना चाहिए। सरकारी विभागों एवं अधिकारियों की लापरवाही के कारण नगर निगम को सेवा प्रभार की राशि नहीं मिल पा रही है। लोगों का कहना है कि सरकारी अधिकारी भी अन्य बकायादारों की तरह तालाबंदी से बचने के लिए सेवा प्रभार जमा कराने के लिए विवश होंगे।

### सेवा प्रभार जमा राशि की सूची (2025-2026)

| कार्यालय/विभाग का नाम | जमा राशि (रुपये) |
|---|---|
| मृगनयनी एम्पोरियम रीवा | 28000.00 |
| मत्स्योद्योग विभाग रीवा | 190476.00 |
| आई.टी. पार्क रीवा | 680465.00 |
| पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय रीवा | 571384.00 |
| कंपनी कमाण्डर, पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पम्प रीवा | 66825.00 |
| सहायक नियंत्रक, नापतौल विभाग जिला-रीवा | 14256.00 |
| नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा | 2477603.00 |
| प्राचार्य, शा. विज्ञान महाविद्यालय जिला-रीवा | 500000.00 |
| सहायक आयुक्त, आबकारी कार्यालय जिला-रीवा | 116542.00 |
| अधिष्ठाता, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय जिला-रीवा | 3000000.00 |
| योग - | 76,45,551.00 |

### इन शासकीय विभागों ने नहीं जमा किया सेवा प्रभार शुल्क

वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-2026 तक जिन शासकीय विभागों ने सेवा प्रभार शुल्क नहीं जमा किया है उनके नाम नीचे हैं।

| कार्यालय/विभाग का नाम | बकाया राशि |
|---|---|
| प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) | 217149.00 |
| परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास जिला-रीवा | 19602.00 |
| प्रबंधक, मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विभाग जिला-रीवा | 298350.00 |
| जिला उपभोक्ता फोरम जिला-रीवा | 8910.00 |
| जिला दूरसंचार प्रबंधक जिला-रीवा | 1142710.00 |
| प्राचार्य, शा. विज्ञान महाविद्यालय जिला-रीवा | 2055254.00 |
| प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 जिला-रीवा | 2436441.00 |
| उपायुक्त, आबकारी कार्यालय जिला-रीवा | 467935.00 |
| सहायक आयुक्त, आबकारी कार्यालय जिला-रीवा | 58271.00 |
| प्राचार्य, मार्तण्ड स्कूल क्र.1 जिला-रीवा | 148435.00 |
| प्राचार्य, मार्तण्ड स्कूल क्र.3. जिला-रीवा | 403621.00 |
| सहायक नियंत्रक, नापतौल विभाग जिला-रीवा | 14256.00 |
| महा प्रबंधक, जिला व्यापार केन्द्र जिला-रीवा | 42322.00 |
| अधीक्षक, आयुर्वेदिक चिकित्सालय जिला-रीवा | 139270.00 |
| प्रबंधक, उप डाकघर शिल्पी प्लाजा, जिला-रीवा | 10692.00 |
| संयुक्त संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग | 21384.00 |
| प्राचार्य, माधवराव सदाशिवराव गोलवरकर महाविद्यालय | 364336.00 |
| डिप्टी कलेक्टर हेतु कलेक्टर, कलेक्टर कार्यालय | 577125.00 |
| डिप्टी कलेक्टर हेतु कलेक्टर, कलेक्टर कार्यालय | 1644807.00 |
| कार्यालय संक्षण सहायक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण | 49400.00 |
| संयुक्त संचालक, सांख्यिकी कार्यालय जिला-रीवा | 42768.00 |
| संयुक्त संचालक, मत्स्य उद्योग विभाग जिला-रीवा | 19168.00 |
| जिला आयकर अधिकारी जिला-रीवा (म.प्र.) | 211036.00 |
| अपर आयुक्त (राजस्व), कार्यालय कमिश्नर, रीवा संभाग | 731034.00 |
| प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय | 3483221.00 |
| मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला-रीवा | 56424.00 |
| संयुक्त संचालक, उद्यान विभाग जिला-रीवा | 467857.00 |
| क्षेत्रीय ग्रन्थपाल, शासकीय कन्द्रीय पुस्तकालय जिला-रीवा | 155905.00 |
| संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण विभाग जिला-रीवा | 527474.00 |
| सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी जिला-रीवा | 21398.00 |
| कार्यालय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण रीवा संभाग | 22572.00 |
| प्रधानाध्यापक, शा0 मार्तण्ड प्राथमिक पाठशाला गुढ़ चौराहा | 7452.00 |
| जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग जिला-रीवा | 209386.00 |
| अधीक्षक, कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय, बिछिया | 2032021.00 |
| मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा | 257871.00 |
| प्राचार्य क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान प्रक्षेत्र कुठुलिया | 207413.00 |
| प्रबंधक, शासकीय कुक्कुट प्रेक्षत्र जिला-रीवा | 55242.00 |
| प्राचार्य, शासकीय बुनियादी प्रशिक्षण केन्द्र जिला-रीवा | 231133.00 |
| प्राचार्य शा. उ.मा. विद्यालय क्र.1 घोबिया टंकी रीवा | 402067.00 |
| प्राचार्य शा.उ.मा. विद्यालय क्र.2 धोबिया टंकी रीवा | 402067.00 |
| अधीक्षक, शासकीय केन्द्रीय जेल जिला-रीवा | 92813.00 |
| प्राचार्य, पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग महाविद्यालय रीवा | 2629296.00 |
| प्राचार्य, मॉडल स्कूल जिला-रीवा | 587413.00 |
| स्टेशन डायरेक्टर, आकाशवाणी केन्द्र रीवा | 479207.00 |
| प्रबंधक, उप डाकघर पुराना बस स्टैण्ड रीवा | 18357.00 |
| प्रबंधक, वेयर हाउस बोदाबाग जिला-रीवा | 179969.00 |
| जिला संयोजक, आदिम जाति कार्यालय रीवा | 225650.00 |
| पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पम्प, जिला बल रीवा | 16335.00 |
| प्राचार्य, शिक्षा महाविद्यालय (बी.एड. कालेज)रीवा | 106624.00 |
| प्रबंधक, मुख्य डाकघर सिरमौर चौराहा रीवा | 43750.00 |
| मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत रीवा | 538175.00 |
| प्राचार्य, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 जिला-रीवा | 238068.00 |
| प्राचार्य, जनता महाविद्यालय जिला-रीवा | 298182.00 |
| प्राचार्य, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जिला-रीवा | 5225751.00 |
| प्राचार्य, मार्तण्ड स्कूल क्र.2 जिला-रीवा | 1041541.00 |
| प्राचार्य, शा.प्रवीण कुमारी उ.मा. विद्यालय जिला-रीवा | 1682435.00 |
| अधीक्षक, आदिमजाति कन्या छात्रावास जिला-रीवा | 78296.00 |
| उप संचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग जिला-रीवा | 34630.00 |
| संयुक्त संचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग जिला-रीवा | 103885.00 |
| संयुक्त संचालक, पशु पालन एवं डेयरी विभाग जिला-रीवा | 34630.00 |
| कार्या. विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी जिला-रीवा | 34630.00 |
| सहायक नियंत्रक, नापतौल विभाग जिला-रीवा | 14256.00 |
| प्रबंधक, विंध्या रिट्रीट, म.प्र. पर्यटन विभाग जिला-रीवा | 186219.00 |
| अधीक्षक, पिछड़ा वर्ग छात्रावास जिला-रीवा | 296260.00 |
| कुल सचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, जिला-रीवा | 8571588.00 |
| पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध शाखा, जिला-रीवा | 468816.00 |
| क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जिला-रीवा | 688501.00 |
| पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशीक्षण शाला, जिला-रीवा | 238950.00 |
| कार्यपालन यंत्री, लाइट मशीनरी सिंचाई विभाग जिला-रीवा | 582754.00 |
| प्रधानाध्यापक, शास. प्रा.पाठशाला, बजरंग नगर जिला-रीवा | 488768.00 |
| प्राचार्य, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय जिला-रीवा | 4676505.00 |
| पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जिला-रीवा | 6123255.00 |
| मध्यप्रदेश डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रीवा | 148448.00 |
| अधिष्ठाता, श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय जिला-रीवा | 16935681.00 |
| योग - | 7,27,73,417.00 |

## दोपहर तक नहीं प्रकट हुए सूर्यनारायण, छाई रही धुध



जागरण, रीवा। शहर में गुरुवार रात गिरे कोहरे का असर शुक्रवार को भी देखने को मिला, शुक्रवार दोपहर तक धुंध छाई रही वहीं सुबह 8 बजे के बाद तक शबनम की बूंदे बरसती रहीं, जिससे लोग घरों के अंदर ही दुबके रहे, काम पर अथवा स्कूल, कार्यालय जाने वाले लोग ऊनी कपड़ों में ढके नजर आए। इंसानों के साथ ही जानवर भी मारे ठंड के कंपकपाते रहे। लोगों ने ठंड से राहत पाने अलाव का सहारा लिया जबकि कहीं-कहीं जलाए गए कचरे के समीप गौवंश को भी आग के समीप खड़े रह ठंड से राहत पाते देखा गया। दोपहर बात सूर्यनारायण के नजर आने के बाद लोग अपने-अपने घरों की बालकनी, बरामदे और घर के बाहर आकर धूप सेंकने में लगे रहे, शाम चार बजे बाद फिर लोग अपने-अपने घरों के अंदर दुबक गए, ठंड के कारण न तो घर के अंदर रहाई पड़ रही थी न ही बाहर, आसमान पर बादल भी छाए रहे।

## सहायक यंत्री एसके गर्ग एवं सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह सेवानिवृत्त



### नगर निगम कार्यालय में किया गया सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

जागरण, रीवा। नगर निगम रीवा में सहायक यंत्री एसके गर्ग एवं सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह अपनी सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गये। दोनों अधिकारियों के सम्मान में नगर निगम विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इनकी अर्धवार्षिकी सेवा 31 जनवरी को पूरी होनी थी, किन्तु अवकाश के कारण शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन नगर निगम के परिषद सभागार में किया गया। इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा बाबा, अध्यक्ष व्यंकटेश पांडे एवं प्रभारी निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर द्वारा दोनों अधिकारियों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अजय मिश्रा बाबा ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने एसके गर्ग एवं रावेंद्र सिंह के साथ अपने आत्मीय संबंधों को स्मरण करते हुए कहा कि इन अधिकारियों ने जनता एवं जनप्रतिनिधियों के बीच संतुलन बनाते हुए निष्पक्षता एवं ईमानदारी से कार्य किया। नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय ने भावुक शब्दों में कहा कि श्री गर्ग, श्री सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनका दशकों पुराना पारिवारिक एवं कार्यात्मक संबंध रहा है। प्रभारी निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर ने भी इन अधिकारियों की कार्यशैलीकी सराहना की। इस अवसर पर सहायक यंत्री एसके गर्ग ने अपने सेवाकाल को स्मरण करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सदैव अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान करना रहा है। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा, एमआईसी सदस्य रवि तिवारी, पार्षद ज्योति प्रदीप सिंह, गंगा यादव, वंदना सिंह, पूजा सिंह, संजय खान, जनप्रतिनिधि अशोक पटेल 'झब्बू', सतीष सिंह, उमेश वर्मा, अशोक वर्मा, उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, कमलेश्वर सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी नीलेश चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 8 सफाई मित्र सेवा सम्मान से सम्मानित



जागरण, रीवा। स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत निगमायुक्त के निर्देश पर अपने वार्ड की सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता के कार्यस्थल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को 30 जनवरी को सफाई मित्र सेवा सम्मान का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जोन क्रमांक 01 के 8 सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में स्वास्थ्य अधिकारी सचिन द्विवेदी, सहायक नोडल एसबीएम अपूर्वा चतुर्वेदी सहित सफाई मित्र उपस्थित रहे।


आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना PM-JAY
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

शहर का तापमान/मौसम
अधिकतम 26.0°c | न्यूनतम 8.0°c
जिले भर में मौसम शुष्क रहने के साथ शीतलहर के आसार

• 11 • राज्य • 31 • संस्करण | मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

## पमरे जीएम ने किया रीवा-सीधी रेल लाइन का निरीक्षण

# 163 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के काम में तेजी लाने दिए निर्देश, सोन नदी पुल सहित ट्रैक का लिया जायजा

**जागरण, रीवा।** रेलवे नई परियोजनाओं के अंतर्गत अधोसरंचना निर्माण कार्यों को गति प्रदान के लिए कृतसंल्कपित है। पश्चिम मध्य रेल में भी न्यू रेललाइन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण जैसे विभिन्न अधोसंरचना के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निरंतर प्रयास जारी है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर रीवा-सीधी-सिंगरौली अधोसरंचनात्मक निर्माण रेल परियोजनाओं को महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के सतत निगरानी में तेज गति के साथ किया जा रहा है। शुक्रवार 30 जनवरी को महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय द्वारा इस रेलखण्ड पर निर्माणाधीन सोन ब्रिज तथा संबंधित ट्रैक का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ब्रिज लेआउट ड्राइंग, गर्डर, स्पान संरचना, ब्रिज बेरिंग, प्लेट, चैनल स्लीपर, चेयर प्लेट सहित विभिन्न तकनीकी एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहनता से परीक्षण किया गया। गौरतलब है कि 541 किलोमीटर लंबी ललितपुर-सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के तहत पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले रीवा-सीधी-सिंगरौली (163 किमी) नई रेल लाइन परियोजना में भी रीवा-सीधी रेलखण्ड पर तीव्र गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना पश्चिम मध्य रेलवे की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है। इसके पूर्ण होने पर रीवा- सीधी रेलखंड पर यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा क्षेत्र के व्यापार, उद्योग एवं रोजगार के अवसरों को नया आयाम मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत पुल निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री एवं आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे संरचना की दीर्घकालिक मजबूती एवं संरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### रेल नेटवर्क से ये होगा लाभ

रीवा से सिंगरौली रेललाइन जुड़ने के बाद मालगाड़ियों की गति एवं परिचालन क्षमता में वृद्धि तो हागी ही साथ ही सुगम आवागमन की सुविधा भी रेल यात्रियों को मिलेगी। रीवा, सीधी एवं आसपास के जिलों व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए निर्बाध रेल संपर्क से राजस्व में वृद्धि परिचालन समय में कमी से रेलवे के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। बेहतर कनेक्टिविट के बाद रीवा से सीधी तक सीधी एवं सुगम रेल कनेक्टिविटी व आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। क्षेत्रीय उद्योग, व्यापार एवं रोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाशमी, निर्माण विभाग एवं अन्य संरक्षा विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जबलपुर मंडल से अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी निरीक्षण में उपस्थित रहे।

# बीयर बार संचालक ने की धोखाधड़ी, एफआईआर दर्ज

## ईओडब्ल्यू रीवा में 166.83 लाख रुपये की क्षति पहुँचाने पर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध

**जागरण, रीवा।** ईओडब्ल्यू रीवा द्वारा केनरा बैंक के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में बीयर बार संचालक लाल बहादुर सिंह और मेसर्स सिंह एंड कंपनी के प्रोपराइटर के विरुद्ध 166.83 लाख रुपये की क्षति पहुँचाने पर अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। ईओडब्ल्यू रीवा एसपी अरविंद सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपी द्वारा बैंक से लोन लेने के बाद न केवल उसमें बंधक रखी संपत्ति विक्रय कर दी बल्कि एक अन्य संपत्ति का स्वरूप बदल दिया। उन्होंने बताया कि केनरा बैंक शाखा रीवा के खाताधारक लाल बहादुर सिंह उर्फ एल.बी. सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह और प्रोपराइटर, मेसर्स सिंह एंड कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में केनरा बैंक शाखा रीवा से हाउसिंग लोन एवं अपनी फर्म के लिए विभिन्न क्रेडिट फेशिलिटी (व्यावसायिक ऋण) प्राप्त किया गया था। इस प्रकार कुल 58.00 लाख रुपये का ऋण लाल बहादुर सिंह द्वारा लिया गया था। उक्त ऋण प्राप्त करने के एवज में उनके द्वारा अपना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पड़रा रीवा स्थित मकान सहित कुल 04 संपत्तियाँ बैंक में बंधक रखी थी, जो लाल बहादुर सिंह द्वारा बैंक का बकाया ऋण चुकता किये बिना धोखाधड़ी करने की नीयत से उक्त बंधक संपत्ति में से 02 मकान विक्रय कर दिए गए तथा 01 दुकान का स्वरूप बदल दिया गया जिससे बैंक अपने ऋण की वसूली न कर सके। इस प्रकार शिकायत दिनांक तक बैंक को लाल बहादुर सिंह द्वारा कुल राशि रुपये 166.83 लाख रुपये की क्षति पहुंचाई गई। शिकायत सत्यापन पश्चात लाल बहादुर सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह और प्रोपराइटर, मेसर्स सिंह एंड कंपनी द्वारा बैंक के साथ बेईमानीपूर्वक धोखाधडी कर बैंक को 166.83 लाख रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाये जाने से अपराध धारा 406, 420, 120बी भा.द.वि. के अंतर्गत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# दो बोरी खाद के लिए सुबह से भूखे-प्यासे खड़े किसान खदेड़े जा रहे



## खाद के लिए आपस में किसान भिड़े, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**जागरण, रीवा।** दो बोरी खाद के लिए किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, सुबह से यहां कतार लेते हैं भूखे-प्यासे खड़े रहने के बाद भी खाद तो नहीं मिली ऊपर से खदेड़ दिए गए ये कहना है करहिया मण्डी यूरिया लेने आए किसानों का। किसानों ने बताया कि कतार में लगने की बात को लेकर किसान आपस में ही भिड़ गए, मारपीट हो गई, जिसकी सूचना यहां के लोगों ने पुलिस को दे दी, पुलिस ने आकर मामला शांत करवाया और लड़ने वाले किसानों के साथ ही अन्य किसानों को भी यहां से खदेड़ दिया।

करहिया मण्डी यूरिया खरीदने आए किसानों ने बताया कि प्रत्येक किसान को फिलहाल दो बोरी खाद दी जा रही है, यहां सिर्फ टोकन मिल रहा है, जबकि खाद लेने चोरहटा ही जाना पड़ रहा है, रबी फसल की शुरूआत से ही किसान परेशान हो रहे हैं, बीच में खाद आई थी तो किसानों को कहा गया था कि पांच बोरी खाद दी जाएगी, पर्याप्त खाद उपलब्ध है, लेकिन उस समय भी किसानों को महज तीन बोरी ही खाद दी गई, जिनके पास जमीन अधिक है उन्हें खाद की आवश्यकता है, किन्तु खाद उपलब्ध ही नहीं करवाई जा रही, जब भी खाद आती है तो इसी प्रकार की स्थिति निर्मित होती है, किसानों को टोकन मिलने के बाद भी खाद नहीं मिल पाती,जब किसानों को खाद नहीं मिल रही तो खाद जा कहां रही है, किसानों ने तो यह भी आरोप लगाया कि जब किसान खाद से वंचित हैं तो खाद निश्चित तौर पर कालाबाजारी की भेंट चढ़ रही है। पहले से खाद की व्यवस्था की जाना थी, वह नहीं की, एक दिन खाद आती है दूसरे दिन खत्म हो जाती है, किसान खाद के लिए कतार में ही खड़े रह जाते हैं। अभी भी सभी किसानों को खाद मिलेगी या नहीं, कहा नहीं जा सकता।

# मरीजों की जान से खेलने वाली लापरवाह महिला चिकित्सक डॉ.सोनल अग्रवाल पर कार्यवाही से क्यों बच रही सरकार

## ● पूर्व विधानसभा द्वारा करायी गई जांच के बाद जारी हुआ बर्खास्तगी आदेश ठंडे बस्ते में क्यों?

### कई मामलों में हो चुकी पुलिस शिकायत, अब तक नहीं हुई कोई कार्यवाही





जागरण, रीवा

जिले के कई ऐसे चिकित्सक हैं जिनका नाम सुनते ही मरीज व उनके परिजनों की रूह कांप उठती है, ऐसे चिकित्सकों में सबसे अधिक नाम इन दिनों डॉ.सोनल अग्रवाल का चर्चा में है। वजह, उनके द्वारा कई मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा चुका है और कइयों को तो जान भी गंवानी पड़ी। सरकारी चिकित्सक होते हुए भी उन्होंने लापरवाही की ही लेकिन नियम विरुद्ध की जा रही प्राइवेट प्रैक्टिस में भी वह लापरवाह चिकित्सक के रूप में ही जानी जाती हैं। बता दें कि बीते माहों से उनके चलते प्रार्थना हॉस्पिटल लगातार विवादों में बना हुआ है। उन पर गंभीर आरोप लगाते हुए परिजनों ने संबंधित थाना सहित एसपी व कलेक्टर से शिकायत कर प्रार्थना अस्पताल और महिला चिकित्सक को बहू की मौत का जिम्मेदार बताया था लेकिन यहां भी हालात मेडिकल कॉलेज की तरह ही रहे, पुलिस व प्रशासन ने भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही उन पर नहीं की। शायद यही वजह भी है कि चिकित्सक को किसी प्रकार का कोई भय नहीं है और वह मरीजों की जान के साथ खेल रहीं हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम की शिकायत पर हुई तत्समय हुई जांच के डॉ सोनम अग्रवाल के बर्खास्तगी आदेश जारी हुए लेकिन उन्हें कूड़ेदान में फेक दिया गया। लापरवाह डॉ सोनम को बर्खास्त करने में सरकार क्यों बच रही है समझ से परे है।

### परिजनों ने यह लगाए थे आरोप

सामान थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित प्रार्थना अस्पताल विवादों में है। शिकायत में पीड़ित अरुण सिंह बिसेन पुत्र रामानंद सिंह बिसेन 59 वर्ष नईबस्ती पड़रा ने बताया था कि उनकी बहू अंजलि सिंह पत्नी भंवर सिंह गर्भवती थी, जिसका नियमित चेकअप डॉ.सोनल अग्रवाल द्वारा किया जा रहा था। गर्भ में पल रहे शिशु की स्थिति सामान्य बताई गई थी। 22 फरवरी 2025 तक में डिलेवरी की अनुमानित तिथि बताई गई थी। 4 फरवरी 2025 को अंजलि के पति भंवर सिंह अपनी पत्नी अंजलि सिंह को लेकर डॉ.सोनल के यहां चेकअप के लिए गए थे। अस्पताल में बहू को भर्ती कर लिया गया था और कहा गया कि पानी की कमी है। डिलेवरी आज ही करानी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि उस दौरान बहू पूर्णतः स्वस्थ्य थी। सामान्य डिलेवरी भी समय आने पर हो सकती थी किन्तु पैसे के लालच में उसी दिन भर्ती किया गया। रात 9 बजे तक बहू एकदम सामान्य एवं स्वस्थ्य थी। रात करीब 11:30 बजे कहा गया कि रात 10:48 पर ऑपरेशन से बच्ची पैदा हुई है और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। यह सुनने के बाद सभी घर चले गए।

### अचानक करने लगे बच्चेदानी निकालने की बात

बेटी पैदा होने के बाद सभी निश्चिंत हो गए। तभी पुत्र भंवर सिंह का फोन आया कि बहू अंजलि की हालत काफी खराब है। पहले 10 यूनिट ब्लड चढ़ा कर बच्चेदानी निकालने की बात कही बाद में मुकर गए और जबलपुर के सैल्वी हॉस्पिटल में मरीज को ले जाने को कहा। मरीज की सांसे उखड़ रहीं थी लेकिन अस्पताल प्रबंधन सात से आठ घंटे का बिल 1 लाख 9750 रुपए पहले चुकाने के लिए जाने नहीं दिया। संवेदनशीलता पूरी तरह मर गई जब बीमा कंपनी से बिल स्वीकृत नहीं हुआ तबतक अंजलि सिंह को प्रार्थना हॉस्पिटल से जबलपुर ले जाने नहीं दिया गया। सुबह 4.30 बजे जब स्वीकृति मिलने के बाद सुबह 5 बजे वेंटीलेटर वाली एम्बुलेंस में अंजलि सिंह को वेंटीलेटर सपोर्ट पर शिफ्ट कराया गया। उन्होंने बताया कि 4-5 घंटे तक मेरी बहू को ओटी में ही पड़ा रहने दिया गया था। कोई उपचार नहीं किया गया। किसी परिजन को देखने तक नहीं दिया गया। ब्लीडिंग लगातार होती रही फिर अगले दिन 5 फरवरी 2025 की सुबह अंजलि को लेकर जबलपुर पहुंचे, तब तक उसकी हालत बहुत खराब हो चुकी थी। उसके शरीर का सारा ब्लड निकल गया था। पीड़ित परिजनों ने बताया कि महिला चिकित्सक की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। पीड़ित ने चिकित्सक सहित हॉस्पिटल पर कार्रवाई की मांग कर न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### लगातार विवादों में बना हुआ हॉस्पिटल

प्रार्थना हॉस्पिटल शुरू से ही विवादों में रहा है। यहां आए दिन कोई न कोई विवाद खड़ा होता ही रहता है। अधिकांश मामलों में मरीज की मौत हुई है। परिजन लापरवाही का आरोप लगाते रहे हैं। इसके बाद भी प्रार्थना अस्पताल के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण मरीजों और उनके परिजनों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

**फिर विधानसभा में उठेगा मामला :** जिस डॉ.सोनल अग्रवाल पर इस प्रकार के कई गंभीर आरोप हैं, उन पर श्याम शाह मेडिकल कॉलेज में बर्खास्ती की गाज गिरनी है। कई सालों से मामला लटका हुआ है। भोपाल से भी जांच टीम आई थी। जांच टीम ने भी मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी डॉ.सोनल अग्रवाल की बर्खास्तगी नहीं की गई। तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष ने एक मरीज के इलाज की सिफारिश की थी। इसके बाद भी डॉ.सोनल अग्रवाल ने अपने निजी प्रार्थना अस्पताल में भेज दिया था। इस मामले ने इतना तूल पकड़ा था कि अधीक्षक और डीन तक बदल गए थे। डॉ.सोनल अग्रवाल और एचओडी डॉ बीनू सिंह के खिलाफ जांच बैठ गई थी। महिला चिकित्सकों के कारनामे के चलते एचओडी भी लपेटे में आ गई थीं, इन्हीं चिकित्सकों की लापरवाही के चलते उन पर भी कार्यवाही की अनुशंसा की गई। डॉ सोनल अग्रवाल को श्याम शाह मेडिकल कॉलेज से ही बर्खास्त करने का प्रस्ताव कार्यकारिणी की बैठक में रखा गया था। अब तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। वहीं एक बार फिर इस मामले को विधानसभा में उठाने की बात कही जा रही है। अगले सत्र में डॉ.सोनल पर कार्यवाही को लेकर कड़ी बहस होगी।

# कब्जेधारियों को हटाने की बजाय दरबार कर लौट जाते हैं उड़नदस्ते के कर्मचारी



## ● ढेकहा में काफी देर तक खड़ा रहा उड़नदस्ता वाहन, हटाए बिना लौट गया

**जागरण, रीवा।** शहर को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए नगर निगम ने उड़नदस्ता नियुक्त कर रखा है जिनका काम सिर्फ शहर में किए गए अवैध स्थाई व अस्थाई कब्जे हटाना है, लेकिन शहर में नियुक्त उड़नदस्ते में शामिल अधिकारी, कर्मचारी जगह-जगह लगे ठेले तक पाने में नाकारा साबित हो रहे हैं। जिन्हें हटाना चाहिए उनसे वाहन खड़ा कर वाहन में बैठे-बैठे ही दरबार करते रहते हैं और हटाए बिना रवाना हो जाते हैं, इसी प्रकार का नजारा शुक्रवार को ढेकहा तिराहे के समीप देखने को मिला, सड़क किनारे लगे ठेला संचालकों से उड़नदस्ते में शामिल अधिकारी, कर्मचारी वाहन में ही बैठे-बैठे काफी देर तक दरबार करते रहे, उसके पश्चात उन ठेलों को वहां से हटाए बिना ही आगे बढ़ गए। इससे तो यही प्रतीत होता है कि इस अवैध कब्जे में या तो उड़नदस्ते की मौन स्वीकृति है अथवा अतिक्रमणकर्ता प्रभावी है।

इस संबंध में आसपास के दुकानदारों से बातचीत की गई तो उन्होंने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि अवैध रूप से ठेला, दुकान लगाने वालों को यदाकदा ही हटाते देखा गया है, हटाने के अगले ही दिन ये लोग फिर से यहीं दिखाई देते हैं, उड़नदस्ता वाहन आता तो रोज है, लेकिन इन पर कार्यवाही नहीं की जाती, शहर में जहां-जहां भी अवैध रूप से ठेले लगाए गए हैं वहां भी उड़दस्ता वाहन खड़ा देखा जा सकता है, अधिकतर ठेला संचालक उड़नदस्ते वाहन में बैठे अधिकारी, कर्मचारियों को जलपान करवाते हैं, व्यापारियों ने तो ये भी बताया कि उड़नदस्ते में शामिल अधिकारी, कर्मचारी लंबे समय से यहां पदस्थ हैं कुछ की तो पूरी सर्विस यहीं खत्म हो गई, जब अधिकारियों का स्थानान्तरण तीन साल में कर दिया जाता है तो कर्मचारियों का क्यों नहीं, समय-समय पर कर्मचारियों का भी तबादला होता रहे तो काफी हद तक शहर को अवैध कब्जाधारियों से राहत मिलेगी।

# शब-ए-बारात 03 फरवरी को, घर-घर होगी फातेहा ख्वानी

**रीवा।** शाबान का चाँद दिखाई देने के बाद मुस्लिम समाज रमज़ान-उल-मुबारक के पाक महीने का बेसब्री से इंतज़ार करने लगता है। इसी महीने की एक ऐसी मुकद्दस रात आती है, जिसे शब-ए-बारात कहा जाता है। यह वह रात है जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास रहमत नाज़िल करता है और जिंदगी-मौत, रिज़्क (रोज़ी), खुशहाली व तकदीर से जुड़े कई मामलों का फैसला फरमाता है। इस वर्ष 03 फरवरी को यह मुकद्दस रात तमाम मुसलमानों के बीच आ रही है। उम्मत-ए-मोहम्मदिया कमेटी के संस्थापक मो. शुऐब खान एवं मोहसिन खान, अध्यक्ष मकदूम खान तथा मीडिया प्रभारी अजहरूद्दीन खान अज्जू ने बताया कि इस रात मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में इबादत करते हैं, कुरआन की तिलावत करते हैं, नफ्ल नमाज़ अदा करते हैं और अपने गुनाहों से सच्चे दिल से तौबा करते हैं। यह रात आत्म-शुद्धि, दुआ और माफी की रात मानी जाती है। शब-ए-बारात को पूरी अकीदतमन्दी और एहतराम के साथ मनाने की अपील मो. शुऐब खान, मोहसिन खान, मकदूम खान, मुस्तहाक खान, अजहरूद्दीन अज्ज, माजिद खान, मुस्ताक खान, आरिफ खान, इकबाल अहमद खान, वाजिद खान, अयूब खान, हसीब खान राज , राशिद खान, वाशिद खान गोलू , वाइज खान, मानू खान, सईद खान सहित अनेक समाजसेवियों ने की है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु प्रशिक्षण का समापन



**रीवा।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत उद्यमिता विकास हेतु कुलगुरू डॉ. (प्रो.) मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 28-30 जनवरी तकआयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं दिशानिर्देशन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कुल 24 प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आधुनिक डेयरी फार्मिंग, प्रायोगिक डेयरी फार्मिंग की नियमित गतिविधियाँ, पशुओं हेतु उत्तम आहार महत्वपूर्ण डेयरी नस्लें और उनकी विशेषताएँ, डेयरी पशुओं की विभिन्न आयु अवस्थाओं हेतु आवास प्रबंधन,दूध का मूल्य संवर्धन, उपयोगिता एवं विभिन्न विधियाँ जैसे विषयों पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त, स्वरोजगार एवं डेयरी उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह का संचालन डॉ. राजकुमार पटेलने किया और इस समापन कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. नीतेश कुमार तथा कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं डॉ. अमित कुमार झा उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री आज 'गंगा यात्रा' काफिले को दिखाएंगे हरी झंडी

## करीब दो सौ नागरिक जाएंगे प्रयागराज

**रीवा।** मणि नागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के समन्वयक प्रदीप पटेल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा है, उसी के तहत आज 31 जनवरी शनिवार को सुबह 8.30 बजे नीम चौक हनुमान मंदिर बोदाबाग से 2 बस एवं 10 फोर व्हीलर वाहन में करीब दो सौ नागरिकों को लेकर गंगा यात्रा प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। गंगा यात्रा में जाने वाले नागरिकों के भोजन की व्यवस्था फाउण्डेशन के द्वारा की गई है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश के पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, फाउण्डेशन के राष्ट्रीय समन्वयक सरदार सिंह पटेल गंगा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर प्रयागराज के लिए रवाना करेंगे।

# चित्रांगन फेस्टिवल: 'मस्तमौला' के रंग में रंगा रीवा

## विनीत कुमार ने युवाओं को सिखाए अभिनय के गुर



**रीवा।** विंध्य की सांस्कृतिक चेतना का उत्सव 'चित्रांगन अंतरराष्ट्रीय फिल्म एवं थिएटर फेस्टिवल' अपने तीसरे दिन एक नए शिखर पर पहुँच गया। शुक्रवार को जहाँ दोपहर के सत्र में बॉलीवुड की बारीकियों पर गंभीर विमर्श हुआ, वहीं शाम की बेला में स्थानीय कलाकारों की ऊर्जा ने कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम को तालियों की गड़गड़ाहट से भर दिया। 'सिनेमा और रंगमंच का अंतर्संबंध' विशेष चर्चा सत्र में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता विनीत कुमार और मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस सत्र में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु कलाकारों, विद्यार्थियों और सिनेमा प्रेमियों ने हिस्सा लिया। गीत सूरी एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्म की लॉन्चिंग एवं स्क्रीनिंग भी तृतीय दिवस हुई । सत्र के दौरान जिज्ञासाओं और अनुभवों का आदान-प्रदान हुआ, जिसमें विनीत कुमार ने कहा कि आपकी जड़ें, आप कहाँ से आए हैं, इसे कभी न भूलें, ईमानदारी से रियाज़ करें, मौका मिलने पर आपकी 'मौलिकता' ही आपको भीड़ से अलग करेगी। अभिनय में पारंगत हों। महोत्सव की तीसरी शाम रंग उत्सव नाट्य समिति, रीवा के नाम रही। जयवर्धन द्वारा लिखित और युवा निर्देशक अंकित मिश्रा द्वारा निर्देशित नाटक 'मस्तमौला' का मंचन किया गया। यह नाटक अपने नाम के अनुरूप ही बेफिक्री, मानवीय जिजीविषा और सामाजिक विडंबनाओं को समेटे हुए था। स्थानीय कलाकारों ने अपनी सधी हुई अदाकारी से यह साबित कर दिया कि विंध्य की प्रतिभा किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच के समकक्ष खड़ी हो सकती है। अंकित मिश्रा के निर्देशन में नाटक के दृश्य संयोजन और संगीत ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। स्थानीय परिवेश के पुट ने नाटक को और भी आत्मीय बना दिया। प्रस्तुति के उपरांत मुख्य अतिथियों ने कलाकारों की सराहना की, विनीत कुमार ने कहा कि स्थानीय कलाकारों को इतना परिपक्व अभिनय करते देखना सुकून देता है। कार्यक्रम के अंत में सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा निर्देशक अंकित मिश्रा और उनकी पूरी टीम को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रस्तुति के दौरान बॉलीवुड एक्टर विनीत कुमार, नगर निगम रीवा के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, बीजेपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय प्रतिनिधि गौरव तिवारी, जयराम शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री, दिव्यांशु गौतम, विजय तिवारी, सहित गणमान्य दर्शक उपस्थित रहे ।

# ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन विन्ध्य की विकास रेखा है : उप मुख्यमंत्री

## '2028 तक हर हाल में पूरा कराने के दिये निर्देश



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन विन्ध्य की विकास रेखा है। सीधी-सिंगरौली हाईवे तथा रेलवे परियोजना का कार्य पूरा हो जाने से नए इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का विकास होगा। सिंगरौली तक रेलवे लाइन के जुड़ जाने से विन्ध्य पूर्वोत्तर राज्यों से सीधे कनेक्ट हो जाएगा। लंबी दूरी की ट्रेनें चलने से आवागमन में सुविधा के साथ व्यापार और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 2028 तक सीधी से सिंगरौली और पन्ना से खजुराहो तक रेलवे लाइन का निर्माण कार्य हरहाल में पूरा कराएं। अभी अप्रैल माह तक रीवा से सीधी स्टेशन तक का निर्माण कार्य पूरा कराएं जिससे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन का सीधी तक विस्तार किया जा सके।बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पश्चिम मध्य रेलवे एमएस हाशमी तथा रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के एसडीएम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए भू-अर्जन करें। मुआवजा प्राप्त करने के बाद भी यदि कोई व्यक्ति परियोजना के कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करता है तो उससे कठोरता से निपटें। रेलवे के अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि भू-अर्जन के बाद पूरक प्रस्ताव की आवश्यकता न रहे।

### 31 मार्च तक सीधी तक पूरा हो जायेगा रेल लाइन का कार्य

बैठक में पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि 31 मार्च तक सीधी रेलवे लाइन का कार्य पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। रेलवे प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से तेजी से कार्य कर रहा है। गोपद नदी से सिंगरौली तक भू-अर्जन की कार्यवाही जारी है। सिंगरौली तक रेलवे लाइन बनाने का कार्य दिसम्बर 2028 तक पूरा हो जाएगा। बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा रेलवे स्टेशन में मेंटीनेंस डिपो का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराएं।

**सीधी के लिये बड़ी उपलब्धि: डॉ. राजेश मिश्रा**

सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष सीधी तक ट्रेन पहुंचना हम सबके लिए बड़ी उपलब्धि होगी। प्रशासन रेलवे के अधिकारियों को पूरा सहयोग कर रहा है। सिंगरौली तक रेलवे का निर्माण तेजी से पूरा कराएं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

**संपादकीय**

## आर्थिक समीक्षा ने बजट से पहले उठाए बड़े सवाल

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हर साल संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा आमतौर पर इस बात का ब्योरा होती है कि पिछले बजट में देश की अर्थव्यवस्था और अन्य मोर्चे पर सुधार के लिए जो वादे किए गए थे, वे किस हद तक पूरे किए जा सके। यह इसका भी संकेत होता है कि अगले वित्त वर्ष में सरकार के आर्थिक फैसलों में किन मसलों को प्राथमिकता मिल सकती है। इस लिहाज से देखें, तो वित्त मंत्री ने जो आर्थिक समीक्षा पेश की है, वह देश की परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच उम्मीद जगाती है, लेकिन यह आने वाले वक्त के जोखिमों के प्रति आगाह भी करती है।*

*समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.8 फीसद से 7.2 फीसद के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। विदेशी पूंजी प्रवाह में कमी के कारण रुपए पर प्रतिकूल असर और बीते वर्ष भारतीय मुद्रा में कमजोरी के बावजूद यह अनुमान अर्थव्यवस्था में स्थिरता का संकेत देता है। हालांकि समीक्षा में विकसित भारत और वैश्विक प्रभाव का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से मजबूत और स्थिर मुद्रा को एक स्वाभाविक जरूरत बताने के समांतर रुपए के मूल्य में गिरावट को हानिकारक नहीं माना गया, क्योंकि यह भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में इजाफे के असर को कुछ हद तक कम करता है।*

*समीक्षा के मुताबिक, अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारत को घरेलू वृद्धि को प्राथमिकता देने की जरूरत है और इसके लिए वित्तीय सुरक्षा उपायों और नकदी पर ज्यादा जोर देना चाहिए। आर्थिक समीक्षा में नवोन्मेष को कमजोर किए बिना दक्षता और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया गया है, जो निश्चित रूप से आत्मनिर्भरता की संभावनाओं को मजबूत करेगा। कृषि क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। इस बिंदु पर सर्वेक्षण में यह कहा गया है कि कृषि निर्यात में व्यापार नीति का उपयोग कीमतों और उत्पादन में अस्थिरता के बीच अल्पकालिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाता है। मगर बार-बार नीतिगत बदलाव आपूर्ति श्रृंखला को बाधित करते हैं।*


*यह देखने की बात होगी कि समीक्षा में जाहिर इस चिंता के संदर्भ में बजट की क्या दिशा होती है। समीक्षा में अस्थायी कामगारों के लिए काम से जुड़ी शर्तें नए सिरे से तय करने के उद्देश्य से नीति लाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसके अलावा, नागरिकों की सेहत की सुरक्षा के मद्देनजर अधिक वसा और चीनी वाले अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की बढ़ती खपत पर और इसके विज्ञापनों पर चिंता जताई गई है।*

*सवाल है कि जिस दौर में मुफ्त सुविधाओं की घोषणा को चुनावी जीत का जरिया बनाने की प्रवृत्ति हावी हो रही हो, उसमें बजट में क्या कोई ऐसी घोषणा सामने आ सकती है, जो इस पर लगाम लगाए!*

**मुक्त व्यापार समझौता**

विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच इतिहास का सबसे बड़ा व्यापार समझौता

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए-भविष्य का रोडमैप



**पीयूष गोयल**
केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री

भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक कूटनीति में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इससे लाखों रोजगार पैदा होंगे तथा भारतीय युवाओं और किसानों के लिए व्यापक अवसरों का सृजन होगा। इसके साथ ही लगभग 2 अरब की उस आबादी के लिए धन पैदा होगा जो मिल कर वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक-चौथाई भाग है।

विश्व की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच यह एफटीए इतिहास के सबसे बड़े व्यापार समझौतों में से एक है। वास्तव में यह व्यापार समझौते से ज्यादा व्यापक है। यह कृत्रिम मेधा (एआई), रक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाली विस्तृत साझीदारी है। इस एफटीए से भारत के हर क्षेत्र और नागरिक तथा खास तौर से निर्धन तबकों को लाभ पहुंचेगा।

यह एफटीए नियम आधारित व्यापार और आर्थिक नीतियों में स्थिरता सुनिश्चित करता है जिससे भारत स्वदेशी और विदेशी निवेश के लिए और ज्यादा आकर्षक बनेगा। यह छोटे व्यवसायियों, स्टार्टअप संस्थाओं और कामगारों के लिए अनेक अवसर पैदा करेगा।

विश्व ने प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा की सराहना करते हुए इस एफटीए को सभी समझौतों से बड़ा बताया है। यह वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में स्थिरता को मजबूत करता है। यह भारत और यूरोपीय संघ को मुक्त बाजार, पूर्वानुमान क्षमता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध भरोसेमंद साझीदारों के रूप में स्थापित करता है।

भारत ने व्यापार मूल्य के हिसाब से यूरोपीय संघ में अपने 99 प्रतिशत से ज्यादा निर्यात के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच प्राप्त की है जिससे 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस एफटीए से कपड़ा,



रेडीमेड वस्त्र, चमड़ा, फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण, हस्तशिल्प, इंजीनियरी सामान और ऑटोमोबाइल जैसे श्रमसाध्य क्षेत्रों को निर्णायक मजबूती मिलेगी।

इस समझौते से लगभग 33 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर 10 प्रतिशत तक टैरिफ खत्म होगा। इससे कामगारों, हस्तशिल्पियों, महिलाओं, युवाओं तथा सूक्ष्म, छोटे और मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) का सशक्तीकरण होगा। वैश्विक मूल्य श्रृंखला से भारतीय व्यवसाय ज्यादा गहराई से जुड़ेंगे और वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी।

यह समझौता व्यवसायियों और पेशेवर तबके के लिए दूसरे देशों में जाने को आसान बनाते हुए शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और कंप्यूटर जैसे सेवा क्षेत्रों में अवसरों के नए द्वार खोलता है। व्यापार समझौते गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की मोदी सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं। यह रणनीति भारत को अपनी ताकत का सही इस्तेमाल करने और उन लाभकारी बाजारों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाती है जो कृषि और डेयरी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा करते हुए श्रमसाध्य क्षेत्रों में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते भारतीय उद्योगों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करते हैं और उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय उत्पाद उपलब्ध कराते हैं। मोदी सरकार ने ऐसे समझौते किए हैं जिनमें टैरिफ में कमी धीरे-धीरे की जाती है। जिससे उद्योगों को उचित नीतिगत समर्थन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त समय मिलता है।

प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण का केंद्र है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के पूरी तरह अनुरूप है। यह भारत को वैश्विक मंच पर एक गतिशील, विश्वसनीय और दूरदर्शी भागीदार के रूप में स्थापित करता है, जो दोनों क्षेत्रों के लिए समावेशी, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार विकास की नींव रखता है। मोदी सरकार ने सिर्फ़ विकसित देशों के साथ ही व्यापार समझौते किए हैं, जो कपड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, और हस्तशिल्प जैसे भारत के प्रमुख रोजगार पैदा करने वाले क्षेत्रों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। यह यूपीए शासन से बिल्कुल उल्टा है उन्होंने प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं के साथ समझौतों में जल्दबाजी की और अक्सर भारत को मिलने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक रियायतें दीं। मोदी सरकार ने अर्थशास्त्रियों, औद्योगिक निकायों, विशेषज्ञों और कई सरकारी विभागों एवं मंत्रालयों के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। परिणामस्वरूप, मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक व्यापार समझौते को उद्योगों से व्यापक सराहना मिली है। मोदी सरकार द्वारा संपन्न प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते ने दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं और भारत के श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार किया है। इन समझौतों ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनने की दिशा में उसकी यात्रा को तेज़ किया है।

यूपीए के कार्यकाल के दौरान, यूरोपीय संघ सहित विकसित देशों की भारत में रुचि कम हो गई थी, क्योंकि आर्थिक विकास धीमा हो गया था, मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई थी और व्यापार का माहौल निराशाजनक था। तब भारत ने ऐसे लाभप्रद व्यापार समझौतों के मूल्यवान अवसर गंवा दिए, जो विकास को गति दे सकते थे और रोजगार पैदा कर सकते थे।

मोदी सरकार द्वारा संपन्न अन्य व्यापार समझौतों के साथ, भारत-ईयू एफटीए, ढुलमुल और निर्णायक नेतृत्व के बीच के अंतर को रेखांकित करता है। जहाँ पहले की सरकारें हिचकिचाती थीं और घुटने टेकती थीं वहीं मोदी सरकार ने बदलाव लाने वाला एक ऐसा समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करने के साथ साथ रोजगार पैदा करता है और भारत के मुख्य हितों की रक्षा करता है। यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे मजबूत नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता नए अवसरों के दरवाजे खोल सकती है, जो देश को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं।

जब मैंने अंतरिक्ष से भारत को देखा तो सोचा ....

# यही है महान भारत, मेरा घर - सुनीता विलियम्स

> अंतरिक्ष स्टेशन से हम जितनी बार भी भारत के ऊपर से गुजरे, हमने देखा शानदार हिमालय। खूबसूरत रंगों की वह लहर देख हम सभी मंत्रमुग्ध थे। मैंने सोचा यही है महान भारत। यही घर है मेरा।



भारत अद्भुत देश है! अंतरिक्ष से देखने पर यह अद्भुत दिखता है। अमेरिकी अंतरिक्ष स्टेशन से हम जितनी बार भी हिमालय के ऊपर से गुजरे, तो मेरे साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने इसकी शानदार तस्वीरें लीं, जो बेहद अद्भुत हैं! अंतरिक्ष से दिखने वाले भारत के नजारे देखकर मैं मंत्रमुग्ध हो जाती हूं-पश्चिम में मछली पकड़ने वाले बेड़ों से लेकर उत्तर में शानदार हिमालय तक, यह मेरे लिए घर जैसा ही है। मैंने पहले भी हिमालय को एक लहर की तरह बताया है, जो साफ तौर पर तब बनी, जब प्लेटें टकराईं और फिर, जैसे-जैसे यह भारत में नीचे आती है, इसके कई-कई रंग होते हैं। मुझे लगता है कि जब आप पूरब से गुजरात और मुंबई की तरफ जाते हैं, और (आप) वहां तट के पास मछली पकड़ने वाले जहाजों का बेड़ा देखते हैं, तो यह आपको एक तरह से इशारा देता है कि हम भारत आ गए हैं। मुझे लगता है कि पूरे भारत को लेकर मेरी धारणा यह थी कि यह रोशनी का एक नेटवर्क है, जो बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक फैला हुआ है, और रात एवं दिन में भी देखने में बहुत शानदार लगता है, खासकर हिमालय की वजह से, जो भारत में नीचे की ओर जाते हुए सबसे आगे है।

मुझे खुशी है कि मुझे भारत यात्रा के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिल रहा है, क्योंकि यह एक महान देश है और एक शानदार लोकतंत्र है। मेरे पिता भारत में पैदा हुए थे, इसलिए अपने 'पिता के देश' की यात्रा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं बहुत दिन से इस यात्रा की उम्मीद कर रही थी। भारत अंतरिक्ष में अपने अंतरिक्षयान भेजने वाले देशों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा है और मैं इसका हिस्सा बनना चाहूंगी और भारत की मदद करना चाहूंगी। इस समय मुझे लगता है कि पूरी दुनिया में अंतरिक्ष की होड़ चल रही है। लोग इस पर चर्चा कर रहे हैं। हम चांद पर वापस जाना चाहते हैं, ताकि वहां काम करने के नियमों और तरीकों के बारे में बातचीत शुरू कर सकें, कि हम वास्तव में चांद पर कैसे काम करेंगे, खासतौर पर दूसरे देशों के साथ मिलकर। लेकिन यह भी सुनिश्चित करना है कि यह काम अंटार्कटिका की तरह ही उत्पादक और लोकतांत्रिक तरीके से हो। मेरा मतलब है, यह उसी तरह की चीज है।

मुझे लगता है कि जब आप अंतरिक्ष में जाते हैं, तो सबसे पहली चीजों में से एक जो आप करते हैं, वह यह कि हम सब अपना घर ढूंढना चाहते हैं, जैसे हमारा अपना घर। मैं मैसाचुसेट्स में पली-बढ़ी हूं। मेरे पिता भारत से हैं। मेरी मां स्लोवेनिया से हैं। इसलिए मैं जाहिर है कि उन जगहों को ढूंढ रही हूं, जिन्हें मैं अपना घर कह सकूं। मुझे लगता है कि हर कोई ऐसा करता है, या हो सकता है कि मैं गलत कह रही हूं। और यही आपका पहला मकसद है-इस ग्रह को एक ग्रह के तौर पर देखना। हमारा ग्रह जिंदा है। कुछ लोगों को लगता है कि वहां सिर्फ चट्टानें हैं। लेकिन यह हिल रहा है। मैं वे खास हलचलें तो नहीं देख पाई, लेकिन मैं वातावरण को देख सकती थी। मैं पारस्परिक क्रिया को देख सकती थी। मैं मौसम देख सकती थी। मैं समुद्र के रंगों में बदलाव देख सकती थी, जैसे कि शैवाल के खिलने से, या उत्तरी गोलार्ध में या अंटार्कटिका के पास बर्फ बनने को देख सकती थी। आप यह सब देख सकते हैं। हवा और पानी जुड़े हुए हैं। और फिर आप खुद अपने बारे में सोचते हैं। मेरे लिए, यह ऐसा था, ओह, हे भगवान, मैं जितने भी लोगों को जानती हूं, वे सब वहां हैं। हर जानवर, हर पौधा, हम जो कुछ भी जानते हैं, वे सब वहां है। और हम सब इस एक चीज पर हैं, जिसे वे हमारे सौर मंडल में एक छोटा-सा अंतरिक्षयान कहते हैं। यह हमारे बीच किसी भी तरह के मतभेदों के बारे में सोच को बदल देता है। यह सच में आपको ऐसा महसूस कराता है कि हम सब एक हैं, और हम सभी को शायद थोड़ा और करीब तथा मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि मुझे लगता है कि मेरी सबसे बड़ी धारणा यह है कि लोग अच्छे होते हैं। लोग भले होते हैं। लेकिन हम जिंदगी की उलझनों में कभी-कभी यह भूल जाते हैं। क्योंकि हम इस या उस बात पर, धर्म, राजनीति, वगैरह-वगैरह पर बहस करने लगते हैं। लेकिन हम सब इन्सान हैं और हम एक-दूसरे की परवाह करते हैं। यह अंतरिक्ष में मेरी सीखी हुई सबसे बड़ी सीखों में से एक है।

**( विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित )**

**न्यूट्रीशन ट्रेंड**

# ओट्स, ज्वार, रागी, बाजरा या गेंहू... आपके लिए कौन सा आटा सही है?

**कोई एक सबसे अच्छी रोटी नहीं होती। सही आटा आपकी पाचन शक्ति, सेहत, मौसम और जीवनशैली पर निर्भर करता है। ओट्स, ज्वार, बाजरा, रागी या बेसन तभी फायदेमंद हैं जब वे आपको एनर्जी दें और पेट को आराम पहुंचाएं।**

● खुशी छाबड़ा ●
न्यूट्रिशनिस्ट

आज किसी भी किराना स्टोर की शेल्फ देखें तो साफ दिखता है कि हमारी साधारण रोटी कितनी बदल चुकी है। ओट्स, मिलेट्स, सोया, मल्टीग्रेन, जौ जैसे अनगिनत विकल्प हैं और उतनी ही ज्यादा उलझन भी। कभी जो रोटी रोजमर्रा का भोजन थी, आज वह हेल्थ डिबेट बन गई है। सच्चाई सोशल मीडिया की सलाहों से कहीं आसान है। आटा या चावल का चुनाव ट्रेंड से ज्यादा इस बात पर होना चाहिए कि आपका शरीर क्या स्वीकार करता है। सही अनाजों का मिश्रण हो तो मल्टीग्रेन रोटी पोषण से भरपूर हो सकती है। इसमें फाइबर, बी विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं। लेकिन कई मल्टीग्रेन आटे में गेहूं ज्यादा और दूसरे अनाज कम होते हैं, जो ग्लूटेन से परेशानी वालों के लिए सही नहीं। लेबल पढ़ना जरूरी है।



### ओट्स रोटी

ओट्स में घुलनशील फाइबर होता है, जो खून में शुगर के अवशोषण को धीमा करता है और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में मदद करता है। डायबिटीज और हार्ट पेशेंट्स के लिए यह फायदेमंद हो सकती है। लेकिन हर किसी की पाचन शक्ति के लिए ओट्स सही नहीं है। जिन लोगों को पेट फूलने, गैस या भारीपन की समस्या रहती है, उनके लिए ओट्स रोटी पेट में भारी पड़ सकती है।

### सोया रोटी

सोया प्रोटीन और आइसोफ्लेवोन्स से भरपूर होती है, इसलिए शाकाहारियों, जिम जाने वालों और प्रोटीन की कमी वालों को पसंद आती है। लेकिन सोया शरीर पर जैविक असर डालती है। थायरॉइड या हार्मोन से जुड़ी समस्याओं वाले लोगों को इसे रोज बिना सलाह के नहीं लेना चाहिए। इसका इस्तेमाल सोच-समझकर करना बेहतर है।

### चावल के आटे की रोटी (अक्की रोटी)

यह ग्लूटेन-फ्री होती है और पचाने में हल्की होती है। कमजोर पाचन या बीमारी से उबरते समय इसे खाना आसान रहता है और तुरंत ऊर्जा देती है। लेकिन यह जल्दी पचती है और ब्लड शुगर तेजी से बढ़ा सकती है, इसलिए डायबिटीज या इंसुलिन रेजिस्टेंस वालों के लिए रोजाना सही नहीं है।

**ज्वार रोटी :** ज्वार में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स होते हैं। यह पेट को भरा रखती है, दिल की सेहत के लिए अच्छी है और ग्लूटेन सेंसिटिविटी वालों को भी सूट करती है। ज्यादातर लोगों के लिए यह रोज की रोटी बन सकती है। हालांकि जिनका पाचन बहुत धीमा है या जो कम पानी पीते हैं, उनमें ज्वार कब्ज बढ़ा सकती है।

**बाजरा रोटी :** बाजरा आयरन, जिंक और फाइबर से भरपूर होता है। परंपरागत रूप से इसे सर्दियों में खाया जाता रहा है। यह ऊर्जा, सहनशक्ति और वजन संतुलन में मदद करता है। लेकिन बाजरा शरीर में गर्मी बढ़ाता है, इसलिए एसिडिटी, आईबीएस या ज्यादा गर्म तासीर वाले लोगों को इससे दिक्कत हो सकती है।

**बेसन रोटी :** बेसन में प्रोटीन और फाइबर होता है, जो ब्लड शुगर कंट्रोल और इंसुलिन सेंसिटिविटी सुधारने में मदद करता है। डायबिटीज और पीसीओएस में इसे पसंद किया जाता है। लेकिन बेसन गैस बना सकता है, खासकर जब पाचन कमजोर हो। अगर खाने के बाद भारीपन या सूजन हो, तो इसे कभी-कभी ही लें।


**गूगल फोटो ऐप में खास फीचर लॉन्च**

# गूगल से सिर्फ बोल दें, आपकी फोटो एडिट कर देगा....

ओरिजनल



एडिटेड



> **गूगल फोटो एप में भारत के लिए नए एआई एडिटिंग टूल्स लॉन्च हुए हैं। यूजर अब टेक्स्ट या वॉइस कमांड से फोटो सुधार सकते हैं। यह फीचर कई भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है और एंड्रायड फोन पर उपलब्ध है।**

गूगल ने भारतीय यूजर्स के लिए गूगल फोटो एप में खास फीचर जारी कर दिया है। इस फीचर की मदद से अब यूजर्स बोलकर या लिखकर फोटो को एडिट कर सकेंगे। गूगल ने एआई पावर्ड फोटो एडिटिंग फीचर्स रोलआउट करना शुरू कर दिया है, जिससे फोटो एडिट करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। अब यूजर्स को स्लाइडर या जटिल टूल्स में उलझने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि फोटो में बदलाव सिर्फ टेक्स्ट या आवाज के जरिए किया जा सकेगा। यह फीचर जेमिनी एआई पर आधारित है और ये हिंदी, तमिल, तेलुगु, मराठी, बंगाली और गुजराती समेत कई भारतीय भाषाओं में काम करेंगे।

### नैनो बनाना से मिलेगा क्रिएटिव टच

गूगल फोटो में नैनो बनाना नाम का फीचर भी जोड़ा गया है, जिससे फोटो को नए अंदाज में बदला जा सकता है। यूजर किसी कमरे में फर्नीचर जोड़ने, फोटो का फ्रेम बढ़ाने, पुरानी तस्वीरों को रीस्टोर करने या लोगों और पालतू जानवरों को नए सीन में रखने जैसे बदलाव कर सकते हैं। यह फीचर उन लोगों के लिए खास है, जो फोटो को सिर्फ सुधारना नहीं बल्कि नया रूप देना चाहते हैं।

### अब शब्दों से बदलेगी आपकी फोटो

अब यूजर गूगल फोटोज से कह सकते हैं कि बैकग्राउंड ब्लर कर दो, विंडो की रिफ्लेक्शन हटा दो या फोटो की लाइटिंग बेहतर कर दो। एक ही कमांड में कई बदलाव भी किए जा सकते हैं, जैसे फोटो को सीधा करना, शैडो ठीक करना और रंगों को निखारना। इसका मकसद फोटो एडिटिंग को उन लोगों के लिए भी आसान बनाना है, जिन्हें प्रोफेशनल टूल्स की समझ नहीं होती।

### ये स्मार्ट बदलाव भी होंगे आसान

नए फीचर की खास बात यह है कि यह सिर्फ बैकग्राउंड तक सीमित नहीं है। यूज़र फोटो में मौजूद लोगों को लेकर भी बदलाव मांग सकते हैं, जैसे किसी दोस्त का चश्मा हटाना, आंखें खोलना या मुस्कान जोड़ना। गूगल का कहना है कि यह फीचर यूजर के प्राइवेट फेस ग्रुप्स की मदद से ज्यादा सटीक रिजल्ट देता है, खासकर ग्रुप फोटो में जहां छोटी डिटेल्स अक्सर छूट जाती हैं।

# क्यों घटती-बढ़ती है करंसी की वैल्यू?

**नॉलेज**



> **करंसी की वैल्यू का मतलब आम तौर पर एक मुद्रा की दूसरी मुद्रा के मुकाबले कीमत से होता है. जैसे आज 1 डॉलर = 92 रुपये है तो इसका अर्थ है कि 1 डॉलर खरीदने के लिए 92 रुपये देने पड़ते हैं. जब कहा जाता है कि रुपया मजबूत हुआ तो मतलब होता है कि कम रुपये देकर 1 डॉलर मिल रहा है (जैसे 92 से 90). और रुपया कमजोर हुआ का मतलब है ज्यादा रुपये देकर 1 डॉलर मिल रहा है (जैसे 92 से 94)।**

अक्सर खबरें आती हैं कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर हो गया। कभी सोचा है कि रुपया यानी भारतीय करंसी कैसे कमजोर हो जाती है। किसी भी देश की करंसी के मजबूत होने या कमजोर होने के पीछे कई कारण होते हैं। आसान भाषा में समझें ऐसा क्यों और कैसे होता है ।

### यूं ही नहीं बदलती वैल्यू

करंसी की वैल्यू एक बटन दबाने से नहीं बदलती। यह रोज़ाना की डिमांड एंड सप्लाई और देश की आर्थिक हालत, ब्याज दर, व्यापार, निवेश, भरोसे और नीतियों के मिलेजुले असर से बदलती है. जब किसी देश की मुद्रा की मांग बढ़ती है या उसकी सप्लाई घटती है, तो उसकी वैल्यू मजबूत होने लगती है। मांग बढ़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं—देश में निवेश बढ़ना, निर्यात बढ़ना, ब्याज दर आकर्षक होना, महंगाई काबू में होना, या जोखिम कम लगना।

**निर्यात बढ़ना :** मान लें भारत की दवाइयां, आईटी सेवाएं या ऑटो पार्ट्स दुनिया में ज्यादा बिकने लगें। विदेश के खरीदार भुगतान करने के लिए रुपये की मांग बढ़ाते हैं या भारत की कंपनियों को डॉलर देते हैं, जिसे वे रुपये में बदलती हैं। इससे रुपये की मांग बढ़ती है और वह मजबूत हो सकता है।

**विदेशी निवेश का बढ़ना :** अगर विदेशी कंपनियां भारत में फैक्ट्री लगाएं या विदेशी फंड भारतीय शेयर/बॉन्ड में निवेश बढ़ाएं, तो उन्हें अपना डॉलर/यूरो रुपये में बदलना होगा। इससे बाजार में रुपये की मांग बढ़ती है और मुद्रा मजबूत हो सकती है।

**ब्याज दर बढ़ना और अंतर का फायदा :** यदि किसी देश की ब्याज दरें बाकी देशों की तुलना में आकर्षक हों, तो निवेशक वहां के बॉन्ड/डिपॉजिट में पैसा लगाना चाहेंगे। उन्हें उस देश की करंसी खरीदनी पड़ेगी। उदाहरण के तौर पर, अगर भारत में रिटर्न तुलनात्मक रूप से बेहतर दिखे, तो रुपये की मांग बढ़ सकती है और वैल्यू ऊपर जा सकती है।

**महंगाई काबू में आना :** जिस देश में महंगाई कम रहती है, वहां की मुद्रा की खरीदने की ताकत बेहतर रहती है। बाजार को लगता है कि यह मुद्रा समय के साथ ज्यादा स्थिर रहेगी। नतीजा, उस मुद्रा में भरोसा बढ़ता है, मांग बढ़ती है, और वैल्यू मजबूत हो सकती है।

**करंट अकाउंट/ट्रेड घाटा कम होना :** अगर देश का निर्यात बढ़ जाए, तो विदेशी मुद्रा पर निर्भरता कम होगी। इससे स्थानीय मुद्रा मजबूत हो सकती है। उदाहरण- तेल आयात बिल घटे, तो रुपये पर दबाव कम हो सकता है।

### डॉलर महंगा बनाम रुपया मजबूत

- अगर 1 डॉलर की कीमत 90 से 95 रुपया पर चली जाए, तो डॉलर महंगा हुआ और रुपया कमजोर हुआ।
- अगर 1 डॉलर की कीमत 90 से 85 पर आ जाए, तो डॉलर सस्ता हुआ और रुपया मजबूत हुआ।

### आम आदमी पर असर

**रुपया मजबूत-** आयात सस्ता (तेल, मोबाइल, विदेशी शिक्षा), विदेशी यात्रा सस्ती; लेकिन निर्यातकों की कमाई पर दबाव आ सकता है।

**रुपया कमजोर-** आयात महंगा (महंगाई बढ़ सकती है), विदेश पढ़ाई/यात्रा महंगी; लेकिन निर्यातकों को फायदा हो सकता है क्योंकि विदेश में उनके सामान की कीमत प्रतिस्पर्धी बनती है।

इस तरह हम समझ सकते हैं कि करंसी की वैल्यू कोई रहस्यमयी चीज नही। यह मुख्यतः डिमांड सप्लाई का खेल है, जिसे व्यापार, निवेश, ब्याज दर, महंगाई, और वैश्विक घटनाएं प्रभावित करती हैं। जब देश की अर्थव्यवस्था मजबूत दिखती है तो करंसी मजबूत होती है; और जब घाटे, महंगाई, अनिश्चितता बढ़े, तो करंसी दबाव में आ जाती है।

## न्यूज कार्नर

### जय स्तंभ में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर दी मौन श्रद्धांजलि



रीवा । शहीद दिवस को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित देश के लिए मर मिटने वाले ज्ञात अज्ञात अमर शहीदों,बलिदानियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पावन स्मृति के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान, नारी चेतना मंच, समाजवादी कार्यकर्ता समूह एवं विंध्यांचल जन आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय ऐतिहासिक स्वतंत्रता स्मारक जय स्तंभ परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर प्रातः काल 11:00 बजे 2 मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समता संपर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे, राष्ट्र सेवा दल नेता लोकतंत्र सेनानी बृहस्पति सिंह, वरिष्ठ चिंतक अरविंद त्रिपाठी , नारी चेतना मंच की पूर्व अध्यक्ष गीता महंत, इतवरिया चंदेल, युवा नेता अम्बिकेश सिंह अंकुर , परिवर्तन पटेल आदि की भागीदारी रही।

### सत्य अहिंसा के पुजारी की पुण्यतिथि पर इंटक की संगोष्ठी



रीवा। जिला राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक रीवा द्वारा देश की आजादी के महानायक महान सत्याग्रही सत्य अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन गुढ़ रोड में किया गया। इंटक के अध्यक्ष जी.पी.त्रिपाठी ने कहा कि गांधी जी निष्काम कर्मयोगी और सच्चे अर्थों में युग पुरुष थे। इंटक उपाध्यक्ष एडवोकेट रमेश कुमार सोनी ने कहा कि गांधी जी चाहते थे कि देश में किसी प्रकार का कोई छुआछूत, भेदभाव न हो तथा नशाखोरी जैसी बुराइयों के लिये कोई स्थान न हो। इस अवसर पर वीरेन्द्र सिंह, राजकुमार, रामपाल विश्वकर्मा, प्रदीप वर्मा, कल्याण सोनी, धीरेन्द्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

### एआईएफबी ने किया महात्मा गांधी को याद



रीवा। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर दो मिनट का मौन रख राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अन्य शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको याद किया गया। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक के प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने कहा कि हम सभी को गांधी जी की विचारधारा को अंगीकार कर देश और समाज की सेवा करनी चाहिये। प्रदेश सचिव गफूर खांन ने कहा कि गांधी जी की विचारधारा पूरे विश्व में अजर और अमर है। इस अवसर पर रामलाल श्रीवास्तव, यासीन खांन, शोभनाथ गुप्ता, राजकुमार कोल, सियावती साकेत, सावित्री श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, रमेश वर्मा, ममता रावत सहित अन्य उपस्थित रहे।

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में।**



रीवाः अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे- केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेड़े मेड़े पाँव का उपचार, रीड की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

## बोर्ड परीक्षा के लिए बचे कुछ दिन शेष

# एसआईआर फॉर्म में उलझे मास्साब विद्यार्थी लगा रहे पास-फेल का हिसाब

### हाई और हायर सेकेंडरी के सैकड़ों शिक्षक अभी भी कर रहे बीएलओ का काम



जागरण,रीवा

बोर्ड परीक्षाओं के लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, 10 दिन बाद परीक्षा शुरू होगी। अन्य कक्षाओं की परीक्षा की तारीखें भी नजदीक आ रही हैं लेकिन ज्यादातर स्कूलों में पढ़ाई ठप्प चल रही है। रिवीजन तो दूर की बात अभी तक विद्यार्थियों का कोर्स तक पूरा नहीं हो पाया है। इसका कारण एसआईआर में लगी शिक्षकों की ड्यूटी है। सूत्रों की माने तो जिले में करीब एक सैकड़ा से ज्यादा हाई और हायर सेकंडरी स्कूल शिक्षक अभी भी एसआईआर के काम में लगे हुए हैं। कई स्कूल तो ऐसे भी हैं जहां के नियमित शिक्षकों को बीएलओ बना दिया गया है और पढ़ाई अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रही है। यही वजह है कि विद्यार्थियों का भी स्कूल से मोहभंग हो चुका है। स्कूलों में अटेंडेंस कम होती जा रही है। सरकारी स्कूलों के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए अब तक दसवीं-बारहवीं की कक्षाओं का कोर्स पूरा हो जाना था। अब बचे हुए दिनों में शिक्षकों को उन विषयों की एक्सट्रा क्लास लगानी होती है, जिसमें बच्चों को ज्यादा परेशानी होती है लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी संभव नजर नहीं आ रहा है। बच्चों को खुद से ही पढ़ना पड़ रहा है। इस वजह से उनकी परेशानियां भी बढ़ रही हैं।

### प्रभावित हो सकता है रिजल्ट

प्रदेश में एसआईआर का काम 4 नवंबर से शुरू हो गया था। शिक्षकों की ड्यूटी भी उसी समय से लगा दी गई थी। यानी इस साल स्कूलों में पूरे 6 माह भी पढ़ाई नहीं हो सकी। शिक्षक एसआईआर का काम कराने में लगे हैं और बच्चे स्कूल में परेशान होते रहे। जो बच्चे सक्षम लेकिन गरीब वर्ग के हैं, उन्हें तो ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा परंतु रिजल्ट प्रभावित होने की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

### अधिकारी भी नहीं दे पा रहे जवाब

परीक्षा के ठीक पहले तक शिक्षकों की एसआईआर में ड्यूटी को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी भी कुछ नहीं बोल पा रहे हैं। उनसे जब चर्चा करने की कोशिश की गई तो उनका कहना था कि एसआईआर के काम में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के आदेश शासन स्तर से हैं। स्कूलों में जो पढ़ाई प्रभावित हो रही है, उसे दूसरे तरीके मैनेज करने का प्रयास किया जा रहा है।

### ढाई महीने से नहीं आए शिक्षक

जानकारों का कहना है कि ढाई महीना हो गया, ज्यादातर टीचर स्कूल नहीं आते हैं। विज्ञान और हिंदी के टीचर ही पढ़ा रहे हैं। टीचर एसआईआर के काम में लगे हैं। ऐसे में ही शिक्षा विभाग ने सभी क्लासों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा करा ली। अब बोर्ड परीक्षाओं का समय है, बावजूद इसके शिक्षकों को स्कूल नहीं भेजा जा रहा है।

## भोपाल और सागर के बीच आज होगा फाइनल मुकाबला



### खेलो एमपी-यूथ गेम्स फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन आज, तीसरे स्थान के लिए भी भिड़ेंगी दो टीमें

जागरण,रीवा। खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वावधान में राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स फुटबॉल प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित किया जा रहा है। जिससे 8 संभाग से बालक-बालिकाओं की टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें रीवा, जबलपुर, सागर, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, शहडोल शामिल हुये। शुक्रवार को सेमीफाइनल बालिका वर्ग में पहला मैच भोपाल और शहडोल के बीच खेला गया जिसमें भोपाल 2-0 से विजेता रही, दूसरी सेमीफाइनल में जबलपुर और ग्वालियर के बीच खेला गया, जिसमें जबलपुर 5-0 से विजेता रही। बालक वर्ग में पहला मैच जबलपुर और भोपाल के बीच खेला गया जिसमें भोपाल 2-0 से विजेता रहा, दूसरा मैच इंदौर और सागर के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमें 1-1 बराबरी कर, पैनॉल्टी शूट ऑउट में सागर ने 6-5 से विजेता रहा। फुटबाल महासंघ के टूर्नामेंट डायरेक्टर नकवी, मैच कमिश्नर यूबी सिंह, राजेश कौशल और चन्द्रा मलिक की देखरेख में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के खेल मैदान में कराये जा रहे हैं। शुक्रवार को मैचों में विशेषतौर पर अमित रंजनदेव सचिव फुटबॉल मप्र महासंघ उपस्थित रहे। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में फुटबॉल खेल का समापन आज 31 जनवरी को शाम 4 बजे होगा।

### गीताजंलि पब्लिक में स्कूल मनाया गया शहीद दिवस



रीवा। गीताजंलि पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुन्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थापक शिवप्रसाद प्रधान व अरूणा प्रधान रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी के प्रिय गीत वैष्णव जन तो तेंणे कहिए के साथ बापू जी की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बापू के याद में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छात्रों द्वारा गांधी जी के विचारों पर भाषण एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए सत्य,अहिंसा, सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अपने जीवन में अपनाने एवं मार्ग पर चलने को कहा। समापन गांधी जी के प्रिय कीर्तन रघुपति राघव राजा राम के गायन के साथ किया गया।

### किया गया पुण्य स्मरण



रीवा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को जिले में शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों का नमन किया गया। कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### कमिश्नर ने शहीदों को दी मौन श्रद्धांजलि



रीवा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि संभाग के सभी जिलों में शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। सभी कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश पर प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नवीन सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, अपर कलेक्टर रीवा सपना त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल तथा अन्य अधिकारियों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जेल में मनाया गया शहीद दिवस



रीवा। केन्द्रीय जेल में शहीद दिवस के अवसर पर जेल में पदस्थ समस्त अधिकारी/कर्मचारी तथा परिरुद्ध बंदियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर देश की आजादी और समृद्धि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर तम्बाकू के सेवन की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में जेल में परिरुद्ध बंदियों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में अवगत कराकर तम्बाकू एवं तम्बाकू से निर्मित उत्पादों का सेवन न करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदल, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, डॉ. अभिनय सिंह, राजीव तिवारी, स्वदीप सिंह सहित अधीनस्थ स्टाफ उपस्थित रहा।

## अनुसंधान आधारित विकास ही लाभप्रद है: उप मुख्यमंत्री

### प्रबंधन और वाणिज्य में नवीन अनुसंधान और सतत विकास विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का हुआ शुभारंभ




जागरण,रीवा। प्रबंधन और वाणिज्य में नवीन अनुसंधान और सतत विकास विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कार्यशाला का शुभारंभ कर कहा कि अनुसंधान आधारित विकास लाभप्रद है। हमें अपनी सनातन संस्कृति और मूल्यों से जुड़े रहकर विकास करना होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक तरक्की के लिये भारतीय मूल्यों को दांव पर न लगायें। युवाओं का दायित्व है कि वह नवाचार करें, अनुसंधान करें तथा सतत विकास की ओर ले जाने के लिये आगे आयें। श्री शुक्ल ने कहा कि हमें अपनी भारतीय ज्ञान परंपरा से हटकर कार्य नहीं करना चाहिए यदि हम रास्ते से भटके तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने एमबीए विभाग द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। हम 2047 तक विश्वगुरु तो बनेंगे ही, साथ ही आने वाले समय में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनेंगे। इस अवसर पर प्रभारी कुलगुरु प्रो.सुनील तिवारी ने कहा कि सतत विकास ही सनातन की परिकल्पना है। लगातार हो रहे वर्ग संघर्ष के इस दौर में मानवता को संरक्षित रखने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति ही विश्व में शांति स्थापित करने में सक्षम है। उन्होंने टिकाऊ व सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो.पद्मेश कुमार ने कहा कि नवीन शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ने का कार्य किया गया है। अमेरिका से आयीं डॉ.प्रतिभा सिंह ने कहा कि आधुनिक विकास में नवीन शोध व स्थायी विकास आवश्यक है। अडानी ग्रुप की एनेट एफ विश्वास ने कहा कि मैनेजमेंट व वाणिज्य एक दूसरे को लाभ प्रदान करते हैं। विकास ऐसा हो जो आने वाली पीढ़ी के लिये वरदान बने। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक विभागाध्यक्ष एमबीए विभाग डॉ.अतुल पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश की प्राचीन परंपरा को कायम रखते हुए सतत विकास के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए। हमने कोविड काल में विश्व को अपनी क्षमता से परिचित कराया। इस अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 110 रिसर्च स्कालर उपस्थित है तथा 85 ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस दौरान 100 से अधिक शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण होगा। उन्होंने बताया कि 6 देशों के प्रतिनिधि भी इसमें भाग ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सोवेनियर का विमोचन किया। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ.सुरेन्द्र सिंह परिहार, बद्रिका मोटर्स के एमडी सुनील सिंह सहित देश, विदेश के विषय विशेषज्ञ, प्राध्यापक तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन शासकीय आवासों का किया निरीक्षण



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने चिरहुला कॉलोनी में हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाये जा रहे 165 शासकीय आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिये कि पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करायें। श्री शुक्ल ने कहा कि शासकीय आवासों के बन जाने से अधिकारियों और कर्मचारियों की आवास संबंधी समस्या का स्थाई तौर पर निराकरण हो जायेगा। उल्लेखनीय है कि 40 करोड़ रूपये की लागत से एक डी टाइप ड्यूप्लेक्स, चार ई टाइप ड्यूप्लेक्स, 16 एफ टाइप पी प्लस 4 के साथ ही 48-48 जी, एच व आई टाइप पी प्लस 6 आवासों का निर्माण किया जा रहा है।

## डाइट रीवा में प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत




जागरण, रीवा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में प्राचार्य टीपी सिंह के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान मेला का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी, पर्यावरण गीत, लघु नाटिका एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रीवा संभाग के 89 विद्यार्थियों एवं 39 मार्गदर्शक शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रत्येक विषय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। प्राचार्य टीपी सिंह द्वारा विजेता प्रतिभागियों की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनीता अवधूत, अनीता सोहगौरा, डॉ.अशोक पटेल, अनिल सिंह तिवारी, डॉ.विपिन शर्मा, सुनीता अग्निहोत्री, प्रमोद सोहगौरा, दीप्ति शुक्ला, अर्पण मिश्रा, अपूर्ण तिवारी, पूनम मिश्रा सहित डाइट रीवा के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन अवसर पर प्राचार्य टीपी सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं।

**यह रहा परिणाम...** विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान नंद जी सिंगरौली, द्वितीय स्थान संजय शाह सीधी, तृतीय स्थान अनुज शाह सिंगरौली, गणित विषय में प्रथम स्थान सुमित तिवारी सिंगरौली, द्वितीय स्थान अनय सिंह रीवा, तृतीय स्थान माधवी साकेत सीधी, शिक्षक सेमिनार में प्रथम स्थान संगीता सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरा रीवा, द्वितीय स्थान शरद कुमार पांडेय शासकीय हाई स्कूल शाहपुर सिंगरौली रहे।

**प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 08 फरवरी रविवार को रीवा में**



रीवा-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 08 फरवरी 2026 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 20000 (बीस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत सात (10) वर्षों से कमाता मेडिकल में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, हेल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.

## शरीर में उभर रहे दर्द के फफोले मौसम में बदलाव बन रहा कारण

जागरण,रीवा। बदलते मौसम में त्वचा रोग से पीड़ित मरीज जिला चिकित्सालय पहुंच रहें हैं। शरीर में उभरे दर्द भरे फफोले का इलाज कराने मरीज जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। चिकनपॉक्स जैसे ही लक्षण ऐसे बीमार व्यक्ति या फिर बच्चों में देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सर्दियों के साथ ही शुरुआती बसंत में ही इस संक्रमण का ज्यादा फैलना विशेषज्ञों के द्वारा बताया जा रहा है। उनके बताए अनुसार इस बीमारी से घबराने की जरुरत नहीं है। बस अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखकर खुद को सुरक्षित रखा जा सकता है।

**फरवरी-मार्च माह में सामने आते हैं मामले**

: शिशु रोग विशेषज्ञों की माने तो वेरिसेला जॉस्टर वायरस के कारण शरीर में दर्द भरे फफोले उभर आते हैं। जिसके साथ हल्का बुखार, कमजोरी और खुजली वाले पानी भरे छाले शरीर में फैल जाते हैं। यह वायरस शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण होती है। ऐसे मामले ज्यादातर फरवरी-मार्च माह में सामने आते हैं। वायरस की वजह से शरीर में उभरे दर्द के फफोले उपचार के बाद तीन से पांच दिन में ठीक हो जाते हैं। समय रहते डॉक्टर से दवा लेकर सेवन करने से यह ठीक हो जाती है पर लापवाही बरतने पर यह गंभीर रूप लेती हैं।

## गांधी जी ने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिये समर्पित कर दियाः प्रो.तिवारी

### मद्यनिषेध पर जागरुकता व्याख्यान संपन्न




जागरण,रीवा। एपीएस विवि के व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग अन्तर्गत गांधी अध्ययन केन्द्र में महात्मा गांधी जी की श्रद्धान्जलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता एवं मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलगुरु प्रो.सुनील कुमार तिवारी जी रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह परिहार ने की। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धान्जलि दी गयी। अतिथियों का स्वागत संचालक गांधी अध्ययन केन्द्र द्वारा किया गया। प्रो.एनपी पाठक ने बताया कि गांधी एक विचारधारा का नाम है। ऐसे महान व्यक्तित्व जो देश के लिये बैरिस्टर की पढ़ाई के बाद भी अपना सारा जीवन राष्ट्र के नाम न्यौछावर कर दिया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलसचिव डॉ.सुरेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि गांधी जी एक महान नेता थे। आज उन्हीं के बताये मार्ग पर हम सब चल रहे हैं जो साधारण वेशभूषा के साथ साधारण जीवन जीने के शौकीन थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता प्रभारी कुलगुरु प्रो.सुनील कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य बापू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के अन्त में सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो.एनपी पाठक ने किया। इस व्याख्यान माला में प्रो. महेश चन्द्र श्रीवास्तव आचार्य एवं अध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, डॉ. अपर्णा सिंह सहायक आचार्य पर्यावरण जीव विज्ञान विभाग तथा नलिन दुबे शोध सहायक पॉलिसी रिसर्च सेन्टर एवं डॉ.शिखा मालपानी, डॉ. आशमा परौहा, डॉ.कृतिका सिंह, वंदना मिश्रा, प्रिया द्विवेदी, भास्कर प्रसाद मिश्रा, अभिषेक कुमार पाण्डेय तथा नीतेश नारायण शुक्ला अतिथि विद्वानों के साथ राकेश कुमार वर्मा सहायक ग्रेड-3 सहित व्यावसायिक अर्थशास्त्र, जेएनसीपीआर एवं वाणिज्य विभाग के छात्र-छात्रागणों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रीवा मण्डल रीवा**

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र. 09/2025-26**

क्रमांक 195 /ग्रा.यां.से./2026 रीवा, दिनांक 21 /01/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से Cover-3 (तीन लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 से अधिक एवं Cover-2 (दो लिफाफा पद्वति) राशि रू. 1.00 करोड़ तक के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार निविदायें लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | ग्रा.यां.से. संभागीय कार्यालय | सिस्टम आई.डी. नम्बर | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित लागत (लाख) | एस.ओ.आर. /आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंगरौली | 2026_RES_477333 | पर्यावरण विकास कार्य स्टेप रैलिंग एवं पाइप लाईन पिपराझापी पहाड़ से देवी मंदिर तक ग्राम पंचायत पिपराझापी। | 01 | 59.04 | 11.04.2022 प्रथम |
| 2 | सतना | 2026_RES_477335 | कन्या शिक्षा परिसर सोहावल ज.पं. सोहावल जिला सतना। | 01 | 35.31 | 11.04.2022 प्रथम |
| 3 | सिंगरौली | 2026_RES_477337 | जनजातीय बालक आश्रम देवसर में 400 मी. बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य ग्राम पंचायत नौढ़िया। | 01 | 37.81 | 11.04.2022 प्रथम |
| 4 | सिंगरौली | 2026_RES_477338 | जनजातीय कन्या आश्रम बरका में 400 मी. बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य ग्राम पंचायत बरका। | 01 | 37.81 | 11.04.2022 प्रथम |
| 5 | क्र. 01 रीवा | 2026_RES_477339 | नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण जनपद गंगेव जिला रीवा। | 01 | 425.00 | 11.04.2022 द्वितीय |
| | | | कुल योग :- | | 594.97 | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 23.01.2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 12.02.2026 समय 17:30 बजे शाम तक क्रय एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

संषोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें। शीघ्रातिशीघ्र विड जमा करें। वेबसाईट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

जी- 25060/25

अधीक्षण यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
रीवा मण्डल रीवा

# एक दिन बाद आम बजट, राज्य सरकार को केंद्रीय करों की राशि बढ़ने की उम्मीद

## भाजपा ने राज्यभर में बजट की खूबियों को पहुंचाने का प्लान किया तैयार, कांग्रेस की भी बजट पर नजर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** देश के इतिहास में पहली बार रविवार को संसद में केन्द्रीय वित्त मंत्री देश का वित्तीय बजट पेश करेंगी। बजट पर मध्यप्रदेश सरकार और राजनीतिक दलों की नजर भी है। राज्य सरकार बजट में प्रदेश की बेहतर हिस्सेदारी होने की उम्मीद लगाए हुए है, तो भाजपा ने राज्यभर में बजट की खूबियों को पहुंचाने का प्लान भी तैयार कर लिया है। गौरतलब है कि केंद्रीय बजट 1 फरवरी को संसद में पेश किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश की अपेक्षाएं कितनी पूरी होती हैं, इसे लेकर राज्य सरकार और आर्थिक विश्लेषक नजर बनाए हुए हैं। इधर सरकार ने केंद्र से अपनी कर्ज लेने की सीमा बढ़ाने और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के एवज में लंबित राशि का भुगतान कराने का आग्रह किया है। इसी तरह सरकार को आदिवासी छात्रों की स्कॉलरशिप की राशि वर्ष 2018-19 से लेकर वर्ष 2024-25 तक की लंबित है। राज्य सरकार ने मांग की है कि उनकी इस मद की 564 करोड़ की राशि का भुगतान कराया जाए, क्योंकि यह राशि राज्य सरकार पात्र छात्रों को अपने संसाधनों से दे चुकी है। प्रदेश को 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों से काफी उम्मीदें हैं। सरकार चाहती है कि उसे केन्द्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक हो जाए। फिलहाल मध्यप्रदेश सरकार को 7.85 प्रतिशत केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी मिल रही है, यानि कि इस मद में राज्य सरकार को हर साल 1 लाख 11 हजार करोड़ की राशि मिल रही है।



### सिंहस्थ के लिए 20 हजार करोड़ मांगे

वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पिछले दिनों केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मिले थे, तब उन्होंने अपनी मांगों के साथ सिंहस्थ की तैयारी के लिए 20 हजार करोड़ के विशेष पैकेज की मांग की थी।

### भाजपा बजट की करेगी ब्राडिंग

प्रदेश भाजपा ने केन्द्रीय बजट की ब्राडिंग को लेकर रोडमैप तैयार कर लिया है। इसके लिए प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने जिलाध्यक्षों से कहा है कि वे विशेष समितियों का गठन करें, जिसके सहारे बजट की जानकारी जनता तक पहुंच सके। इन पांच सदस्यीय समितियों में आईटी और सोशल मीडिया टीम के एक सदस्य को शामिल किया जाएगा। ये समिति केंद्रीय बजट में मध्यप्रदेश से जुड़े बजट प्रावधानों को विशेष रूप से उल्लेखित कर स्थानीय स्तर पर एक रणनीति के तहत उसका प्रचार करेगी। समिति ये पूरी जानकारियां ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचाएगीं। इतना ही नही जिलों की समितियां केन्द्र के बाद इसी माह राज्य सरकार के बजट का भी प्रचार-प्रसार करेगी। बताया गया है कि बजट के बाद प्रदेश और जिला स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जहां इन समितियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

### मंत्रालय में हुई बैठक आम बजट का इंतजार

शुक्रवार को वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की बैठक हुई। इसमें राज्य सरकार के अगले बजट को लेकर चर्चा हुई। सूत्रों की मानें तो अधिकारियों ने सुझाव दिया कि आम बजट पेश होने के उपरांत एक बार फिर से राज्य के अगले बजट को अंतिम रूप देने बैठक रखी जाए। तब आम बजट में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी की तस्वीर भी साफ हो जाएगी।

### कांग्रेस ने विशेषज्ञों को सौंपी जिम्मेदारी

कांग्रेस की भी केन्द्रीय बजट पर नजर है। नेतृत्व ने पदाधिकारियों से कहा है कि केन्द्र व प्रदेश के पूर्व बजट का अध्ययन किया जाए और ये जानकारी जुटाई जाए कि पूर्व बजट में मध्यप्रदेश को लेकर जो वायदे किए गए थे, वे पूरे हुए है या नहीं। इसी तरह कौन से विकास कार्य अभी भी अधर में हैं, जिन्हें इस बजट में नहीं लिया गया होगा। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रदेश भाजपा के अभियान की पोल खोलने सामांतर अभियान चलाएगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों की याचिका हाइकोर्ट से निरस्त

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक जैन की एकलपीठ ने 30 जुलाई 1967 से 12 मार्च 1969 तक मध्य प्रदेश के पांचवे मुख्यमंत्री रहे गोविन्द नारायण सिंह द्वारा अपने ही बेटे शिव बहादुर सिंह को बेची गई सतना की 11.57 एकड़ जमीन के स्वामित्व को संदेहास्पद पाया। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि गोविन्द नारायण सिंह ने अपंजीकृत और अपर्याप्त स्टाम्प पर बनी सेल डीड के आधार पर विवादित जमीन बेची थी। ऐसे दस्तावेजों के आधार पर न तो जमीन का स्वामित्व मिलता है और न ही अस्थाई निषेधाज्ञा। हाई कोर्ट ने अधीनस्थ अपीलीय अदालत के उस आदेश को उचित निरूपित किया, जिसमें ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई अस्थायी रोक को निरस्त कर दिया गया था। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों की ओर से दायर याचिका निरस्त कर दी। याचिकाकर्ता अंबिकापुर, छत्तीसगढत्र निवासी नर्मदेश्वर प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रताप सिंह और सतना निवासी माधवी सिंह की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि उनके पिता शिव बहादुर सिंह ने वर्ष 1992 में अपने पिता गोविन्द नारायण सिंह से अपंजीकृत सेल डीड के जरिए 11.57 एकड़ भूमि खरीदी थी। वह भूमि वर्षों से उनके कब्जे में है। इसी आधार पर स्थायी निषेधाज्ञा चाही गई। अधीनस्थ अदालत ने पांच फरवरी, 2025 को उनके पक्ष में अस्थायी निषेधाज्ञा दे दी थी। विवादित जमीन के असली मालिक सेठ मनोहर लाल थे। मनोहर लाल की कथित पावर आफ अटार्नी के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री गोविन्द नारायण सिंह ने 11.57 एकड़ जमीन अपने बेटे शिव बहादुर सिंह को आठ दिसंबर, 1992 को बेची थी। वर्ष 1998 में जमीन का नामांतरण भी हुआ। ट्रायल कोर्ट द्वारा पांच फरवरी, 2025 को पूर्व मुख्यमंत्री के वारिसों को दी गई अस्थाई निषेधाज्ञा के विरुद्ध सेठ मनोहर लाल के वारिसों ने जिला अदालत में अपील दायर की।

# इंदौर में वृद्ध ने तोड़ा दम, दूषित पानी से मौत का आंकड़ा 31

**जागरण, इंदौर।** शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैली बीमारी के कारण शुक्रवार को एक और मरीज की मौत हो गई। मृतक की पहचान 72 साल के एकनाथ सूर्यवंशी के रूप में हुई है। अब तक कुल 31 लोगों की जान जा चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बॉम्बे हॉस्पिटल में मरीजों से मिलने पहुंचे थे तब उन्होंने उनके बेटे से हाल पूछा था। एकनाथ सूर्यवंशी को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 29 दिसंबर 2025 को पहले शैल्बी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें 3 जनवरी 2026 को बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया। यहां 4 जनवरी को उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया, उनका इलाज करीब 30 दिनों तक चला, जिसमें वे 25 दिन से अधिक समय तक वेंटिलेटर पर रहे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर धरना



**विसं भोपाल।** कांग्रेस ने कोलार में शुक्रवार को मनरेगा का नाम बदले जाने के खिलाफ धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इस योजना को बंद करना चाहती है। कोलार कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड की अगुवाई में कांग्रेसियों ने कजलीखेड़ा दशहरा मैदान पर मनरेगा बचाओं संग्राम के बैनर तले धरना दिया। राठौड ने कहा कि मनरेगा का नाम बदला जाना पूरी तरह से जनविरोधी है। इससे मनरेगा से जुड़े मजदूरों के सामने अपनी जीविका को लेकर संकट खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस विषय को लेकर लगातार आंदोलन करती आ रही है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अरुण श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता सुखलाल ठाकुर, अमित मीना, राजेन्द्र मीना सहित दूसरे नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संघ की शाखाएं गुणवत्ता के साथ बढ़ें: अरुण जैन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन ने कहा है कि शाखा लगाने के लिए कितना परिश्रम लगता है और सतत प्रक्रिया अपनानी होती है। संघ की शाखाएं बढ़ें लेकिन उनकी गुणवत्ता भी बढ़े, यह शरद मेहरोत्रा ने अपने व्यवहार से कार्यकर्ताओं को सिखाया। सहप्रचारक जैन ने शुक्रवार को भोपाल के मानस भवन में आयोजित शरद स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्व. शरदचंद्र मेहरोत्रा संघकार्य के कुशल शिल्पी थे। एक-एक कार्यकर्ता को गढ़ना और उनका ध्यान रखना, उनकी कुशलता थी। उन्होंने बताया कि जब मध्यभारत में शरद जी प्रचारक होकर आये तो संघकार्य को नया आयाम मिला। उनके प्रयासों से शिवपुरी और ग्वालियर में आवासीय विद्यालय शुरू हुए। गोविंदनगर में शिक्षा और सेवा का जो प्रकल्प आज दिखाई दे रहा है, उसकी नींव में शरद जी थे। साहित्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय विचारों को स्थान मिले, इसके लिए अर्चना प्रकाशन की नींव उन्होंने रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रान्त के संघचालक अशोक पांडेय ने कहा कि किसी भी महापुरुष को याद करके हम अपने कर्तव्य की इतिश्री नहीं करते हैं। वे दीपस्तंभ हैं, जो हमें मार्ग दिखाते हैं। शरद जी अपने अंतिम समय तक देश-समाज की चिंता करते रहे। अपने ध्येय के लिए पूर्ण समर्पित शरद जी का जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है।



# प्रदेश के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक: सीएम

## पुष्प महोत्सव का हुआ आगाज
## प्रदेश भर के पुष्प उत्पादक मौजूद





**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश में पुष्प उत्पादन में अग्रणी राज्य है। यहां के फूलों की सुगंध पेरिस और लंदन तक पहुंच रही है। हम फूल उत्पादन के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ानी की दिशा में काम कर रहे है। सीएम शुक्रवार को गुलाब उद्यान में राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पुष्प उत्पादन के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और अनुदान में सहायता प्रदान कर रही है। वर्तमान में यही पुष्प किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और निर्यात क्षमता को मजबूत बनाने का माध्यम बन रहे हैं। पुष्प महोत्सव के माध्यम से किसानों को व्यवसायिक स्तर पर फूलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आयोजन में पुष्प उत्पादक किसान, नर्सरी संचालक और खरीदार तीनों एक स्थान पर जुटे हैं। किसानों को बाजार की संभावनाओं और फूलों की खेती की जानकारी प्रदान की जा रही है। फूलों की खेती का रकबा निरंतर बढ़ रहा है। प्रदेश के किसान, फूल नहीं अपने मन का भाव दूसरे स्थानों पर भेजते हैं। प्रदेश के 40 हजार किसान पुष्प उत्पादन से जुड़े हैं और 45 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में फूलों का उत्पादन हो रहा है। हर साल लाखों टन फूल गुजरात, महाराष्ट्र सहित विदेशों में भी भेजे जा रहें है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश, देश का दूसरा सर्वाधिक पुष्प उत्पादक राज्य है। वर्ष 2021-22 तक राज्य में फूलों की खेती का रकबा 37 हजार हैक्टेयर था, जो अब बढ़कर 44 हजार हैक्टेयर हो चुका है।

### प्रदेश का पुष्प उत्पादन 86 लाख टन हुआ

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में उद्यानिकी विभाग नवाचारी कार्यक्रमों के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश का पुष्प उत्पादन 86 लाख टन हो गया है। इस पुष्प प्रदर्शनी में किसानों का मार्गदर्शन करने के लिए उद्यानिकी विभाग के विशेषज्ञ उपस्थित हैं। किसान भाई इस प्रदर्शनी का लाभ उठाएं और अपनी आय बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के लक्ष्य को पूर्ण करने में सहभागी बनें।

### अब तीन दिवसीय तक होगा पुष्प महोत्सव

एक दिवसीय पुष्प महोत्सव अब तीन दिनी होगी। इसका घोषणा सीएम डॉ. यादव ने की। प्रदर्शनी में सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन फर्टीगेशन सिस्टम पर कार्यशाला शनिवार को आहुत की गई है। जिसमें विषय-विशेषज्ञ फर्टीगेशन सिस्टम के संबंध में किसानों को नवीन तकनीकी की जानकारी प्रदान करेंगे।

# यूजीसी ने सिफारिशों की अनदेखी की: दिग्विजय

## संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष सिंह ने यूजीसी पर लगाए आरोप

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद एवं संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा है कि समिति द्वारा जो सिफारिशें की गई थी, उसे यूजीसी ने नहीं माना। झूठे मामलों पर सजा हटाने का फैसला यूजीसी का था, इसका संसदीय समिति से कोई संबंध नहीं है।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने इस संबंध में अपने बयान में कहा कि समिति ने सामान्य वर्ग को सूची से बाहर रखने पर भी कोई टिप्पणी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि यदि यूजीसी ने भेदभाव की स्पष्ट परिभाषा और उदाहरण तय कर दिए होते, तो इससे न केवल वंचित वर्गो को सुरक्षा मिलती बल्कि झूठे मामलों की आशंका भी काफी कम हो जाती। सिंह ने कहा कि संसदीय समिति ने यह बात की थी, किन्तु उसे नजरांदाज कर दिया गया। सिंह ने कहा कि फरवरी 2025 में रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं की पहल और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद केन्द्र सरकार और यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव रोकने के लिए ड्राफ्ट इक्विटी रेगुलेशंस जारी किए थे। इसका उद्देश्य कैंपस में जाति, सामाजिक और अन्य आधारों पर होने वाले भेदभाव को रोकना था। समिति ने माना कि नियम सही दिशा में हैं, लेकिन उन्हें सरल और स्पष्ट बनाए जाने की जरुरत है।



**झूठे मामलों पर सजा हटाने का फैसला यूजीसी का था**

संसदीय समिति के अध्यक्ष सिंह ने बताया कि समिति द्वारा जो सिफारिशें की गई थी, उनमें से यूजीसी ने केवल तीन ही मानी। जबकि इक्विटी कमेटी में एससी - एसटी-ओबीसी प्रतिनिधित्व बढ़ाने और भेदभाव की विस्तृत परिभाषा तय करने जैसी सिफारिशों को नहीं माना गया। उन्होंने कहा कि समिति ने यूजीसी से अनुरोध किया था कि यह स्पष्ट करना कि किन कृत्यों और मामलों को भेदभाव माना जाएगा, न केवल छात्रों के लिए सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि विनियमों का दुरुपयोग करके फर्जी मामले दर्ज करने की संभावना को भी कम करेगा। उन्होंने बताया कि समिति पांच सिफारिशें की थी, उनमें से तीन सिफारिशों को पूरी तरह से नजरांदाज किया गया। समिति ने ओबीसी छात्रों और अन्य के उत्पीड़ने को भी जाति-आधारित भेदभाव में शामिल करने, दिव्यांगता को भी भेदभाव के आधार के रुप में मान्य किए जाने, इक्विटी कमेटी में एससी-एसटी और ओबीसी का प्रतिनिधित्व 50 प्रतिशत से अधिक करने व निर्णय निष्पक्ष हो, भेदभाव की स्पष्ट पहचान और उदाहरण नियमों में लिखे जाएं तथा जातिगत भेदभाव को सार्वजनिक कर, प्रशिक्षण और छात्रों के लिए स्वास्थ्य सहायता व कानूनी मदद देने की सिफारिशें की गई थी।

# कॉलेजों को मार्कशीट नहीं भेजने पर विद्यार्थी परेशान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के कॉलेजों ने उच्च शिक्षा विभाग से शिकायत की है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की मार्कशीट, नामांकन, चरित्र प्रमाण पत्र, टेबुलेशन रजिस्टर और दस्तावेजों के संशोधन समय पर नहीं होते हैं, जबकि छात्रों से पूरा परीक्षा शुल्क लिया जाता है। शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा द्वारा सभी विवि के अधिकारियों की बैठक ली गई। इसमें बताया कि मार्कशीट न मिलने से विद्यार्थी परेशान होते हैं और कॉलेजों को विवि जाकर प्रतियां लानी पड़ती हैं। कई बार टेबुलेशन रजिस्टर वहां मांगने पर भी नहीं मिलते। इस पर एसीएस राजन ने सभी विश्वविद्यालयों को समयबद्ध वितरण के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 की ई-प्रवेश प्रक्रिया को अपग्रेड किया जाएगा। इसके लिए कॉलेज वर्तमान सत्र में आई समस्याएं और सुधार सुझाव विभाग को भेज सकेंगे। जल्द ही ई-प्रवेश पोर्टल पर एक एप्लीकेशन जारी होगा, जिसमें कॉलेज ऑनलाइन ही समस्याएं और सुझाव दर्ज कर सकेंगे।

# सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

## राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी में नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर का सारंग ने किया विमोचन

**विसं, भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि एवं सहकारिता है और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इन दोनों क्षेत्रों को सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। सारंग शुक्रवार को राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), मध्यप्रदेश द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया गया। सारंग ने कहा कि जनधन योजना के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया है, जिससे न केवल योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचा है, बल्कि बैंकिंग प्रणाली भी मजबूत हुई है। सारंग ने बताया कि कुछ कमजोर जिला सहकारी बैंकों के कारण कृषकों को पूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में कठिनाइयाँ आ रही थीं। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 कमजोर जिला सहकारी बैंकों रीवा, सतना, जबलपुर, ग्वालियर, शिवपुरी एवं दतिया को 50-50 करोड़, कुल 300 करोड़ की अंशपूंजी सहायता प्रदान की गई। सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके लिए 16 विभागों को मिलाकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी कृषि क्षेत्र में निवेश धरातल पर उतरेंगे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि नाबार्ड का स्टेट फोकस पेपर 2026-27 आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एक ठोस ब्लूप्रिंट है, जो प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दिशा प्रदान करेगा। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाना आवश्यक है। इसके लिए ग्रामीण उद्यमियों तक समय पर एवं पर्याप्त ऋण पहुँचना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष अगले वित्तीय वर्ष में मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।



**अनदेखी** — पहले पब्लिक डोमेन में होती थी अस्पताल के स्टाफ की सूची, पोर्टल से हटाई जरूरी जानकारी

# आयुष्मान में गडबड़ी पर निजी अस्पतालों को सरकारी संरक्षण

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में निजी अस्पताल द्वारा आयुष्मान योजना में गड़बड़ी कर करोड़ों रुपए का आर्थिक घोटाला किया गया है। वर्ष 2023 में सबसे पहले यह मामला सामने आया था। अब फिर एक बार भोपाल में पांच अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने पांच निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना से सस्पेंड कर दिया है और सात दिन के भीतर अस्पताल संचालकों को उन पर लगे गंभीर आरोपों का जवाब देना होगा, यदि जवाब संतोषजनक नहीं दिए गए तो अस्पतालों को सूची से बाहर कर दिया जाएगा। दरअसल निजी अस्पतालों द्वारा बार बार आयुष्मान योजना में की जा रही आर्थिक गड़बड़ी की मुख्य वजह स्वास्थ्य विभाग का नरम रवैया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वह पोर्टल बंद कर दिया गया है, जिस पर निजी अस्पताल की तमाम जानकारी उपलब्ध रहती है। जिसमें अस्पताल संचालक का नाम, अस्पताल में मौजूद परमानेंट चिकित्सकों के नाम, नर्सिंग स्टाफ के नाम, रेट लिस्ट और सुविधाओं का ब्यौरा।




### वेबसाइट पर अधूरी जानकारी

स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल के अलावा आयुष्मान भारत निरामयम योजना की वेबसाइट पर भी अधूरी जानकारी है। वेबसाइट पर योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पताल का नाम तो दिया गया है, लेकिन आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल में कौन कौन सी बीमारियों का इलाज मिलेगा, यह नहीं बताया गया। इसका नुकसान तब होता है जब किसी अस्पताल में मरीज इलाज के लिए पहुंचता है और अस्पताल वाले मरीज की बीमारी योजना में न होने का हवाला देकर मरीज से नकद रुपए ऐंठ लेते हैं।

### 2023 में हुआ था घोटाला

आयुष्मान में सबसे पहले वर्ष 2023 में यह मामला सामने आया था। उस समय स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन साल में कुल एक हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया था। इसमें 200 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। इस मामले में आयुष्मान योजना कार्यालय मप्र द्वारा कार्रवाई करते हुए 120 निजी अस्पतालों को योजना से बाहर कर दिया गया था। हालांकि समय गुजरने के साथ उक्त 120 अस्पतालों में से कई अस्पताल नाम बदलकर फिर से योजना के तहत सूचीबद्ध हो चुके हैं

**फैक्ट फाइल मप्र**

| 1099 | 827 | 248 |
|---|---|---|
| सरकारी अस्पताल | निजी अस्पताल | डि-इम्पैनल्ड अस्पताल |

31 सस्पेंडेड अस्पताल

**फैक्ट फाइल भोपाल**

| 28 | 203 | 203 |
|---|---|---|
| सरकारी अस्पताल | निजी अस्पताल | डि-इम्पैनल्ड अस्पताल |

16 सस्पेंडेड अस्पताल

### फ्रॉड रोकने पर मिला है मप्र को सम्मान

यह भी एक संयोग है कि मप्र आयुष्मान भारत निरामयम कार्यालय को फर्जीवाड़ा नियंत्रण के लिए देश में नंबर का अवार्ड दिया गया है। हाल ही में यह सम्मान मिला है। मप्र आयुष्मान कार्यालय द्वारा एक ऐसा सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जो निजी अस्पतालों की गड़बड़ी को तुरंत पकड़ लेता है, जिसमें इलाज के नाम पर की गई धांधली और अनियमित बिलिंग शामिल है।

### निलंबित 5 अस्पतालों को एक सप्ताह में देना है जवाब

दो दिन पहले आयुष्मान मप्र द्वारा भोपाल के जिन 5 अस्पतालों को निलंबित किया है। उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है कि वह अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि जवाब संतोषजनक नहीं रहा तो अस्पताल को डि-इम्पैनल्ड कर दिया जाएगा, यानि यह अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत मरीज का इलाज नहीं कर सकेंगे।

> गड़बड़ी रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में हमें देश में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है। जिन अस्पतालों पर हाल ही में कार्रवाई हुई है, उन्हें जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> ■ **मयंक अग्रवाल,** प्रभारी सीईओ आयुष्मान मप्र

# युवाओं को उद्यमिता के लिए सक्षम बना रही है राज्य सरकार: टेटवाल



**विसं, भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार का फोकस युवाओं को केवल रोजगारोन्मुख बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें उद्यमिता के लिए भी सक्षम करना है। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, आत्मअनुशासन और प्लेसमेंट की ठोस तैयारी पर ध्यान केंद्रित होगा। उन्हें शासन स्तर पर हर संभव सहयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। टेटवाल शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में प्लेसमेंट किक ऑफ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों के माध्यम से रोजगार की बदलती प्रकृति पर भी बात रखी। मंत्री ने कहा कि संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया सुचारु रूप से आगे बढ़ रही है, इंडस्ट्री कनेक्ट लगातार मजबूत हो रहा है और विभिन्न उद्योग स्वयं प्रशिक्षण के लिए संस्थान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने जर्मन और जापानी भाषा प्रशिक्षण की शुरुआत, एलुमनी क्लब के गठन और उत्कृष्ट विद्यार्थियों को विशेष सम्मान प्रदान करने की आगामी पहल की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सिंगापुर एक्सपोजर विजिट तथा संस्थान में संचालित विभिन्न एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों से जुड़े वीडियो प्रदर्शित किए गए। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर भी विशेष बल दिया गया।

### डिग्री के साथ व्यावहारिक व कार्यस्थल का अनुभव जरूरी


कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि वर्तमान समय में कौशल विकास और रोजगार सृजन देश और प्रदेश की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि तेजी से बदलते आर्थिक और तकनीकी परिवेश में युवाओं को केवल शैक्षणिक डिग्री तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें व्यावहारिक कौशल, तकनीकी ज्ञान, कार्यस्थल का अनुभव देना आवश्यक है, जिससे वे आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें। टेटवाल कोर्टयार्ड मैरियट में आयोजित फिक्की सेंट्रल इंडिया एड-स्किल्स एजुकेशन समिट को संबोधित कर रहे थे।

# अमेरीकी युद्धपोत ईरान की ओर बढ़ रहे ट्रंप ने खामेनेई को दी खुली चेतावनी

## अमेरिका ने कहा हमारी प्राथमिकता कूटनीति है युद्ध नहीं, धमकी को लेकर ईरान ने अपनी ताकत का किया दावा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से बचना चाहते हैं और परमाणु समझौते को लेकर बातचीत के रास्ते खुले रखना चाहते हैं। हालांकि, इसके साथ ही अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा दी है। ट्रंप का कहना है कि उनकी प्राथमिकता युद्ध नहीं, बल्कि कूटनीति है। अमेरिकी समय के मुताबिक, गुरुवार को फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री के प्रीमियर के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई है, लेकिन उम्मीद है कि इसका इस्तेमाल न करना पड़े।

**ईरान की ओर बढ़ रहे अमेरिकी जहाज :** ट्रंप ने कहा, मैंने अपने पहले कार्यकाल में सेना को मजबूत किया था और अब हमारे जहाज ईरान की ओर बढ़ रहे हैं। उम्मीद है कि हमें उनका इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि ईरान से बातचीत होगी, तो ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास बहुत बड़े और ताकतवर युद्धपोत क्षेत्र में मौजूद हैं और अच्छा होगा अगर हालात बातचीत से ही सलझ जाए। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने ईरान के सामने दो साफ शर्तें रखी हैं। पहली, ईराम परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और दूसरी शर्त है कि देश में प्रदर्शन कर रहे लोगों की हत्या बंद की जाए।




### मिडिल ईस्ट में 40,000 अमेरिकी सैनिक तैनात



मिडिल ईस्ट में अभी अमेरिकी सैन्य मौजूदगी काफी मजबूत है। मिडिल ईस्ट और पर्शियन गल्फ में लगभग 30,000 से 40,000 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। फिलहाल मिडिल ईस्ट में करीब 6 नौसैनिक जहाज मौजूद हैं, जिनमें 3 गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर शामिल हैं, जो बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस और अन्य ऑपरेशन के लिए सक्षम हैं।

### ईरान का दावा : हमारे 1000 ड्रोन तैयार



अमेरिका की सैन्य धमकी के बीच ईरान ने अपनी ताकत को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी सेना का कहना है कि उसने जमीन और समुद्र से हमला करने वाले 1000 ड्रोन तैयार कर लिए हैं। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान पर और कड़े हमलों की चेतावनी दे चुके हैं। ट्रम्प के मुताबिक अमेरिकी युद्धपोत ईरान की तरफ बढ़ रहे हैं।

### मिडिल ईस्ट में अमेरिका तैनात कर रहा युद्धपोत

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका लगातार मिडिल ईस्ट में अपने युद्धपोत और हवाई सैन्य साधन तैनात कर रहा है। तनाव बढ़ने के बीच ट्रंप प्रशासन ईरान पर दबाव बनाए हुए है। इसी दिन कैबिनेट बैठक में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा कि अगर राष्ट्रपति ट्रंप आदेश देंगे तो सेना कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, जब ट्रंप कहते हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलने देंगे, तो वह गंभीर हैं। ट्रंप प्रशासन ईरान पर बड़े सैन्य हमले के विकल्पों पर भी चर्चा कर रहा है।

### विरोध प्रदर्शनों में हजारों मौत

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, इन चर्चाओं में हाल के विरोध प्रदर्शनों के बाद ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावनाओं पर भी बात हुई है। ईरान में इस महीने सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हजारों लोगों की मौत हुई है। ईरान में महंगाई, आर्थिक संकट और बढ़ती कीमतों के कारण दशकों का सबसे बड़ा विरोध आंदोलन देखने को मिला है। ट्रंप का मानना है कि यह असंतोष ईरान के सर्वच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के खिलाफ माहौल बना सकता है।

## राहुल ने असम का अपमान किया: शाह

**दिसपुर, जेएनएन।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को दौरे के लिए असम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई योजनाओं का ऐलान कर डिब्रूगढ़ में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर असम का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। इसके अलावा गृह मंत्री ने कहा कि आज, पीएम मोदी और असम सरकार ने लचित बोरफुकन की जीवनी का 23 भाषाओं में अनुवाद करके उसे उपलब्ध कराया है। 400वीं जयंती पर, हेमंत बिस्वा सरमा इसे यहां मनाना चाहते थे। पीएम मोदी ने कहा, इसे असम की राजधानी, विज्ञान भवन में मनाइए। उन्होंने यह भी कहा कि वह आएंगे और लचित बोरफुकन को पूरी दुनिया में फैलाएंगे।



**राहुल गांधी के पटका न पहनने का उठाया मुद्दा :** शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में, असम और नॉर्थ-ईस्ट के अलग-अलग कल्चरल गमछे हमारे नॉर्थ-ईस्ट कल्चर के सम्मान के प्रतीक हैं। 26 जनवरी को, एट-होम प्रोग्राम के दौरान, राष्ट्रपति ने सभी के लिए नॉर्थ-ईस्ट के गमछे रखे। आए हुए सभी लोगों ने नॉर्थ-ईस्ट के गमछे पहने, सिवाय एक व्यक्ति के, जिसका नाम राहुल है। उसे किस तरह की दुश्मनी है? वह हमारे नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के साथ इतना अन्याय क्यों करता है?

## वीबी जी राम जी एक्ट के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को बदलकर लाए गए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट, 2025 (वीबी-जी राम-जी एक्ट) के खिलाफ मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान तेज कर दिया है। 30 जनवरी को दिल्ली में पार्टी के प्रमुख नेता इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जो महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। बता दें कि अकबर रोड स्थित एआईसीसी मुख्यालय के बाहर मनरेगा बचाओ संग्राम यात्रा के दौरान दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव सहित कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। वे 30 जनवरी रोड से गांधी स्मृति की ओर जा रहे थे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने से रोका। उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण अभियान चला रहे थे, लेकिन हजारों पुलिसकर्मियों ने हमें रोक लिया। मैं मोदी सरकार को चेतावनी देता हूं कि वे हमारे संकल्प को नहीं तोड़ पाएंगे। केरल में एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने केंद्र पर नागरिकों के अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, नए मनरेगा बिल से पहले रोजगार का अधिकार छीना गया। अब आर्थिक सर्वे में सूचना का अधिकार को बेकार बताया गया है। उनका इरादा साफ है कि सामान्य नागरिकों के सभी अधिकार छीनना चाहते हैं, जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### मनरेगा बचाना ही मजदूर की आवाज बचाना

कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, सांसद जयराम रमेश और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने नई दिल्ली में प्रदर्शन किया। पवन खेड़ा ने कहा, जो सरकार मजदूर और किसान का अपमान करती है, वह लंबे समय तक नहीं टिकती। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों की राजधानियों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। कहा, मनरेगा बचाना मतलब मजदूर की आवाज बचाना है। इस देश में मजदूर और किसान का अपमान करने वाली कोई सरकार ज्यादा दिन नहीं टिकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी खूबसूरत थी इसलिए डग बर्गम को मंत्री बनाया

**वाशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने आंतरिक मामलों का मंत्री डग बर्गम को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसपर विवाद शुरू हो गया है। उन्होंने कहा- मैंने बर्गम को मंत्री बनाया क्योंकि उनकी पत्नी कैथरीन बहुत खूबसूरत लगीं। ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि उन्होंने कैथरीन को पहली बार एक वीडियो में घुड़सवारी करते देखा था। इसके बाद उन्होंने कैथरीन के बारे में पता लगाया। ट्रम्प ने कहा, मेरे लोगों ने मुझे इनके बारे में बताया। फिर मैंने कहा कि मैं उसे हायर करने जा रहा हूं क्योंकि जिस आदमी के पास वैसी पार्टनर हो यह अपने आप में एक बड़ी तारीफ है। ट्रम्प ने बर्गम की भी तारीफ की और कहा कि वे एक सफल बिजनेसमैन हैं, नॉर्थ डकोटा के दो टर्म के मजबूत गवर्नर रहे हैं और उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। इस दौरान बर्गम और कैथरीन भी मौजूद थे। हालांकि, ट्रम्प की इन टिप्पणियों पर तुरंत आलोचना शुरू हो गई। कई लोगों ने इसकी मंशा और लहजे पर सवाल उठाए कि उन्होंने एक कैबिनेट नियुक्ति के लिए किसी महिला की शक्ल-सूरत पर इतना जोर क्यों दिया। ट्रम्प का महिलाओं के बारे में ऐसे बयान देने का पुराना इतिहास रहा है।



### अविमुक्तेश्वरानंद बोले योगी 40 दिन में हिंदू होने का प्रमाण दें

**वाराणसी, जेएनएन।** प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया। मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब प्रमाण मांगने का समय पीछे छूट गया। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। उन्होंने कहा-हम आपको 40 दिन का समय दे रहे। इन दिनों में आप गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं। सिर्फ दिखावे के लिए आपने गेरुआ वस्त्र धारण किया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री और जगद्गुरु रामभद्राचार्य घेराबंदी करके गोहत्या बंदी की मांग करने वालों पर तरह-तरह के हमले कर रहे। अगर आप सच में हिंदू हैं, तो गो-माता को राज्य माता घोषित करें। यूपी से गोमांस का निर्यात बंद करें, नहीं तो गैर हिंदू घोषित कर देंगे।



### जा मर जा... आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केरल हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद का फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर पति-पत्नी गुस्से में जा-मर जा जैसे शब्द कहते हैं तो यह आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत अपराध सिद्ध करने के लिए यह प्रूफ करना जरूरी है कि आरोपी का इरादा जानबूझकर आत्महत्या के लिए उकसाने का था। मामला एक महिला और उसकी छोटी बेटी से संबंधित है, जिसने कथित तौर पर पति द्वारा डांटे जाने पर आत्महत्या कर ली थी।

## ऑटिज्म स्टेम सेल थेरेपी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) के इलाज को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम और दूरगामी असर वाला फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि ऑटिज्म के इलाज के रूप में स्टेम सेल थेरेपी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, जब तक वह किसी मंजूरशुदा और निगरानी में चल रहे क्लिनिकल ट्रायल का हिस्सा न हो। यह फैसला उन परिवारों के लिए बहुत महत्वपूण है जो इलाज की उम्मीद में बिना वैज्ञानिक सबूत वाली थैरेपी का सहारा लेते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऑटिज्म के लिए स्टेम सेल थेरेपी को रूटीन इलाज की तरह पेश करना अनैतिक है और इसे मेडिकल लापरवाही माना जाएगा।



### कहां इस्तेमाल हो सकता है स्टेम सेल

न्यायमूर्ति जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि स्टेम सेल का इस्तेमाल केवल मंजूरशुदा, नियंत्रित और निगरानी वाले क्लिनिकल ट्रायल में ही किया जा सकता है जिसका उद्देश्य इलाज नहीं बल्कि वैज्ञानिक शोध होना चाहिए। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सिर्फ इसलिए कि स्टेम सेल को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 में दवा की परिभाषा में रखा गया है, इसका मतलब यह नहीं कि इसे किसी भी बीमारी में इलाज के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जो मरीज पहले से स्टेम सेल थेरेपी ले रहे हैं, उनके साथ अचानक अन्याय नहीं होना चाहिए।

## तमिलनाडु में कांग्रेस- डीएमके चुनावी गठबंधन लगभग तय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन करीब-करीब तय हो गया है। राहुल गांधी के साथ हुई बातचीत के बाद आए सकारात्मक नतीजों ने दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की राह बनाई है। हालांकि, कांग्रेस अभी भी राज्य में पावर शेयरिंग यानी सत्ता में भागीदारी का विकल्प तलाश रही है, लेकिन रणनीतिक रूप से वह इस मुद्दे पर सार्वजनिक चर्चा नहीं करेगी। सीट शेयरिंग (सीटों के बंटवारे) की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अब मुकुल वासनिक को सौंपी गई है, जिसके कारण गिरीश चोडनकर की भूमिका सीमित हो जाएगी। इसके साथ ही, तमिलनाडु में कांग्रेस की चुनाव पर्यवेक्षक समिति का विस्तार करते हुए इसके सदस्यों की संख्या 5 से बढ़ाकर 8 कर दी गई है। गठबंधन को लेकर पिछले कुछ वक्त से चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने व्यक्तिगत रूप से इस मामले में रुचि ली और डीएमके नेतृत्व से बातचीत की। इस उच्च स्तरीय संवाद के बाद दोनों दल एक बार फिर साथ चुनाव लड़ने पर सहमत हुए हैं।



# सुनेत्रा पवार संभालेंगी डिप्टी सीएम का पद, आज शपथ

## आज शाम 5 बजे राजभवन में ग्रहण करेंगी शपथ



**वित्त मंत्रालय का प्रभार अपने हाथ में लेंगे फडणवीसः** इधर, सीएम देवेंद्र फडणवीस भी अहम जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार फडणवीस आगामी बजट सत्र से पहले राज्य के वित्त मंत्रालय का प्रभार अपने हाथ में लेंगे। माना जा रहा है कि बजट तैयारियों और आर्थिक नीतियों पर मुख्यमंत्री की सीधी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

**मुंबई, जेएनएन।** अजित पवार की विमान हादसे में आकस्मिक मृत्यु के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का नेतृत्व कौन करेगा इसे लेकर तस्वीर अब करीब-करीब साफ हो चुकी है। उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार ने देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करने पर हामी भर दी है। वह शनिवार शाम शपथ ले सकती हैं। वर्तमान में सुनेत्रा राज्यसभा की सांसद हैं।

महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद उन्हें राज्यसभा सीट खाली करनी पड़ेगी। सूत्रों की मानें तो एनसीपी अजित पवार के बड़े बेटे पार्थ को उनकी मां की जगह राज्यसभा भेजने की तैयारी में है। सुनेत्रा पवार को शुक्रवार को एनसीपी की विधायक दल की नेता चुन लिया गया। सूत्रों के अनुसार, सुनेत्रा का शपथ ग्रहण समारोह मुंबई राजभवन में शनिवार (30 जनवरी) शाम 5 बजे होगा। वह पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी लड़ेंगी, जो उनके पति अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई है। सूत्रों के मुताबिक प्रफुल पटेल को एनसीपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हालांकि, एनसीपी के नेताओं का एक बड़ा वर्ग मानता है कि सुनेत्रा को न केवल उप मुख्यमंत्री बनाना चाहिए, बल्कि पार्टी की कमान भी संभालनी चाहिए, इससे एनसीपी के दोनों गुटों के फिर से एकजुट होने की अटकलें भी खत्म हो गई हैं। ऐसी संभावना जताई जा रही थी कि अजित पवार के निधन के बाद उनके नेतृत्व वाली एनसीपी का शरद पवार गुट वाली एनसीपी में विलय हो सकता है।

एनसीपी में फूट 2023 में तब पड़ी थी, जब अजित पवार अधिकांश नेताओं के साथ अलग होकर महायुति में शामिल हो गए थे, जिसमें भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना शामिल हैं। अजित पवार के निधन के बाद महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी की सीटें घटकर फिलहाल 40 रह गई हैं। महाराष्ट्र के सबसे लंबे समय तक उप मुख्यमंत्री रहे अजित पवार महायुति सरकार में वित्त, योजना, उत्पाद शुल्क, खेल एवं युवा कल्याण (अतिरिक्त प्रभार) और अल्पसंख्यक विकास एवं औकाफ (अतिरिक्त प्रभार) विभागों का कार्यभार संभाल रहे थे।

### हम एनसीपी के फैसले के साथ: सीएम फडणवीस

नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, एनसीपी उपमुख्यमंत्री पद के लिए जो भी फैसला लेना होगा, वह लेगी और सरकार व भाजपा उस फैसले का समर्थन करेंगी। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि हम अजित दादा के परिवार और एनसीपी के साथ खड़े हैं। अजित पवार का 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया था।



## बांग्लादेश ने 20 फाइटर के बदले चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने जमीन दी

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश ने चटगांव में भारत को दी गई सेज (स्पेशल इकोनॉमिक जोन) का जमीन आवंटन रद्द कर दिया गया है। यूनुस सरकार ने यह जमीन चीन को ड्रोन फैक्ट्री बनाने के लिए दे दी है। लगभग 850 एकड़ में फैली इस जमीन में इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। चीन ड्रोन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करने को भी राजी हो गया है। यहां मीडियम रेंज और वर्टिकल लिफ्ट वाले ड्रोन बनेंगे। चटगांव प्लांट भारतीय सीमा से 100 किमी दूर है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत-पाकिस्तान के बाद ड्रोन बनाने वाला तीसरा देश बन जाएगा। दूसरी ओर चीन ने बीते साल बांग्लादेश को 20 जे-10सीई फाइटर जेट देने की डील भी की थी। ये सप्लाई भी इस साल के अंत से शुरू हो जाएगी। चीन ने बांग्लादेश को पेमेंट में भी बढ़ी मोहलत दी है। भारत और बांग्लादेश के बीच 2015 में एक समझौता हुआ था। पीएम मोदी की ढाका यात्रा के दौरान शेख हसीना के साथ संयुक्त घोषणा में भारत के निवेशकों के लिए एक इंडियन इकोनॉमिक जोन स्थापित करने का फैसला लिया गया। इसके लिए चटगांव के मीरसाराई में लगभग 850 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। एक और दूसरा छोटा इकोनॉमिक जोन मोंगला (बागेरहाट) में भी प्रस्तावित था। इसका मकसद द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाना, भारतीय निवेश आकर्षित करना, रोजगार सृजन करना और बांग्लादेश में भारतीय कंपनियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करना था।

## बेकाबू ट्रक की टक्कर से कार चकनाचूर, 4 की मौत

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में घना कोहरा लोगों के लिए काल बनकर आया। शुक्रवार सुबह घने कोहरे के चलते ग्वालियर- इटावा हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में बैठे सभी चार लोगों की मौके पर मौत हो गई और कार भी चकनाचूर हो गई। मृतकों में दो महिलाएं हैं। सभी भिंड के रहने वाले हैं। हादसा सुबह करीब 8 बजे घने कोहरा के बीच हुआ। इस दौरान दृश्यता 200 से 500 मीटर के बीच थी। कार सवार भिंड से ग्वालियर जा रहे थे। ट्रक के कार से टकराते ही तेज आवाज सुनकर लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची तब तक कार सवार सभी लोगों की मौत हो चुकी थी। कार को कटर से काटकर मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान सौरभ शर्मा निवासी मेहगांव (भिंड), ज्योति यादव (भिंड), भूरे प्रजापति (गोरमी) भिंड और उमा राठौर पत्नी पति राम राठौर, निवासी मोरोली भिंड के रूप में हुई है।

# पहचान के अभाव में अटकी नक्सलियों की मदद

## पुलिस अब पंचायतों में जाकर बनवा रही दस्तावेज, परिवार के पास लौटने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में सरेंडर करने वाले नक्सलियों के साथ सरकारी महकमा भी इन दिनों परेशान है। इसकी सबसे बड़ी वजह इन नक्सलियों के पास कोई नागरिकता या पहचान से जुड़ा दस्तावेज न होना है। इसके कारण इन आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को सरकारी नीति के तहत आर्थिक मदद अब तक नहीं मिल पाई है। आलम ये है कि बालाघाट में पुलिस के सामने हथियार डालने वाले 14 नक्सली अब इस समस्या के निदान के लिए पुलिस से ही गुहार लगा रहे हैं।

इस मामले में सबसे बड़ा संकट यही है कि इनमें से किसी के पास आधार और वोटर आईडी तो दूर की बात बर्थ सर्टिफिकेट या स्कूली शिक्षा से जुड़ा एक भी सर्टिफिकेट तक नहीं है। एमपी के सरकारी नियमों के अनुसार किसी भी तरह की आर्थिक सहायता की राशि बैंक खाते में ही जमा होती है। ऐसे में नक्सलियों को सरेंडर पर मिलने वाली आर्थिक मदद बैंक एकाउंट न होने की वजह से अटक गई है। इनमें से किसी भी नक्सली के पास उनकी पहचान साबित करने वाला दस्तावेज न होने के कारण इनका अब तक बैंक खाता नहीं खुल पाया है।



फाइल फोटो

### फिलहाल पुलिस की सुरक्षा में बालाघाट में रह रहे नक्सली

ये सभी नक्सली फिलहाल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में बालाघाट में ही रह रहे हैं। इन्हें कड़ी सिक्योरिटी के बीच रह रहे हैं। इन्हें सामूहिक तौर पर रहने और ठहरने के लिए बड़े हॉल और कमरे दिए गए हैं। पुलिस ही इनके भोजन और कपड़ों का इंतजाम करती है। ये सरेंडर कर चुके नक्सली पुलिस को पूछताछ के दौरान हथियार छिपाने और ठहरने के अपने ठिकानों की जानकारी भी दे रहे हैं, जहां जाकर पुलिस सर्चिंग अभियान के दौरान कई ट्रक सामान बरामद कर चुकी है। ये नक्सली समर्पण के बाद आर्थिक मदद मिलते ही अपने परिवार के पास अपने मूल गांव लौटना चाहते हैं।

### पड़ोसी राज्य से मांगी मदद, वहां जाकर बनवा रहे सर्टिफिकेट

समर्पण करने वाले 14 में से एक नक्सली दीपक जहां एमपी का निवासी है, शेष 13 पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हैं। पुलिस ने इन नक्सलियों से उनके गांव का पता लेकर वहां की पंचायतों से संपर्क कर वहां के सरपंच और सचिव से इनका जन्म प्रमाण पत्र बनवा रही है। वहां से बर्थ सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही इनके वोटर, आधार कार्ड बनेंगे और बैंक खाता भी खोला जाएगा। सीएम डॉ मोहन यादव के सामने हथियार छोड़ शांति की राह अपनाने वाले इन नक्सलियों पर एमपी, सीजी और महाराष्ट्र पुलिस की तरफ से 14-14 लाख का इनाम घोषित था।

### सरकारी नीति के तहत हर एक को मिलेगी लाखों की मदद

एक आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को कुल 33 लाख रुपये तक का लाभ मिल सकता है। इसमें घर खरीदने से लेकर शादी करने, कौशल विकास, उनके नाम पर ईनामी राशि और हथियार सरेंडर करने की राशि भी शामिल है। मध्य प्रदेश नक्सली पुनर्वास नीति 2023 के तहत किसी भी सरेंडर करने वाले नक्सली को हथियार सरेंडर करने पर 4.5 लाख, आवास निर्माण के लिए 1.5 लाख, विवाह सहायता के लिए 50 हजार, संपत्ति खरीद के लिए 20 लाख, कौशल विकास के लिए 1.5 लाख और समर्पण करने पर नकद प्रोत्साहन के रूप में 5 लाख या उन पर घोषित इनामी राशि दी जाती है। यह कुल मिलाकर लगभग 33 लाख होती है।

> सभी नक्सली कड़ी सुरक्षा में पुलिस के साये में रह रहे हैं। पुलिस इनकी देखभाल के साथ इनके प्रमाण पत्र बनवाकर बैंक खाते खुलवाएगी। सभी हथियार जालने वाले नक्सली पुलिस के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।
>
> **- पंकज श्रीवास्तव**, स्पेशल डीजी, एंटी नक्सल ऑपरेशन

## दावा-बिल गेट्स को हुई थी यौन बीमारी



**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइल्स रिलीज की हैं। इनमें जेफ्री एपस्टीन के कुछ ईमेल सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें एपस्टीन ने दावा किया है कि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स रूसी लड़कियों के साथ संबंधों के बाद यौन बीमारी (सेक्शुअली ट्रांसमिटेड डिजीज, एसटीडी) हुई थी। ईमेल में यह भी लिखा है कि गेट्स ने एपस्टीन से एंटीबायोटिक दवाएं मांगी थी, ताकि वह ये दवाएं चुपचाप अपनी पूर्व पत्नी (तब की पत्नी) मेलिंडा गेट्स को दे सकें। हालांकि आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा वीडियो भी शामिल हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, एपस्टीन ने 18 जुलाई 2013 को सुबह 11.49 बजे खुद को एक लंबा ईमेल लिखा था। इसमें उसने गेट्स पर नाराजगी जताई और कहा कि गेट्स ने छह साल पुरानी दोस्ती खत्म कर दी। ईमेल में लिखा गया, आपने मुझसे आपके एसटीडी से जुड़े ईमेल डिलीट करने को कहा, मेलिंडा को चुपचाप एंटीबायोटिक देने के लिए दवाएं मांगीं।

# एक दिन में 96,000 टूटी चांदी, निवेशक बर्बाद

## सरकार ने दवा में उपयोग होने वाले तीन कच्चे माल पर 1 साल के लिए रोक लगाई

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सरकार ने पेंसिलिन श्रेणी के एंटीबायोटिक के उत्पादन में उपयोग होने वाले तीन कच्चे माल पेंसिलिन जी-पोटेशियम, 6-एपीए और एमोक्सिसिलिन ट्राईहाइड्रेट पर न्यूनतम आयात मूल्य लागू किया है। इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है। इन तीनों कच्चे माल को एक वर्ष के लिए अंकुश की श्रेणी में रखा गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 29 जनवरी को जारी एक अधिसूचना में कहा, 'पेंसिलिन जी-पोटेशियम, 6-एपीए और एमोक्सिसिलिन ट्राईहाइड्रेट का आयात इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए अंकुश की श्रेणी में है। इनका सीआईएफ (लागत, बीमा, माल ढुलाई) मूल्य क्रमशः 2,216 रुपये प्रति किलोग्राम, 3,405 रुपये प्रति किलोग्राम और 2,733 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। हालांकि, ये अंकुश 100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख इकाइयों (ईओयू), एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) में स्थित इकाइयों और अग्रिम प्राधिकरण योजना के तहत आयात पर लागू नहीं होंगे।

## चांदी दोहराएगी 1980 का काला इतिहास?

**मुंबई, जेएनएन।** कमोडिटी बाजार में शुक्रवार 30 जनवरी को कोहराम मच गया। चांदी की कीमतों में इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट में से एक देखने को मिली। पिछले कुछ हफ्तों से रॉकेट की रफ्तार से भाग रही चांदी की चमक एक ही झटके में फीकी पड़ गई, जिस धातु ने निवेशकों को मालामाल किया था, उसने महज 24 घंटों के अंदर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। चांदी के इतिहास में आई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। सोने में भी गिरावट दिखी। गोल्ड फ्यूचर्स 9 फीसदी नीचे चल रहा था। वहीं 10 ग्राम सोना 1,49,080 रुपए पर आ गया। बीते कारोबारी सेशन में सोना 1,69,403 रुपए पर था। एमसीएक्स पर चांदी की कीमतों में ऐसी सुनामी आई, जिसने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। मार्च एक्सपायरी वाली चांदी उच्च स्तर से करीब 24 फीसदी यानी 96,000 रुपए प्रति किलोग्राम तक टूट गई। भाव गिरकर 3,03,916 रुपए के स्तर पर आ गया।

### 27 मार्च 1980: 'सिल्वर थर्सडे' का खौफ

जब हंट भाइयों का यह 'कॉर्नरिंग द मार्केट' खेल अमेरिकी नियामकों की नजर में आया, तो नियम कड़े कर दिए गए। मार्जिन मनी की शर्तें इतनी कठिन हो गईं कि हंट भाई नए सौदे नहीं कर पाए। 27 मार्च 1980 को चांदी की कीमत एक ही दिन में 50 फीसदी गिरकर 11 डॉलर के नीचे आ गई। इसे आज भी 'सिल्वर थर्सडे' के नाम से जाना जाता है।

### रिकॉर्ड : रुपया 27 पैसे गिरकर 91.96 पर पहुंचा

भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो पर पहुंच गया है। आरबीआई के मुताबिक, गुरुवार (29 जनवरी) को 1 डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसा गिरकर 91.96 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर बढ़ते व्यापारिक तनाव की वजह से रुपए में यह गिरावट देखी जा रही है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है।




### सोना भी 20 हजार रु. गिरा

यह गिरावट इसलिए भी डरावनी है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों में चांदी ने जितनी तेजी दिखाई थी, उससे कहीं अधिक तेजी से यह नीचे गिरी है।

**हंट ब्रदर्स से तुलना:** दिग्गज इस गिरावट की तुलना 1980 के उस दौर से कर रहे हैं, जिसने ग्लोबल अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। उस समय चांदी की कीमतों में आए असामान्य उछाल, फिर औंधे मुंह गिरने के पीछे अमेरिका अरबपति भाइयों 'हंट ब्रदर्स' (हर्बर्ट और बंकर हंट) का हाथ था।

### क्या था हंट ब्रदर्स का वह 'सिल्वर गेम'?

1970 के दशक की शुरुआत में जब अमेरिकी डॉलर का सोने से नाता टूटा, गोल्ड स्टैंडर्ड खत्म हुआ, तो दुनिया भर में महंगाई और आर्थिक अस्थिरता बढ़ गई। ऐसे में अमेरिका के अरबपति हंट भाइयों ने चांदी को 'सुरक्षित निवेश' मानकर खरीदना शुरू किया, लेकिन देखते ही देखते यह निवेश दुनिया की सबसे बड़ी सट्टेबाजी में बदल गया। 1973 से 1979 के बीच इन दोनों भाइयों ने मिलकर इतना फिजिकल सिल्वर और फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट खरीदे कि दुनिया की कुल चांदी का एक-तिहाई हिस्सा इनके नियंत्रण में आ गया। नतीजा यह हुआ कि 1973 में जो चांदी 1.95 डॉलर प्रति औंस थी, वह जनवरी 1980 तक 25 गुना बढ़कर 50 डॉलर पर पहुंच गई।

### इसलिए चांदी के दाम हुए क्रैश?


मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि चांदी हमेशा से एक 'हाई-बीटा' कमोडिटी रही है, यानी इसमें उतार-चढ़ाव बहुत तेज होता है। उन्होंने बताया कि निवेशकों ने चांदी की कीमतों के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद बढ़े, इसमें आज भारी मुनाफावसूली की है। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फेडरल रिजर्व के नए चेयरमैन के नाम का ऐलान कर दिया है। इसका असर डॉलर पर पड़ा है। डॉलर में मजबूती आई है। डॉलर में मजबूती आने से सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं की चमक फीकी पड़ जाती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को दिए निर्देश

# स्कूलों में सैनेटरी पैड फ्री बांटना अनिवार्य, वर्ना रद्द होगी मान्यता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे, जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने शुक्रवार को सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रूयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए। कोर्ट ने कहा, यह आदेश सिर्फ कानूनी व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए नहीं है। यह उन क्लासरूम के लिए भी है, जहां लड़कियां मदद मांगने में झिझकती हैं। यह उन टीचर्स के लिए है, जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण बंधे हुए हैं। यह उन माता-पिता के लिए भी है, जो शायद यह नहीं समझ पाते कि उनकी चुप्पी का क्या असर पड़ता है। यह समाज के लिए भी है, ताकि प्रगति का पैमाना इस बात से तय हो कि हम अपने सबसे कमजोर वर्ग की कितनी सुरक्षा करते हैं। हम हर उस बच्ची तक यह संदेश पहुंचाना चाहते हैं, जो स्कूल में अनुपस्थिति की शिकार बनी, क्योंकि उसके शरीर को बोझ की तरह देखा गया, जबकि इसमें उसकी कोई गलती नहीं है।

**पीरियड में होने वाली दिक्कतों से स्कूल छोड़ देती हैं कई लड़कियां :** सोशल वर्कर ठाकुर ने 2022 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर लड़कियों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर चिंता जताई थी। याचिका में बताया था कि पीरियड में होने वाली दिक्कतों से कई लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, क्योंकि उनके परिवार के पास पैड पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं होते। उन दिनों (मासिक धर्म के दिनों में) कपड़ा यूज करके स्कूल जाना परेशानी का कारण बनता है। स्कूलों में भी लड़कियों के लिए फ्री पैड की सुविधा नहीं है। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यही नहीं, स्कूलों में यूज्ड पैड को डिस्पोजल करने की सुविधा भी नहीं है, इससे भी लड़कियां पीरियड्स में स्कूल नहीं जा पातीं।



### शीर्ष कोर्ट के 2 सवाल

- अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं, तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनिटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं।
- मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है।

## एआई कौशल बजट में 40 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** लॉजिस्टिक क्षेत्र कौशल परिषद के एक बजट सर्वेक्षण में देश में रोजगार बढ़ाने के लिए आगामी आम बजट में कृत्रिम मेधा (एआई) कौशल विकास के परिव्यय में 40 प्रतिशत वृद्धि की मांग की गई है। एक बयान के मुताबिक, यह सिफारिश भारत के कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार और विश्वस्त पर प्रतिस्पर्धी बनाने के सरकार के मिशन को गति देगी। सर्वेक्षण में 10 शहरों और 160 कंपनियों को शामिल किया गया। इसमें रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एआई-आधारित कौशल और प्रशिक्षण में निवेश को 40 प्रतिशत बढ़ाने का आह्वान किया गया है। वर्टेक्स ग्रुप के गगन अरोड़ा ने कहा कि जैसा आर्थिक समीक्षा में बताया है कि भारत की बेरोजगारी दर पांच प्रतिशत पर स्थिर है और श्रम बल की भागीदारी बढ़ रही है। ऐसे में प्रौद्योगिकी और उभरते क्षेत्रों में कौशल की कमी को दूर करना रोजगार सृजन में तेजी के लिए आवश्यक है।

# आईएएस जोशी, सहयोगी की पांच करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

## 3 साल पहले हो चुका निधन, ईडी की कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने शुक्रवार को दिवंगत आईएएस अधिकारी अरविंद जोशी की 5 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की हैं। मध्य प्रदेश के प्रशासनिक इतिहास में ब्लैक चैप्टर के रूप में दर्ज हो चुके पूर्व आईएएस अधिकारी अरविंद जोशी और उनकी पत्नी टीनू जोशी इसके बाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ताजा कार्रवाई करते हुए दिवंगत अरविंद जोशी, उनके परिजनों और सहयोगी एसपी कोहली के नाम पर दर्ज 5 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क कर लिया है।



ईडी ने इस मामले की विवेचना लोकायुक्त पुलिस द्वारा उनके खिलाफ की 2010 में की गई जांच के बाद शुरू की थी। ईडी के अनुसार यह पूरी जायदाद ओवैध काली कमाई से खरीदी गई थी। जांच में सामने आया कि दंपत्ति अरविंद और उनकी पत्नी टीनू जोशी ने अवैध कमाई को ठिकाने लगाने के लिए बकायदा एक नेटवर्क बनाया था। उन्होंने कई शैल कंपनियां बनाईं और अपने परिजनों के साथसाथ एसपी कोहली जैसे करीबियों के नाम पर बेनामी संपत्तियां खरीदीं। ईडी ने भोपाल में स्थित उनका एक आलीशान रिहायशी प्लॉट, उपजाऊ कृषि भूमि और एक रिसॉर्ट कुर्क किया है।

नवंबर 2023 में इनकम टैक्स अपीलीय ट्रिब्यूनल ने जोशी दंपत्ति के उनके खिलाफ आयकर विभाग के पुराने असेसमेंट को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि विभाग की ओर से सुनवाई में देरी हुई। हालांकि ईडी और लोकायुक्त की आय से अधिक संपत्ति के मामले अभी भी जारी हैं, जिसके तहत कुर्की की गई है।

### अरविंद-टीनू जोशी का अर्श से सलाखों तक सफर

**आयकर छापा:** फरवरी 2010 में भोपाल के पॉश चार इमली 74 बंगला इलाके में स्थित उनके सरकारी बंगले पर छापा पड़ा ।

**क्या मिला:** रेड में 3.04 करोड़ नकद, 25 फ्लैट, 387 एकड़ कृषि भूमि, विदेशी मुद्रा और महंगी विदेशी शराब के क्रेट्स मिले थे। कुल संपत्ति का आंकलन 350 से 360 करोड़

**पारिवारिक पृष्ठभूमि:** अरविंद और टीनू 1979 बैच के एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी थे। अरविंद के पिता एचएम जोशी डीजीपी थे। उनकी बहन आभा जोशी भी अधिकारी थीं।

**करियर:** टीनू जोशी प्रधानमंत्री कार्यालयमें डिप्टी सेक्रेटरी रह चुकी थीं, जबकि अरविंद जोशी 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान रक्षा मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी थे।

# पेटीएम का मुनाफा तीसरी तिमाही में 225 करोड़ रहा, 3 प्रतिशत गिरा



**मुंबई, जेएनएन।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर बढ़कर 225 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 208 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। कंपनी का रेवेन्यू भी सालाना आधार पर 20 फीसदी बढ़कर 2,194 करोड़ पर पहुंच गया है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 1,828 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि, इन मजबूत नतीजों के बावजूद शेयर बाजार में कंपनी के प्रति सेंटीमेंट थोड़ा कमजोर दिखा और आज इसके शेयर करीब 3 फीसदी तक फिसल गए। पेटीएम ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी की ऑपरेशनल इनकम में अच्छी ग्रोथ रही है। कंपनी का कहना है कि पेमेंट बिजनेस और फाइनेंशियल सर्विसेज के विस्तार के कारण रेवेन्यू में यह बढ़त देखने को मिली है।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./951/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 30.01.2026

NOTICE INVITING TENDER NO. 369/MTN/2026

(Flood Damage-SR)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal https://mptenders.gov.in as detailed below.
- SSR Applicable ;- SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- Name of Work - Special Repair of Roads/ Culverts (Flood Damage)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Sidhi | 1 | 21574560.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **03.02.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **24.02.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/124236/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (Admin/Tender)
"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## 77वें गणतंत्र दिवस के बाद संवैधानिक अधिकार और नागरिक जिम्मेदारी पर पुनर्विचार का समय

डॉ अतुल मलिकराम (राजनीतिक रणनीतिकार)

**हाल** ही में देश ने अपना 77वां गणतंत्र दिवस मनाया। परेड, सांस्कृतिक झांकियाँ, राष्ट्रपति का संबोधन और राष्ट्रगान की गूंज, ये सभी दृश्य एक बार फिर हमारी सामूहिक चेतना का हिस्सा बने। हर वर्ष की तरह इस बार भी 26 जनवरी ने हमें गर्व का अनुभव कराया, लेकिन गणतंत्र दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं होता। यह वह अवसर होता है




जब एक राष्ट्र स्वयं से अपने संविधान, अपने लोकतंत्र और अपने नागरिक व्यवहार के बारे में संवाद करता है। 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ भारतीय संविधान केवल सत्ता हस्तांतरण का दस्तावेज़ नहीं था। वह स्वतंत्र भारत का नैतिक घोषणापत्र था, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि आज़ादी का अर्थ केवल विदेशी शासन से मुक्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था की स्थापना है जहाँ नागरिक और राज्य के बीच अधिकारों और कर्तव्यों का संतुलित संबंध हो। भारतीय संविधान को प्रायः 'अधिकारों का दस्तावेज़' कहा जाता है, और यह कथन गलत भी नहीं है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता, जीवन और गरिमा का अधिकार, इन मौलिक अधिकारों ने भारतीय नागरिकों को वह सुरक्षा और आत्मविश्वास दिया, जो औपनिवेशिक काल में कल्पना से परे था। पहली बार राज्य नागरिक की गरिमा का संरक्षक बना, न कि उसका स्वामी। लेकिन संविधान की आत्मा केवल अधिकारों में नहीं, बल्कि उस संतुलन में निहित है जो वह अधिकार और उत्तरदायित्व के बीच स्थापित करता है। संविधान निर्माताओं को यह स्पष्ट था कि यदि स्वतंत्रता को उत्तरदायित्व से अलग कर दिया गया, तो लोकतंत्र दीर्घकाल तक जीवित नहीं रह पाएगा। इसी सोच के परिणामस्वरूप संविधान में मौलिक कर्तव्यों की अवधारणा को स्थान मिला। यह केवल कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि एक गहरा नैतिक संदेश था कि लोकतंत्र केवल मांगों से नहीं, सहभागिता से चलता है। नागरिक जितने अधिकारों के प्रति सजग हों, उतने ही कर्तव्यों के प्रति भी सचेत होना आवश्यक है। लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा चुनावी परिणामों में नहीं, बल्कि रोज़मर्रा के सार्वजनिक जीवन में होती है। जब कानून हमारे पक्ष में न हो, तब भी क्या हम उसका सम्मान करते हैं, यही पहली कसौटी है। जब हमारे विचारों से भिन्न मत सामने आते हैं, तब क्या हम संवाद का मार्ग चुनते हैं या अपमान और बहिष्कार का रास्ता चुनते हैं, यही दूसरी कसौटी है। और जब हमारे पास संख्या, प्रभाव या सत्ता होती है, तब क्या हम संयम बरतते हैं या उसे थोपने का प्रयास करते हैं! यही लोकतंत्र की सबसे कठिन परीक्षा है। संविधान ने हमें अधिकार इसलिए नहीं दिए कि हम दूसरों को चुप करा सकें, बल्कि इसलिए दिए कि हम स्वयं बिना भय के बोल सकें। उसने हमें स्वतंत्रता इसलिए नहीं दी कि हम नियमहीन हो जाएँ, बल्कि इसलिए दी कि हम विवेकपूर्ण निर्णय ले सकें। स्वतंत्रता का अर्थ अनुशासन का अंत नहीं, बल्कि आत्म-अनुशासन की शुरुआत है। यही अंतर संविधान हमें लगातार याद दिलाता है। वर्तमान समय में अधिकारों की भाषा अत्यंत मुखर हो गई है। यह आवश्यक भी है, क्योंकि अधिकारों के बिना कोई भी समाज न्यायपूर्ण नहीं हो सकता। लेकिन जब अधिकार ज़िम्मेदारी से कट जाते हैं, तब वे संवाद के बजाय टकराव का माध्यम बन जाते हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता यदि संवेदनशीलता से रहित हो जाए, तो वह समाज को जोड़ने के बजाय विभाजित करती है। विरोध का अधिकार यदि व्यवस्था को नष्ट करने का औज़ार बन जाए, तो वह लोकतंत्र को मज़बूत नहीं, कमज़ोर करता है। कर्तव्य की अवधारणा अक्सर अधिकारों के शोर में दब जाती है, जबकि वास्तव में वही लोकतंत्र की नींव है। मतदान करना, कानून का पालन करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, सामाजिक सद्भाव बनाए रखना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, ये केवल संवैधानिक शब्द नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन की अनिवार्य शर्तें हैं। जब नागरिक अपने कर्तव्यों को गंभीरता से लेते हैं, तब राज्य को कठोर होने की आवश्यकता नहीं पड़ती। और जब नागरिक अपने दायित्वों से विमुख हो जाते हैं, तब सबसे अच्छे कानून भी निष्प्रभावी हो जाते हैं।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
No./971/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 30.01.2026

NOTICE INVITING TENDER No. 370/MTN/2026 (BW)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.
- SSR Applicable; - SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.

1. Table-1; Name of Work : Post 5 Year Maintenance (BW)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Ratlam | 1 | 5303000.00 |
| 2 | Satna | 1 | 4790000.00 |

1. Table-2; Name of Work : Post 10 Year Maintenance (BW)

| S.No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Ratlam | 1 | 13093000.00 |
| 2 | Satna | 1 | 4848000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above **website from 04.02.2026 from 17:30 hrs. and last date for online bid submission is 25.02.2026 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/124244/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (Admin./Tender)
"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./954/22/D-12/MPRRDA/2026 Bhopal, Dated : 30.01.2026

NOTICE INVITING TENDER EL-93

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal https://www.mptenders.gov.in. Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | Damoh | 2 | 1877917.00 |
| 2 | Jabalpur | 1 | 403169.00 |
| 3 | Khandwa | 1 | 6180680.00 |
| 4 | Narmadapuram | 2 | 2124371.00 |
| 5 | Sidhi | 3 | 1738746.00 |
| 6 | Ujjain | 1 | 2516773.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **02.02.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **23.02.2026 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/124235/2026 CHIEF GENERAL MANAGER (Admin/Tender)
"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

ई-ऑफर की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल www.mphousing.in पर उपलब्ध।

यथा स्थिति आवासीय भवन, भूखण्ड शारदा नगर कॉलोनी घूरडांग, नामतारा नागौद जिला सतना में व्यावसायिक एवं आवासीय भूखण्ड, उमराही विहारीराम अमरपाटन में व्यावसायिक भूखण्ड एवं बांधवगढ़ कॉलोनी में फ्लैट क्रय करने का सुनहरा अवसर

ई-ऑफर दिनांक 23.03.2026 रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित।

| क्र. | संपत्ति का प्रकार | संपत्ति का क्रमांक | भवनों की संख्या | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन का क्षेत्रफल (व.मी.) | अपसेट मूल्य (प्रति संपत्ति/रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/ जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एल.आई.जी. भूखण्ड शारदानगर कॉलोनी घूरडांग सतना | 37, 39 | 02 नग | 90.00 | - | 8.99 से 8.99 तक | 1.80 से 1.80 तक | 1180/- |
| 2. | व्यावसायिक भूखण्ड अमरपाटन जिला मैहर | व्यावसायिक भूखण्ड | 1 | 1797.25 | - | 219.94 | 32.99 | 1770/- |
| 3. | भूखण्ड नामतारा नागौद जिला सतना एम.आई.जी. भूखण्ड | 19, 20, 21, 22, 61, 62, 63, 64, 65 | 09 नग | 60.24 से 103.84 तक | - | 6.95 से 11.44 तक | 1.39 से 2.29 तक | 1180/- |
| | एल.आई.जी. भूखण्ड नागौद | 14, 15, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 58, 59, 60, 68 | 35 नग | 70.65 से 157.30 तक | - | 8.02 से 16.90 तक | 1.60 से 3.38 तक | 1180/- |
| 4. | व्यावसायिक भूखण्ड नामतारा नागौद | व्यावसायिक भूखण्ड | 01 नग | 797.90 | - | 143.86 | 21.58 | 1770/- |
| 5. | युक्तियुक्तकरण योजनान्तर्गत शारदानगर कॉलोनी घूरडांग सतना 100 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 7, 8, 45, 46, 47, 49, 78, 79, 81, 82, 83, 84, 85, 87, 88, 89, 90, 91, 109, 110, 116, 118, 119, 120, 123, 124, 152 | 27 नग | 31.23 से 37.00 तक | 21.45 | 5.94 से 6.53 तक | 1.19 से 1.31 तक | 590/- |
| 6. | युक्तियुक्तकरण योजनान्तर्गत बांधवगढ़ कॉलोनी सतना में फ्लैट | ए-टाइप प्रथम तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप द्वितीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | ए-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 100.00 | 30.39 | 6.08 | 1180/- |
| | | बी-टाइप प्रथम तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप तृतीय तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |
| | | बी-टाइप चतुर्थ तल | 1 नग | - | 92.50 | 28.25 | 5.65 | 1180/- |

**नियम एवं शर्तें :-** (1) आवेदन एवं धरोहर राशि ONLINE/RTGS के माध्यम से जमा होगी। (2) रजिस्टर्ड मोबाइल पर BID-ID प्राप्त होगी। (3) संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध, अत: ऑफर प्रस्तुत करने से पूर्व संपत्ति का अवलोकन कर लें। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौत्रा कर शेष राशि वापिस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। (4) मण्डल/शासन के नियम एवं शर्तें लागू। (5) विस्तृत शर्तें एवं नियम विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध।

(1) आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 23.03.2026 (2) ऑफर BID डालने की अंतिम तिथि 25.03.2026 शाम 5.00 बजे।
(3) ऑफर दिनांक 26.03.2026 को दोपहर 3.00 बजे खोला जावेगा।

**संपर्क :- मनोज कुमार द्विवेदी (संपदा अधिकारी) मो. 9131194716, कार्तिकेय पाठक (उपयंत्री) मो. 9630317183,, आर.के. विश्वकर्मा (संपदा प्रबंधक) मो. 9424318175, MP ONLINE HELP DESK 0755-6720200**

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in
म.प्र. माध्यम/124219/2026

# खेल में कोई भेदभाव नहीं होता, सब मिलकर जीतने के लिए खेलते हैं : राजमणि पटेल



## अमर शहीद रघुनाथ द्विवेदी कबड्डी प्रतियोगिता, श्रीनिवास तिवारी स्मृति प्रसंग का हुआ भव्य शुभारंभ

**जवा ब्यूरो।** तीन दिवसीय अमर शहीद रघुनाथ द्विवेदी कबड्डी प्रतियोगिता और श्रीनिवास तिवारी स्मृति प्रसंग का भव्य शुभारंभ श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी हायर सेकंडरी स्कूल नगवां भव्यता के साथ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजमणि पटेल पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन, अध्यक्षता प्रो.पी सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी बृजेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जनपद अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जोखूलाल आदिवासी रहे। आयोजन में सर्व प्रथम अतिथियों ने अमर शहीद रघुनाथ द्विवेदी और श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा में दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया, इसके पश्चात् अतिथियों का पुष्पप्रतीक लगाकर माल्यार्पण कर सम्मान किया गया, अतिथियों ने दो श्वेत कबूतरों को शांति का संदेश देकर असमान की तरफ छोड़ा गया, इस दौरान जमकर आतिशबाजी के साथ अमर शहीद रघुनाथ द्विवेदी और श्रीनिवास तिवारी अमर रहें के नारे से पूरा विद्यालय परिसर गुंजायमान हो रहा था, अतिथियों द्वारा मशाल जलाकर खेल की भावना की शपथ दिलाई गई, उसके बाद मुख्य अतिथि ने खेल का ध्वजारोहण कर आयोजन के शुभारंभ की घोषणा की। स्वागत भाषण आयोजक सचिव शिवबालक पाण्डेय ने दिया, विद्यालय के छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य एवं संगीत के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि राजमणि पटेल ने अपने कहा कि यह आयोजन दो महान विभूतियों के नाम से समर्पित है, एक जो देश कि सेवा करते हुए शहीद हुए और दूसरे वें राजनीति में समाजसेवा करते हुए जो हम सब के प्रेरणादाई है। खेल में कोई भेद-भाव नहीं होता, सब मिलकर जीतने के लिए खेलते हैं। एकजुटता से ही सफलता मिलती है। उन्होंने आयोजन समिति और आए हुए समस्त लोगों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। अन्य अतिथियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी, अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कबड्डी खेल का आनंद लिया गया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान डाक्टर अरुणेंद्र शेखर मिश्रा, हीरामणि त्रिपाठी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सितलहा, शहीद के पिता मेजर रामसुमिरन द्विवेदी, राम प्रभाव विश्वकर्मा, धानेन्द्र द्विवेदी सरपंच, जियामुद्दीन खान धानेन्द्र पाण्डेय, अनिल पटेल, जयदीप सिंह, हरगोपाल सिंह, देवेन्द्र मिश्र, ललन मिश्रा, ऋषिराज द्विवेदी, सुशील पाठक, हरीश द्विवेदी, प्राचार्य औंकार प्रसाद द्विवेदी, डायरेक्टर दिनेश द्विवेदी, प्रभाकर पटेल, शिवप्रसाद पटेल, बालेन्द्र मिश्रा, विधान सिंह, महेश्वरी प्रसाद मिश्रा नीरज तिवारी, जगदीशवरी तिवारी, नीरज पाण्डेय, शिव गणेश पाण्डेय, जगदीश प्रसाद पाण्डेय, गया प्रसाद विश्वकर्मा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कॅरियर मेले में दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

## रायपुर कर्चुलियान के कन्या विद्यालय में हुआ आयोजन




**आंचलिक डेस्क।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर कर्चुलियान में पांच दिवसीय करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग का शुभारंभ किया गया। करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक व्यवसायिक कौशल आधारित भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन एवं शासकीय सेवाओं से संबंधित करियर विकल्पों की जानकारी प्रदाय किया जाना है। निर्धारित कार्य योजना अनुसार प्रथम दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर प्रसाद मिश्र जी द्वारा किया गया। नोडल शिक्षक अरुण कुमार तिवारी ने करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग की पांच दिवसीय विस्तृत कार्य योजना की जानकारी साझा कर कैरियर मार्गदर्शन के संबंध में सभी आवश्यक जानकारी एवं सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। उद्घाटन सत्र के अवसर पर प्राचार्य चंद्रशेखर प्रसाद मिश्र द्वारा कॅरियर एवं शिक्षा पर सारगर्भित उद्बोधन एवं सफल आयोजन हेतु मार्गदर्शन एवं सुझाव दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड कॅरियर काउंसलर पायल पटेल ने छात्राओं से कैरियर के संबंध में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ उठाने का आग्रह किया। मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर प्रियंका सिंह द्वारा विद्यार्थियों को अध्ययन के दौरान मानसिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त रहते हुए सपनों की उड़ान भरकर लक्ष्य प्राप्ति हेतु सजग रहने आगाह किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद सिंह द्वारा इस कार्यक्रम का लाभ लेकर सशक्त जानकारी के साथ आगे बढ़ाने हेतु छात्राओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक राकेश कुमार साकेत द्वारा करियर एवं शिक्षा, विषय चयन के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन में नोडल शिक्षक अरुण कुमार तिवारी द्वारा उद्घाटन सत्र के अवसर पर उपस्थित प्राचार्य एवं सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित कर आगामी दिवस में भी मार्गदर्शन एवं सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य चंद्रशेखर प्रसाद मिश्र, विनोद सिंह, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर प्रियंका सिंह, करियर काउंसलर पायल पटेल, राकेश कुमार साकेत एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

# कलेक्टर ने राहत प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

**मऊगंज ब्यूरो।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत अत्याचार निवारण अधिनियम में दर्ज प्रकरणों में पीड़ितों को राहत राशि दी जाती है। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने राहत प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लंबित प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करके पीड़ितों को राहत राशि उपलब्ध कराएं। पुलिस अधिकारी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की जानकारी तत्काल जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराएं। जिन प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उनकी जानकारी टीएल बैठक में प्रस्तुत करें। पीड़ितों को हर संभव सहायता देने का प्रयास करें। जिले के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में जागरुकता शिविर लगाकर आमजनता को शासन की योजनाओं की जानकारी दें। बैठक में जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि राहत राशि के 42 प्रकरण मंजूर किए गए हैं। इनके लिए बजट की मांग की गई है। आवंटन प्राप्त होते ही इनका भुगतान कराया जाएगा। राहत राशि के निराकरण की जानकारी एमपीटास पोर्टल पर भी दर्ज की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने दर्ज प्रकरणों की थानेवार जानकारी दी। बैठक में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा ने नशा मुक्त भारत बनाने दिलाया संकल्प

**मऊगंज ब्यूरो।** ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम के अंतर्गत नवांकुर संस्था- ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा द्वारा वृहद कार्यक्रम का आयोजन 26 जनवरी को किया गया। इस दौरान नशे से होने वाली आर्थिक एवं मानसिक हानियों पर विस्तार से स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया एवं जैविक खेती पर जोर देने की बात कही गई। साथ ही स्वच्छता पर जोर दिया गया जिससे बीमारियों से बचाव हो, सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं को भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरांव के सचिव मनोज तिवारी ने किया एवं आभार नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा के सचिव मदन लाल कुशवाहा ने किया । कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी पूजा अर्चना करके स्वामी विवेकानंद जी, भारत माता,और अन्य महापुरुषों के छायाचित्र पर धूप- दीप व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि भैया लाल कोल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच व जनपद सदस्य सुरेश कुमार त्रिपाठी रहे। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को नवांकुर संस्था द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान रैली, श्रमदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशामुक्ति गीत व शपथ आदि कराया गया जिसमें नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पटेहरा से अध्यक्ष श्री निवास पटेल, सचिव मदन लाल कुशवाहा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरांव से अध्यक्ष केमला प्रसाद पटेल, सचिव मनोज तिवारी व परामर्शदाता नागेन्द्र मिश्रा व बी.एस. डब्ल्यू एवं एम. एस. डब्ल्यू. के छात्र तथा पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरांव के छात्र/ छात्राएं व विद्यालयीन स्टाफ तथा ग्रामीण जन व वरिष्ठ नागरिक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जनों को स्वल्पाहार भी कराया गया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस की संगोष्ठी हुई आयोजित

**सिरमौर, नि.प्र.।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरमौर के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद शुक्ला के अध्यक्षता एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धनाथ पांडेय के अध्यक्षता में विश्राम गृह सिरमौर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित की गई । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राष्ट्रपिता के कृतित्व व व्यक्तित्व पर मुख्य अतिथि विष्णु शुक्ला द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। श्री शुक्ला ने संगठन के विस्तार के साथ सभी को पार्टी के नीति के अनुसार काम करने के लिए कहा। अध्यक्षता कर रहे सिद्धनाथ पांडेय सहित मंडलम सिरमौर अध्यक्ष हीरामणि मिश्रा, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष बृजेश पांडे, सेक्टर अध्यक्ष सुशील चंद्र गुप्ता, संगठन मंत्री शारदा सोनी, सुरेश पाठक, अमृतांश तिवारी कांग्रेस, चक्रपाणि त्रिपाठी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने विचार व्यक्त किए । संगोष्ठी में पूर्व जिला महामंत्री राम शखा पांडे, मंडलम अध्यक्ष मुजीब खान, अशोक पांडे, प्रदीप दीपू द्विवेदी ,राजेंद्र द्विवेदी, मनीष मिश्रा, नंदू सोनी, श्रीकांत मिश्रा रिमारी, देवव्रत द्विवेदी, अमन, अमरेश पांडे, मंडलम अध्यक्ष अनिल द्विवेदी , सेक्टर अध्यक्ष दिलीप सिंह, पंचनाथ द्विवेदी, कमलेश कुशवाहा, सेक्टर अध्यक्ष रामकृष्ण गौतम, रवि गुप्ता, सेक्टर अध्यक्ष अंशुमान मिश्रा, सुखलाल प्रजापति, संतोष प्रजापति, सुरेश उरमालिया, मुस्ताक खान, धीरेंद्र पांडे, सुनील कुमार नामदेव, नागेश्वर सिंह, बांकेलाल शुक्ला, रामकरण मिश्रा, राजकुमार नामदेव, उदय प्रकाश पांडे, रामनरेश दयाल, सेक्टर अध्यक्ष रज्जाक खान सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश पांडेय के द्वारा किया गया।



# दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता का किया गया पुण्य स्मरण

**मऊगंज ब्यूरो।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को मऊगंज जिले में शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों का नमन किया गया। मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ-साथ अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीदों का पुण्य स्मरण किया।

## न्यूज कार्नर

### विंध्य वैली स्कूल में आज होगा वार्षिकोत्सव

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना स्थल के सामने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विंध्य वैली स्कूल प्रांगण में वार्षिक उत्सव समारोह का कार्यक्रम 31 जनवरी दिन शनिवार को 3:00 बजे से होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मऊगंज पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव सुखेंद्र सिंह बन्ना, विशिष्ट अतिथि रुक्मणी रमन शुक्ला प्राचार्य सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय, हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र मिश्रा, बीआरसी लक्ष्मण धर द्विवेदी के साथ कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉक्टर नवल किशोर मिश्रा करेंगे। प्रवक्ता विधि संकाय काशी विश्वविद्यालय वाराणसी होंगे। इसी कार्यक्रम में विंध्य वैली स्कूल के संचालक द्वारा अपील किया गया है कि नगर के एवं ग्रामीण सभी लोगों इस स्कूल के वार्षिक उत्सव में आपकी गरिमामयी उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन करेगी।

### डॉ विनोद सिंह को मिला केंद्रीय रेशम बोर्ड के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक का पुरस्कार



**त्योंथर ब्यूरो।** त्योंथर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसिया निवासी एडवोकेट महेंद्र सिंह के सुपुत्र डॉ विनोद सिंह जो वर्तमान में केंद्रीय रेशम बोर्ड में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर पदस्थ हैं, उन्हें 77वे गणतंत्र दिवस पर बैंगलोर में सदस्य सचिव केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक का पुरस्कार दिया गया है। डॉ विनोद सिंह ने सफलता का श्रेय अपने पिता एड महेंद्र सिंह एवं माता राजकुमारी सिंह साथ साथ अपनी पत्नी स्मिता सिंह और बाबा स्वर्गीय रामगोपाल सिंह और बड़े पिता वीरेंद्र प्रताप सिंह को दिया है, उनके पिता महेंद्र प्रताप सिंह और माता राजकुमारी सिंह ने अपने पुत्र की सफलता पर खुशी व्यक्त की और परसिया गांव के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। उनकी इस सफलता की खबर मिलते ही क्षेत्र से बधाईयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार मधुकर द्विवेदी, पत्रकार शास्त्री प्रसाद मिश्रा, कांग्रेसी नेता रमाशंकर सिंह, कांग्रेस नेता कमांडो अरूण कुमार गौतम, अशोक कुमार मिश्रा चंदई, डॉ आर पी गौतम, शिव बहादुर सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने दी है।

### शिक्षक बंशरूप विश्वकर्मा हुए सेवानिवृत्त

**चाकघाट, नि.प्र.।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाकघाट से विगत 31 दिसंबर 2025 को बंशरूप विश्वकर्मा सेवानिवृत हुए । इस विद्यालय में विगत सत्र 2006 से उन्होंने 31 दिसंबर 2025 तक अपनी सेवा प्रदत की। श्री विश्वकर्मा चाकघाट में कार्यालय प्रमुख (लिपिक) के पद पर अपनी सेवा संस्था में दे रहे थे। उनके सेवानिवृत्त अवसर पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया, और उन्हें प्राचार्य श्री राजेश एवं समिति पदाधिकारी द्वारा श्रीफल, रामचरितमानस,एवं अंग वस्त्र प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को भी कक्षा 11वीं के छात्रों ने विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की ।

### राकेश यादव बने समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी



**हनुमना, नि.प्र.।** समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव राकेश यादव को नवगठित मऊगंज जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि राकेश यादव को यह बड़ी जिम्मेदारी उनके पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष दोनों के साथ उनके सीधे समन्वय का लाभ मऊगंज के कार्यकर्ताओं को मिलेगा। सभी शुभचिंतकों ने सपा जिला प्रभारी बनाए जाने पर बधाइयां दी है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक ने स्कूल परिसर में कराया मां सरस्वती मंदिर का निर्माण



## नव निर्मित मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**सोहागी, नि.प्र.।** सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक शिक्षक द्वारा स्कूल में माँ सरस्वती का मंदिर बनवाना और प्राण प्रतिष्ठा करना, शिक्षा के प्रति समर्पण और यादगार विरासत छोड़ने की एक अनूठी पहल है। पीएम श्री हाई स्कूल सोहागी में पदस्थ शिक्षक ने शिक्षा की अलख जगाने के साथ -साथ इसी तरह अपनी सेवा समाप्ति से पहले करीब 7 लाख की लागत से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कराकर सराहनीय कार्य कर लोगों के बीच चर्चा में बने हुए हैं। विद्यालय परिसर स्थित नव निर्मित मंदिर में शुक्रवार को मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पूर्वक हुआ। इस अवसर पर विद्वान पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूजा अर्चना करा कर सरस्वती माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य यज्ञी के रूप में शिक्षक रामायण प्रसाद मांझी पिता जयलाल मांझी व इंद्रकली मांझी थे। इसके पूर्व शुक्रवार को मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। पीएम श्री हाई स्कूल सोहागी के स्कूल प्राचार्य अमित सिंह के नेतृत्व में विद्यालय परिवार के सदस्यों और ग्रामीण जनों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सेवा निवृत्त शिक्षक ने बताया कि विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान यह विचार उनके मन में आया। इस शुभ कार्य करने का मन बनाया कि विद्या के मंदिर में विद्या की देवी की प्रतिमा होनी चाहिए। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे और पढ़ाने वाले शिक्षक अपने पूरे मनोयोग से शिक्षण कार्य में लगकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने में सक्षम हो पाएं। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच शेषमणि मिश्रा, रोहिणी प्रसाद मिश्रा, विनय सिंह, वीरेंद्र सिंह, योगेन्द्र यादव, अनुराग शर्मा, प्रवीण दिवाकर शुक्ला, यशवंत सिंह, करुणा शंकर चतुर्वेदी,संजय सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, ग्रामीण जन व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# शासकीय मॉडल विद्यालय सहिजवार में आनंद उत्सव कार्यक्रम का भव्य समापन



## त्योंथर विधायक रहे मुख्य अतिथि

**त्यौंथर ब्यूरो/कटरा, नि.प्र./ सोहागी, नि.प्र.।** म.प्र. शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा आनंद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायतों में परंपरागत खेलों और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आयोजित आनंद उत्सव का विकासखंड स्तरीय समापन शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी विद्यालय, सहिजवार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज उपस्थित रहे। क्लस्टर स्तर पर 16 से 27 जनवरी तक चले सफल आयोजनों के बाद, विकासखंड स्तर पर 28 जनवरी को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं और 29 जनवरी 2026 को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस उत्सव में बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे ग्रामीण परिवेश आनंद के रंगों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने विजेताओं को पुरस्कृत किया । इस अवसर परजनपद अध्यक्ष मीनू आदिवासी, उपाध्यक्ष अंजना सिंह, विद्या सागर शुक्ला, घनश्याम यादव, संवेद शर्मा राजकुमार मिश्रा, बबलू जनपद सीईओ प्रवीण बसोद बीईओ नागेश्वर शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग सम्मलित हुए।

# वारसी मियां बाबा की दरगाह मऊगंज में 77वें गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

**मऊगंज ब्यूरो।** वारसी मियां बाबा की दरगाह मऊगंज के सज्जादा नशीन मोहम्मद अली वारसी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहरा कर राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके एडवोकेट राम प्रताप शर्मा, पूर्व सीएमओ अरूण श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद पप्पू चौरसिया, एडवोकेट ममनून सिद्दीकी, सरताज वारसी, वार्ड नं 5 पार्षद अन्नू खान ,मकसूद खान, लाल बाबू, ललई मौलवी साहब, लकी वारसी, लाल सोनी, शुभम् गुप्ता, बाबू लाल चिकवा, मौलाना आरिफ सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 खेल भावना एवं उत्कृष्टता के लिए किया जाएगा याद



**गढ़, नि.प्र.।** नवयुवा संगठन समिति पड़ुआ द्वारा बाँस पंचायत में आयोजित पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 के फाइनल मुकाबले में लौरी पंचायत एवं मझिगवां पंचायत की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल के माध्यम से युवाओं में एकता, अनुशासन, आपसी भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिसका सजीव उदाहरण इस आयोजन में देखने को मिला। सफल आयोजन के लिए संयोजक मुकेश तिवारी, प्रदीप तिवारी एवं नवयुवा संगठन समिति के समस्त सदस्यों को बधाइयां दी गई। इस अवसर पर श्री कमलेश पटेल (सरपंच, बाँस), रामसजीवन गौतम, रामविलास शर्मा, रोहित चतुर्वेदी एवं अन्य गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# उपार्जित धान को बारिश से बचाने के समुचित उपाय करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने पन्नी समिति का किया निरीक्षण



**मऊगंज ब्यूरो।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने हनुमना जनपद के उपार्जन केन्द्र देवरा पटेरा में धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उपार्जित धान के परिवहन, भण्डारण आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि धान का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करें। किसानों को समय पर उनके द्वारा खरीदी गई धान की राशि का भुगतान कराएं। उन्होंने समिति प्रबंधक को निर्देश दिए कि उपार्जित धान को बारिश से बचाने के तत्काल समुचित उपाय करें। धान को नमी से बचाने के लिए पन्नी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। उपार्जित धान बारिश से खराब न हो अन्यथा संबंधित व्यक्ति के वेतन से हानि की वसूली की जाएगी। समिति प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि समिति द्वारा 37 हजार 700 क्विंटल धान का में किया गया है, जिसमें से 25 हजार क्विंटल का परिवहन किया गया है और 12 हजार 700 क्विंटल धान परिवहन के लिए शेष है। धान के परिवहन के लिए ट्रक नहीं आने के कारण इसमें देरी हो रही है। कलेक्टर ने मौके पर परिवहनकर्ता को तत्काल ट्रक भेजने और धान परिवहन कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में कलेक्टर ने पन्नी समिति का निरीक्षण किया तथा उपार्जित धान के समुचित परिवहन व भण्डारण के निर्देश दिये।

## बीएलबीसी बैठकों की तिथियां निर्धारित

**रीवा।** विकासखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली बीएलबीसी बैठकों की तिथियाँ निर्धारित कर दी गयी हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान में 2 फरवरी को, सिरमौर में 3 फरवरी को, जवा में 4 फरवरी को, गंगेव में 9 फरवरी को, रीवा में 10 फरवरी को तथा त्योंथर में 11 फरवरी को बीएलबीसी बैठक होंगी।

## ओबीसी महासभा का ज्ञापन-प्रदर्शन आज

**रीवा।** ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष छोटेलाल रजक ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि ओबीसी महासभा द्वारा यूजीसी बिल के समर्थन तथा जाति जनगणना के फॉर्मेट में जाति का कलाम जोड़े जाने की मांग को लेकर आज 31 जनवरी को देशव्यापी ज्ञापन-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

# नहीं सुनी पुलिस, 13वें दिन नदी में मिली लापता युवती की लाश

### पिता चिल्ला- चिल्ला कर कहता रहा बेटी का अपहरण हुआ है, आरोपी के नाम भी बताये लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की



जागरण, रीवा

मनगवां थाने से महज 7 किमी दूरी पर स्थित तिवनी चौथियान टोला निवासी एक पिता चिल्ला-चिल्लाकर कहता रहा कि उसकी बेटी का अपहरण हुआ, आरोपी का नाम भी बताया लेकिन वाह रे मोहन सरकार की मनगवां पुलिस एक भी नहीं सुनी। मामले को गुमसुदगी में डाल दिया। अब 13वें दिन वहीं सेंगरी नदी में लापता यवुती का शव मिला है। लापता युवती का शव मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान तिवनी चौथियान टोला से लापता हुई 18 वर्षीय युवती प्रीति तिवारी के रूप में की गई है। मामले में मृतक युवती के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए गांव के ही युवकों पर संदेह जताया है। फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया है। घटना के संबंध में मृतका के पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी को उनकी 18 वर्षीय पुत्री रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। पिता के मुताबिक उनके द्वारा घटना के दूसरे दिन ही मनगवां थाने पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने न तो मामले की गंभीरता से लिया और न ही उनकी पुत्री की खोजबीन की गई। घटना के 13 दिन बाद लापता युवती का शव गांव में ही नदी में मिलने के बाद पीड़ित पिता ने सीधे तौर पर हत्या का आरोप लगाते हुए गांव के ही युवकों पर संदेह जाहिर करते हुए कार्यवाही की मांग की है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि युवती के गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज थी और उसकी पता तलाश भी की, जिसके बाद नदी में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। पूरी घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि युवती की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है, यह साफ नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा और आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311


# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया छात्र सिलपरा नहर में डूबा

### बिछिया थाना क्षेत्र की घटना, शव बरामद



**जागरण, रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलपरा नहर घूमने निकले तीन छात्रों में एक छात्र की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार को उस वक्त हुई जब नहर में घूमने गए एक छात्र का चश्मा पानी में जा गिरा, जिसे निकालने के प्रयास में छात्र का पैर फिसल गया और वह नहर में समा गया। घटना के दौरान साथी छात्रों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह उसे बचा न सके और देखते ही देखते छात्र नहर के गहरे पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नहर में डूबे छात्र की तलाश शुरू की। मिली जानकारी के मुताबिक ज्ञानस्थली स्कूल में पढ़ने वाले बजरंग नगर निवासी 16 वर्षीय श्रेयश कुशवाहा पिता राकेश कुशवाहा की सिलपरा नहर में डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने छात्र के शव को रेस्क्यू कर नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि ज्ञानस्थली स्कूल में पढ़ने वाले तीन छात्र घूमने के लिए सिलपरा नहर पहुंचे थे , जहां एक छात्रा श्रेयश कुशवाहा का चश्मा नहर में गिर जाने के बाद वह उसे निकालने का प्रयास कर रहा था, इस बीच पैर फिसलने से छात्र नहर में जा समाया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद दूसरे छात्र ने पानी में उतरकर उसे बचाने का प्रयास किया और उसे किनारे तक लेकर भी आया, लेकिन नहर के दोनों और फिसलन होने के कारण वह उसे बाहर निकालने में असफल रहा और देखते ही देखते एक छात्र गहरे पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम की मदद से रेस्क्यू शुरू कर छात्र की तलाश शुरू की, जिसके बाद उसके शव को नहर से बरामद कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

# प्रेमिका के साथ फरार हुआ पति, पत्नी ने मारपीट व प्रताड़ना का लगाया आरोप



**जागरण, रीवा।** सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पारिवारिक विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर मारपीट और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला समान थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि उसकी शादी कुछ दिन पहले हुई है। शादी के कुछ ही समय बाद पति द्वारा शराब के नशे में आए दिन मारपीट शुरू हो गई। महिला का आरोप है कि पति के साथ-साथ ससुराल पक्ष के लोग भी उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता का कहना है कि कई बार उसके मासूम बच्चों के सामने भी उसके साथ मारपीट की गई। हालात इतने बिगड़ गए कि उसे बच्चों सहित घर से बाहर निकाल दिया गया। मजबूरन वह फिलहाल मायके में रह रही है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसका पति दूसरी लड़की को लेकर फरार हो गया है। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले थाना स्तर पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**समान थाना क्षेत्र का मामला**

# पीके स्कूल परिसर में छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप



**जागरण, रीवा।** शहर के पीके स्कूल परिसर में घुसकर छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक शख्स छात्र का पीछा करते हुए स्कूल परिसर में जा घुसा, जहां छात्रा ने शोर मचा कर स्कूल के स्टाफ को एकत्रित कर लिया। हालांकि घटना के दौरान छात्रा का पीछा कर रहा युवक अपनी बाइक छोड़कर मौके से भाग खड़ा हुआ, लेकिन जब वह वापस बाइक देने लौटा तो उसे स्कूल के ही कर्मचारियों ने पकड़ लिया। छात्रा का एक ओर जहां आरोप है कि यह शख्स बीते 3 माह से उसका स्कूल आते जाते वक्त पीछा कर रहा था, तो वहीं पकड़े गए शख्स ने अपने ऊपर लगे आरोपों से साफ इंकार कर दिया और छात्रा को पहचानने से इंकार कर दिया है। बता दें कि जिस शख्स पर छात्रा के साथ छेड़खानी का आरोप है, वह पुलिस की डायल हंड्रेड का पूर्व चालक भी बताया गया है। फिलहाल स्कूल परिसर में हुई इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रा के परिजनों को भी बुलाया गया। दरअसल शहर के सिरमौर चौराहे में स्थित पीके स्कूल में दोपहर लंच के दौरान कक्षा नौवीं की छात्रा ने शोर मचाते हुए एक शख्स पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया। स्कूल स्टाफ द्वारा बताया गया कि छात्रा के शोर मचाने पर जब शख्स को पकड़ने की कोशिश की गई तो वह मौके से अपनी बाइक छोड़कर भाग खड़ा हुआ और जब दोबारा वह वापस बाइक लेने आया तो स्कूल स्टाफ में उसे पकड़ लिया। छात्रा का आरोप था कि पकड़ा गया शख्स बीते तीन महीने से स्कूल और कोचिंग आते-जाते वक्त पीछा कर रहा था। फिलहाल स्कूल स्टाफ द्वारा दी गई सूचना के बाद छात्रा के परिजन भी स्कूल पहुंचे और उनके द्वारा कार्रवाई की मांग की गई है।

**पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की जांच**

# गौवंश की तस्करी करते तीन वाहन पकड़ाए, पुलिस कर रही मामले की जांच

**जागरण, रीवा।** मऊगंज के लौर थाना क्षेत्र में ग्रामीणों ने गौवंश की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इलाके से गौवंश की तस्करी कर ले जाए जा रहे गौवंशों से भरे तीन पिकअप वाहनों को पकड़ा है जिसमें 30 गौवंश बरामद किए गए। फिलहाल ग्रामीणों ने पकड़े गए वाहन सहित गौवंश को लौर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है, जिस पर पुलिस वाहनों के चालकों से पूछताछ कर कार्यवाही करने की बात कर रही है। बताया गया कि ग्रामीणों के द्वारा गुरुवार की देर शाम पानिगवां मोड़ के पास गौवंश से भरे तीन पिकअप वाहनों को पकड़ा गया था। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को जब्त कर जब वाहन की तलाशी ली तो उनमें लगभग 30 गौवंश बरामद किए गए। पुलिस ने वाहनों के चालकों से वाहनों में लोड गौवंश के संबंध में जब दस्तावेज मांगे तो उनके द्वारा जो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए वह संतोषजनक नहीं मिले। बताया गया कि तीनों वाहनों में 30 गौवंश को अमानवीय तरीके से ठूसठूस कर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने फिलहाल सभी वाहनों को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कराया है और उनमें लोड गौवंश को गौशाला में मुक्त कराया गया। फिलहाल पुलिस अब चालकों से पूछताछ कर मामले में गौवंश संरक्षण अधिनियम साहित्य अन्य धाराओं में वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही है।


मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
अब आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
उपलब्ध विभाग
हड्डी रोग (आर्थोपेडिक्स)
प्लास्टिक एवं रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी
कैंसर रोग एवं कीमोथैरेपी
जनरल मेडिसिन
जनरल सर्जरी
यूरोलॉजी
पीडियाट्रिक
पॉलीट्रामा
पल्मोनरी
मेडिसिन
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें: 07662-314775,7771000668

विंध्य के वरिष्ठ डॉक्टर
डॉ प्रदीप निगम
MD, DrNB (गैस्ट्रो)
पेट, लीवर, पित, आंत पैंक्रियाज एवं डायबिटीज रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधा
एंडोस्कोपी
कोलोनोस्कोपी
फाइब्रोस्केन
ERCP
Call Now 8770352872,7566926696
पता -बाल भारती स्कूल के सामने, समदड़िया गोल्ड सिरमौर चौराहा रीवा

डॉ. बीरभान सिंह
एम.डी. (मेडिसिन)
DrNB (न्यूरोलॉजी) पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक
कंसल्टेन्ट न्यूरोलॉजिस्ट
पता: श्रवण कुमारी स्कूल के पास, गुड़ रोड चिरहुला, रीवा (म.प्र.) मो. 7869516171

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
8 फरवरी, रविवार
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित
सुबह 10 बजे 2 बजे तक
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433, 9981287311

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250









जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com